

web: www.rashtriyakhabar.com
अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 330
epaper.rashtriyakhabar.com
मार्गशीर्ष, कृष्णपक्ष नवमी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

प्रायेण श्रीमतां लोके भोक्तुं शक्तिर्न विद्यते।
जीर्यन्त्यपि हि काष्ठानि दरिद्राणां महीपते॥

भावार्थ : क्योंकि हे महिपति! प्रायः धनवानों में भोजन पचाने की शक्ति नहीं होती, परंतु दरिद्र के पेट में भोजन के विकल्प में डाला गया काष्ठ भी पच जाता है।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
| --- | --- |
| 26.00 °c | 16.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 17.02 बजे
सूर्योदय (कल) » 06.15 बजे

## सेंसेक्स और निफ्टी सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर

**मुंबई:** विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली थमने और चार में से तीन राज्य विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विजय से यूटिलिटीज, पावर, सर्विसेज और कमोडिटीज समेत चौदह समूहों में साढ़े छह प्रतिशत की तेजी से आज सेंसेक्स और निफ्टी एक बार फिर सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 431.02 अंक अर्थात 0.63 प्रतिशत की छलांग लगाकर पहली बार 69 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 69,296.14 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 168.30 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,855.10 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर रहा। बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार दिग्गज कंपनियों के मुक़ाबले थोड़ी धीमी रही। इससे मिडकैप 0.14 प्रतिशत बढ़कर 35,049.27 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत उठकर 41,099.21 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3875 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1787 लाभ जबकि 1969 नुक़सान में रहे वहीं 119 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## आतंकवादी लखबीर सिंह रोडे की पाकिस्तान में मौत

**अमृतसर:** अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार ने मंगलवार को कहा कि जरनैल सिंह भिंडरावाले के भतीजे लखबीर सिंह रोडे की पाकिस्तान में मौत हो गयी है।लखबीर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) का सरगना बताया जाता था और वह भारत विरोधी गतिविधियों में सक्रिय इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन की भारतीय शाखा का भी मुखिया था। पूर्व जत्थेदार जसबीर सिंह रोडे ने मंगलवार को लखबीर की पाकिस्तान में मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि लखबीर की शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी। लखबीर लंबे समय से पाकिस्तान में रह रहा था।

## श्रमिकों की मौत पर गुजरात को मानवाधिकार का नोटिस

**नयी दिल्ली:** मानवाधिकार आयोग ने सूरत में एक रसायन उत्पादन फैक्ट्री में विस्फोट से सात श्रमिकों की मौत और अन्य कई के घायल होने के मामले में गुजरात सरकार को नोटिस भेजा है। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों के आधार पर कदम उठाते हुए 30 नवंबर को यह नोटिस जारी किया। आयोग ने खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा है कि ज्वलनशील रसायनों से भरे टैंक में कथित विस्फोट, प्रथम दृष्टया, फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से सरासर लापरवाही को दर्शाता है, जिसकी जांच की आवश्यकता है क्योंकि यह पीड़ित श्रमिकों के मानवधिकारों का उल्लंघन का मामला दिखता है। मानवाधिकार आयोग ने राज्य के अधिकारियों से इस मामले में दर्ज एफआईआर, पीड़ितों के चिकित्सा उपचार, मृत व्यक्तियों और घायलों के परिजनों को दिये गये मुआवजा आदि का ब्यौरा मांगा है।

## चंद्रयान-3 कक्षा से पृथ्वी पर लौटा

**चेन्नई:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को कहा कि देश के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 पर ले जाये गये प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) को चंद्र कक्षा से पृथ्वी पर लौट आये हैं। इसरो ने एक अपडेट में कहा कि एक और अनूठे प्रयोग में चंद्रमा की सतह पर, विक्रम लैंडर पर हॉप प्रयोग की तरह, चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) को चंद्रमा के चारों ओर एक कक्षा से पृथ्वी के चारों ओर एक कक्षा में ले जाया गया था। इस मिशन योजना को टकराव से बचने को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया। चंद्रयान-3 मिशन का प्राथमिक उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास सॉफ्ट लैंडिंग का प्रदर्शन करना, विक्रम और प्रज्ञान- लैंडर और रोवर पर उपकरणों का उपयोग करके प्रयोग करना था। उल्लेखनीय है कि अंतरिक्ष यान को 14 जुलाई, 2023 को एसडीएससी, एसएचएआर से एलवीएम3-एम4 वाहन से प्रक्षेपित किया गया था। 23 अगस्त को विक्रम लैंडर ने चंद्रमा पर अपनी ऐतिहासिक लैंडिंग की और उसके बाद प्रज्ञान रोवर को तैनात किया।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**सूचना** › राज्यसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री ने आर्थिक हालत की जानकारी दी

# एनपीए कम हो रहा मुनाफा कमा रहे हैं बैंक : सीतारमण

- देश के सभी बैंक फायदे में
- कर्ज वसूली में कड़ाई हो रही
- संपत्ति का केंद्रीकरण खतरनाक

राष्ट्रीय खबर



**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज राज्यसभा में जोर देकर कहा कि देश में बैंकों की गैर निष्पादित संपत्ति निरंतर कम हो रही है और सभी बैंक फायदे की स्थिति में है तथा देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। श्रीमती सीतारमण ने मंगलवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान तृणमूल कांग्रेस के जवाहर सरकार के पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार की नीतियों के कारण गैर निष्पादित संपत्ति यानी एनपीए निरंतर कम हो रहा है तथा बैंकों की स्थिति मजबूत हो रही है क्योंकि वे मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और जर्मनी सहित दुनिया के विभिन्न बड़े देशों के बैकों की हालत खस्ता हो रही है वहीं भारत में बैंक फल फूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के अनुसार वाणिज्यिक बैंकों की गैर निष्पादित संपत्ति 0.95 प्रतिशत पर तो सरकारी बैंकों की गैर निष्पादित संपत्ति 1.24 प्रतिशत तक आ गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के चलते कभी बुरी हालत में रही हमारी अर्थव्यवस्था अब तेज गति से बढ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दस वर्ष के शासनकाल में फोन बैंकिंग के कारण बैंकों की हालत चरमरा गयी थी। उस समय बैंकों के कामकाज में राजनीतिक हस्तक्षेप किया जाता था और लोगों को बिना जांच और प्रक्रिया के ही नियमों का उल्लंघन कर टेलिफोन के माध्यम से ऋण देने की सिफारिश की जाती थी। इससे बैंकों की व्यवस्था चरमरा गयी। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि जानबूझकर ऋण नहीं चुकाने वाले ढाई हजार से भी अधिक लोगों के खिलाफ व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि 13 हजार 978 खाताधारकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गयी है। सरफेसी अधिनियम के तहत भी 11 हजार 483 मामलों में कदम उठाये जा रहे हैं। सरकार की कार्रवाई के कारण 33 हजार 801 करोड़ रूपये की वसूली की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के लोगों के खिलाफ सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग निरंतर कड़े कदम उठा रही है। वित्त राज्य मंत्री भगवत कराड़ ने भी एक पूरक सवाल के जवाब में कहा कि दिवालिया प्रक्रिया से गुजरने वाली

» पेज 2 भी देखें

ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक आपदा न्यूनीकरण केंद्र के प्रमुख हेंड्रा गुनावान ने कहा

# ज्वालामुखी विस्फोट में 11 लोग मारे गये 12 लापता



राष्ट्रीय खबर

**जकार्ता:** इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट के बाद 11 शव बरामद किए गए और 12 पर्वतारोही अभी भी लापता हैं। ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक आपदा न्यूनीकरण केंद्र के प्रमुख हेंड्रा गुनावान ने कहा, मारापी 2011 के बाद से चार चेतावनी स्तरों में से तीसरे उच्चतम स्तर पर बना हुआ है, जो सामान्य ज्वालामुखीय गतिविधि से ऊपर का स्तर और चोटी के 3 किलोमीटर के भीतर पर्वतारोहियों या ग्रामीणों को प्रतिबंधित करने का संकेत देता है। माउंट मारापी ज्वालामुखी के भीषण विस्फोट के एक दिन बाद सोमवार को 11 पर्वतारोहियों के शव बरामद किए गए, जबकि इंडोनेशियाई बचाव दल स्पष्ट रूप से अभी भी लापता 12 पर्वतारोहियों की तलाश कर रहे हैं। केंद्र के प्रमुख हेंड्रा गुनावान ने कहा, मारापी 2011 के बाद से चार चेतावनी स्तरों में से तीसरे उच्चतम स्तर पर बना हुआ है, जो सामान्य ज्वालामुखीय गतिविधि से ऊपर का स्तर है।

गुनावान ने कहा, इसका मतलब है कि चोटी पर कोई चढ़ाई नहीं होनी चाहिए, उन्होंने कहा कि पर्वतारोहियों को केवल खतरे वाले क्षेत्र से नीचे जाने की अनुमति थी, लेकिन कभी-कभी उनमें से कई ने आगे चढ़ने की अपनी संतुष्टि को पूरा करने के लिए नियमों को तोड़ दिया। शनिवार को लगभग 75 पर्वतारोहियों ने लगभग 2,900 मीटर ऊंचे पहाड़ पर चढ़ना शुरू किया था और फंस गए थे। पश्चिम सुमात्रा प्रांतीय राजधानी पदांग में स्थानीय खोज और बचाव एजेंसी के एक अधिकारी हरि अगस्टियन ने कहा, रविवार को बचाए गए लोगों में से

» पेज 2 भी देखें

# एथिक्स कमेटी ने लोकसभा में महुआ पर रिपोर्ट नहीं सौंपी



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली :** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होने के बाद भी संसद की एथिक्स कमेटी सत्र के पहले दिन तृणमूल सांसद महुआ मैत्रा के खिलाफ जांच रिपोर्ट नहीं जमा की। सूत्रों के मुताबिक, महुआ को लेकर भाजपा ने फिलहाल सुस्त नीति अपनाई है। रिपोर्ट अगले गुरुवार को लोकसभा में पेश की जा सकती है। यह निर्णय क्यों लिया गया, इसे लेकर कई अटकलें हैं। सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को सत्र शुरू होने से पहले कांग्रेस की बैठक में आक्रामक रुख अपनाया गया। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर चौधरी ने पहले ही स्पीकर को पत्र लिखकर बताया था कि जिस तरह से एथिक्स कमेटी के फैसलों को सार्वजनिक किया जा रहा है, वह वांछनीय नहीं है। यह संसद के नियमों के भी खिलाफ है। नैतिकता समिति क्या जांच करती है, उसकी रिपोर्ट में क्या है या महुआ को दोषी पाए जाने पर वह क्या सजा देने की सिफारिश करती है, इसे गुप्त रखा जाना चाहिए। लेकिन रिश्वत के बदले सवाल के आरोप में महुआ के खिलाफ एथिक्स कमेटी की जांच रिपोर्ट अब छुपी नहीं है। यह पहले से ही पता था कि एथिक्स कमेटी ने महुआ को सांसद पद से बर्खास्त करने की सिफारिश की थी। सोमवार को कांग्रेस की बैठक और बाद में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में कांग्रेस ने महुआ पर कड़ा रुख अपनाया। अधीर ने खुलेआम कहा कि वे महुआ के साथ हैं। दूसरा, आचार समिति किसी सांसद को निष्कासित नहीं कर सकती। विशेषाधिकार समिति को ही यह अधिकार है। नतीजतन, अगर एथिक्स कमेटी महुआ को निष्कासित करने की रिपोर्ट देती है, तो यह उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर होगा। अगर विपक्षी खेमा इस मामले को लेकर कानून के दरवाजे पर जाता है तो सरकार मुश्किल में पड़ सकती है। तीसरा, जिस तरह से महुआ मुद्दे पर संसद के बाहर विपक्षी खेमा एकजुट हो गया है, उसका असर अगर लोकसभा में दिखे तो तीन राज्यों में जीत का रंग काफी फीका पड़ सकता है।

इन सबको ध्यान में रखते हुए एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट जमा

» पेज 2 भी देखें

## फिल्म महोत्सव में भाग लेने पहुंचे सलमान खान



**कोलकाता :** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान 29वें कोलकाता अतंरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में शामिल होने के लिए महानगर पहुंचे गये हैं। इस महोत्सव का उद्घाटन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उपस्थिति में मंगलवार शाम को नेताजी इंडोर स्टेडियम में होगा। महोत्सव समिति के अध्यक्ष राज चक्रवर्ती ने बताया कि आठ दिवसीय मेगा फेस्टिवल में 39 विभिन्न देशों की लगभग 219 फिल्में, 72 फीचर फिल्में और केआईएफएफ की विभिन्न प्रतियोगिता श्रेणियों में 50 लघु फिल्में और वृत्तचित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। इस दौरान, सलमान खान के अलावा, दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर और कमल हसन भी उपस्थित होने वाले हैं और सांसद शत्रुघ्न सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्य मंत्री और केआईएफएफ के मुख्य सलाहकार अरूप बिस्वास के अनुसार, दुनिया भर से तेरह फिल्में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता (इनोवेशन इन मूविंग इमेजेज) में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक गोल्डन रॉयल बंगाल ट्रॉफी के लिए क्रमशः 51 लाख रुपये और 21 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगी। महानायक उत्तम कुमार और तनुजा अभिनीत 1963 की बंगाली क्लासिक डेया नेया, उद्घाटन फिल्म होगी। बंगाली पैनोरमा अनुभाग पहली बार प्रतिस्पर्धी होगा जिसमें विजेता के लिए 7.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि होगी।

चक्रवाती तूफान मिचौंग ने दक्षिण के राज्यों में मचायी तबाही

# चेन्नई में इसकी चपेट में एक दर्जन मौत

राष्ट्रीय खबर



**चेन्नई:** चक्रवाती तूफान का भीषण असर दक्षिण भारत के कई राज्यों में पड़ा है। यहां चेन्नई में बचावकर्मियों ने मंगलवार को चेन्नई के कृष्णा नगर इलाके से नावों की मदद से लोगों को बाहर निकाला. चक्रवात मिचौंग के कारण भारी बारिश के कारण क्षेत्र जलमग्न हो गए। चक्रवात मिचौंग के कारण चेन्नई में बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

चक्रवाती तूफान मिचौंग के आंध्र प्रदेश पहुंचने पर तीन घंटे तक इसका तांडव जारी रहा। अपराह्न एक बजे यह तूफान बापटला में नेल्लोर-मछलीपट्टनम के बीच टकराया। हवाएं 100 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही हैं। आईएमडी ने यह भी कहा कि तूफान खगोलीय ज्वार से लगभग 1-1.5 मीटर ऊपर उठता है और भूस्खलन के समय दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश के जिलों में बाढ़ आने की आशंका है। आज शाम तक हवा की गति धीरे-धीरे कम होकर 95 किमी प्रति घंटे से घटकर 75-85 किमी प्रति घंटे रह जाएगी और आधी रात तक हवा की गति 55-65 किमी प्रति घंटे रह जाएगी। पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर गंभीर चक्रवाती तूफान पिछले छह घंटों के दौरान 10 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर की ओर बढ़ गया और आज सुबह 11:30 बजे उसी क्षेत्र में 15.45 डिग्री उत्तर अक्षांश और 80.25 डिग्री पूर्व देशांतर के करीब, लगभग 20 किमी पूर्व में केंद्रित है। बुलेटिन में कहा गया है कि फिलहाल तूफान ओंगोल, बापटला से 50 किमी दक्षिण-दक्षिणपश्चिम, कवाली से 70 किमी उत्तर-उत्तरपूर्व, नेल्लोर से 110 किमी उत्तर-उत्तरपूर्व और मछलीपट्टनम से 120 किमी दक्षिण पश्चिम में है। तूफान को लेकर राज्य में हाई अलर्ट है। राज्य सरकार ने

» पेज 2 भी देखें

**पुष्टि** › प्रकृति ने पौधो को भी बचाव के तरीके प्रदान किये हैं

# मोम जैसी सतह उन्हें सुरक्षा प्रदान करते हैं

- कई जिम्मेदारी निभाते हैं यह मोम
- पानी बचाने में भी इसकी भूमिका
- कीटों को रोकने में कारगर उपाय

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** पहली बार प्रकृति द्वारा पौधों को प्रदान किये गये सुरक्षा तकनीक की अब जाकर पुष्टि हुई है। हमलोग अपने आस पास ऐसे पौधों को देख पाते हैं, जिनके पत्तों पर मोम जैसी पर्त होती है। लेकिन इसकी वजह का हमें पता नहीं था। पहली बार इसकी वजह के बारे में वनस्पति शास्त्र के वैज्ञानिकों ने खोज कर नई जानकारी दी है। इसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि पौधों की सुरक्षा करने वाली मोम जैसी सतह मजबूत फसलें विकसित करने की कुंजी हो सकती है। यू ऑफ टी स्कारबोरो शोधकर्ताओं की एक टीम ने पता लगाया है कि पौधों के चारों ओर मोम जैसी सुरक्षात्मक बाधा अन्य पौधों और कीड़ों को रासायनिक संकेत भेजने में भूमिका निभा सकती है।

चिनार के पेड़ (कॉटनवुड) की एक प्रजाति में मोम के विश्लेषण की एक विधि का उपयोग करते हुए, शोधकर्ताओं ने पाया कि असंतृप्त मोम, जिसे एल्केन्स के रूप में जाना जाता है, एक प्रसिद्ध एल्डिहाइड सिग्नलिंग यौगिक और नॉननल के रूप में जाने जाने वाले कीट फेरोमोन का उत्पादन करने के लिए विघटित होता है। यह जैव रसायन का

» पेज 2 भी देखें

### शोधकर्ताओं ने क्यूटिकुलर वैक्स पर ध्यान दिया

अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने क्यूटिकुलर वैक्स पर ध्यान दिया, यह एक पतली परत है जिसे पौधे अपनी सतह पर पानी खोने से बचाने में मदद के लिए जमा करते हैं। अध्ययन का नेतृत्व करने वाली जीव विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर एलियाना गोंजालेस-विजिल कहती हैं, ये मोम शारीरिक सुरक्षा के रूप में कार्य करते हैं। यदि पौधों में यह मोम नहीं होता, तो वे बहुत जल्दी सूख जाते। यही कारण है कि आप पत्तियों की सतह पर पानी की बूंदें देखते हैं। समय के साथ पौधों में यह गुण विकसित हुआ जब वे पानी में उगने से जमीन पर उगने लगे। यह मोम पौधों को पराबैंगनी विकिरण, कवक, बैक्टीरिया, उच्च और निम्न तापमान के साथ-साथ कीड़ों से बचाने में भूमिका निभाते हैं। ऐसा सोचा गया था कि ये मोम स्थिर, अप्रतिक्रियाशील अवरोधक थे, लेकिन शोधकर्ताओं ने पाया कि कुछ मोम हवा और प्रकाश के संपर्क में आने के बाद टूट जाते हैं, और इस प्रक्रिया में अन्य यौगिक छोड़ते हैं।

# मणिपुर में फिर 13 शव बरामद तनाव बढ़ा

भूपेन गोस्वामी



**गुवहाटी :** मणिपुर के सीमावर्ती जिले में 13 अज्ञात शव बरामद किये गये हैं। इस घटना की जांच अभी जारी है। सुरक्षा बलों ने सोमवार को मणिपुर के तेंग्नौपाल जिले के लिथिथु गांव से अज्ञात व्यक्तियों के 13 शव बरामद किए, जो म्यांमार की सीमा से लगा हुआ है। सूत्रों ने कहा कि कुकी आदिवासी समुदाय के प्रभुत्व वाले क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी समूह के बीच भारी गोलीबारी के बाद सुरक्षा बल जंगली गांव में पहुंचे, जिसके बाद शव बरामद किए गए। शवों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। एक अन्य सूत्र ने कहा कि शव एक उग्रवादी संगठन के कैडरों के हैं और गोलीबारी तब हुई जब उग्रवादी म्यांमार जा रहे थे। मौके से कोई हथियार और गोला-बारूद बरामद नहीं हुआ। पुलिस और केंद्रीय बलों के वरिष्ठ अधिकारी घटना और शवों की बरामदगी की जांच कर रहे हैं।

बता दें कि मणिपुर म्यांमार के साथ बिना बाड़ वाली 400 किमी लंबी सीमा साझा करता है। जबकि पुलिस, रक्षा और अन्य सुरक्षा अधिकारियों ने न तो घटना से इनकार किया और न ही पुष्टि की, विभिन्न मीडिया आउटलेट्स ने 13 शवों की बरामदगी की सूचना दी। सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों के अनुसार,

» पेज 2 भी देखें

परिचर्चा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे कोडरमा, सरकार की उपलब्धि गिनाई तो विपक्ष पर साधा निशाना, कहा

# कुछ शैतानी लोग अबरख खदान का निदान नहीं चाहते

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कोडरमा और गिरिडीह के माइका उद्योग पर चर्चा करते हुए कहा कि हमने माइका पॉलिसी बनाया, काम भी आगे बढ़ा पर कुछ लोगों ने हवा दे दी कि इसमें यूरेनियम का अंश है। अब इसकी जांच चल रही है। विभाग पूरा देश दुनिया में घूम रहा है, रिपोर्ट आ रहा है, जा रहा है। जरूर कुछ शैतानी लोग है जो कोडरमा जिले में जो अभ्रक खदान है उसका निदान नहीं चाहते हैं। दो नंबर के माध्यम से जेब भरने में लगे हैं।

पर चिंता नहीं, हम इसका भी रास्ता निकालेंगे। अभ्रक व्यवसाय को अपने पैरों पर सुनियोजित तरीके से खड़ा करने का काम करेंगे।कोडरमा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा तो दूसरी तरफ अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार का तीसरा चरण का कार्यक्रम चल रहा है। शिविरों के माध्यम से गांव और दूर दराज के इलाकों में किस तरह की समस्या है, इसका पता चलता है। पदाधिकारी और कर्मचारियों के माध्यम से इसका पता नहीं लगता है। उन्होंने कहा कि पहले शिविर में 35 लाख और दूसरे में 55 लाख आवेदन मिले। जो शिकायतें देखने को मिली तो हमने सर पकड़ लिया। एक करोड़ आवेदन आए, मतलब पूर्व की सरकार में ना अधिकारी और ना ही कर्मचारी काम करता था।

बोरा भर भर के समस्याएं ग्रामीण देते थे पर हल नहीं निकलता था।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे राज्य में कोई असहाय वृद्ध या विधवा महिला बिना पेंशन के नहीं है। उन्होंने कहा कि रोटी कपड़ा मकान सबको चाहिए। कोरोना महामारी भी देखा और सूखाड़ भी देखा, पर ऐसी स्थिति में भी एक भी व्यक्ति को राज्य में भूख से नहीं मरने दिया। मौसम की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की यही पहचान है- जल, जंगल, जमीन। पर विकास के नाम पर पर्यावरण पर इतने अत्याचार कर रहे हैं कि परिणाम किसानों को झेलना पड़ रहा है। किसान विरोधी काला कानून के खिलाफ दिल्ली में एक साल तक आंदोलन चला। कानून लागू होता तो किसान दिखाई नहीं देता। कुछ षड्यंत्रकारी देश के अन्नदाता को ही मार देना चाहते हैं। केंद्र सरकार की योजना पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि वह दो कमरों का आवास मुर्गी खाना देता था, हम तीन कमरों का आदमी के रहने का आवास दे रहे हैं। उन?होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने 20 सालों तक राज?य को बीमार बना रखा था लेकिन बीते तीन वर्षों में स्थिति सुधरी है। अब झारखंड पिछड़ा राज्य नहीं रहेगा।

सीएम श्री सोरेन ने कहा कि विपक्षी अड़ंगा लगाते रहें, हम अपना काम करते रहेंगे। यहां के युवाओं को लगातार नौकरी दे रहे हैं और आगे भी देंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार कई योजनाएं चला रही है। कई योजनाएं शुरू करने वाली है, लेकिन इसमें आर्थिक समस्या आड़े आती हैं। झारखंड का कोयला रायल्टी मद का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये केंद्र के पास बकाया है। अगर इतने पैसे मिल जाते तो यहां के 50 लाख गरीबों को आवास, 15-20 लाख युवाओं को स्वरोजगार के लिए 10-10 लाख रुपये का ऋण मिल जाता, इस पैसे से 10 लाख सरकारी पदों पर बहाली भी करते। उन्होंने कहा कि राज्य के पास डीवीसी का 12 हजार करोड़ बकाया है तो बिजली काटनी शुरू कर दी। लेकिन अब झारखंड सरकार एक-डेढ़ साल में जिलों में खुद बिजली संरचना तैयार करेगी और कोडरमा समेत कई जिलों के गांवों में बिजली नहीं कटेगी।उन्होंने कहा कि राज्य बनने के बाद पदाधिकारी और कर्मी गांव नहीं जाते थे, लेकिन अब समय बदल गया है। अधिकारियों और कर्मियों को योजनाओं की गठरी लेकर आपके दरवाजे तक भेजा जा रहा है।

इस गठरी से आप अपनी जरूरत की योजना को ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की 80 प्रतिशत आबादी गांवों में है, गांव मजबूत होंगे तभी राज्य मजबूत होगा।वहीं राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि सरकार ने विकास की लंबी रेखा खींची है। कई योजनाओं के माध्यम से गरीबों असहायों को लाभ मिला है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कोडरमा की शिक्षा मंत्री थी तब विद्यालयों का हाल बेहाल था। न चाहरदिवारी थी, ना शौचालय और ना ही भवन था। पर 4 वर्षों में इसे दूर किया गया है। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने केंद्र पर सौतेलेपन का आरोप लगाते हुए कहा कि जब-जब सुखाड़ आया केंद्र के सामने हाथ फैलाया है। पर केंद्र सरकार की नीति झारखंड के साथ ठीक नहीं रही। अगर झारखंड को उसका हक मिल जाता तो यहां के लोग खुशहाल होते।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन के बाद लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण भी किया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मत्स्य विपणन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, कन्यादान योजना के लाभुकों को परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

कुछ लोगों को नियुक्ति पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम में विधायक अमित यादव, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे, सलाहकार अभिषेक श्रीवास्तव के अलावा उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, डीडीसी ऋतुराज समेत कई अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उरवां और योगियाटिलहा और अन्य पंचायत के ग्रामीणों से सीधा संवाद भी किया।

फ्लाईओवर बनाने के प्रस्ताव को किया जाये निरस्त

## विश्व हिन्दू परिषद की राज्यपाल से मांग

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**विश्व हिंदू परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से भेंट की। इस दौरान गढवा बाईपास (राष्ट्रीय राजमार्ग-75) अन्तर्गत अचला नावाडीह स्थित सरकारी गैरमजरुआ भूमि खाता संख्या 114, प्लॉट संख्या 139, रकबा 0.169 एकड़ अवैध अतिक्रमित भूमि पर स्थित कब्रिस्तान के ऊपर से निविदा-प्रपत्र की शर्तों से अलग बननेवाले प्रस्तावित फ्लाईओवर को असंवैधानिक बताया। साथ ही इसके निर्माण पर अनावश्यक रूप से जनता की गाढ़ी कमाई व सरकार के खजाने से करोड़ों रुपये लुटाने से झारखंड को बचाने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहू ने राज्यपाल से कहा कि सड़क निर्माण के निमित्त 6 मार्च 2019 को गढ़वा अंचल अधिकारी ने इस भूमि से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। उसके बाद सरकारी जमीन को उपायुक्त ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को नियमानुसार मुफ्त हस्तांतरित कर दिया। इस आलोक में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा उच्च न्यायालय झारखंड में वाद दायर किया गया। न्यायालय ने मुस्लिम समुदाय के द्वारा सबूत नहीं उपलब्ध कराने के कारण दिसम्बर 2020 में वाद को निरस्त कर दिया।

धनबाद जेल कांड पर बाबूलाल मरांडी का हेमंत सरकार पर तीखा हमला: कहा

## शासन की पोल-पट्टी सब खोलकर रख दी

राष्ट्रीय खबर



**दुमका:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा हमला बोला है। मंगलवार को दुमका परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री रहते इस राज्य की जनता अपने को सुरक्षित महसूस नहीं कर सकती। पुलिस का काम अपराधियों को पकड़ना और उसे सजा दिलाना, लॉ एंड ऑर्डर दुरुस्त रखना है। लेकिन यहां हेमंत सरकार ने तो पुलिस को वसूली में लगा दिया है तो वह अपना काम कैसे कर पाएंगे। धनबाद जेल कांड ने सरकार के कानून व्यवस्था की पोल पट्टी खोलकर रख दी है।दुमका में बाबूलाल मरांडी ने धनबाद जेल में अमन सिंह की गोली मारकर हत्या के मामले में कहा कि इस घटना ने राज्य सरकार की कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जेल के वरीय अधिकारी मिले हुए हैं, बिना उनकी मिलीभगत के पिस्टल जेल के अंदर जा ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था को पर तो वे लगातार सवाल खड़ा करते हैं हैं, इस घटना से उसमें एक कड़ी और जुड़ गयी है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संथाल परगना झारखंड मुक्ति मोर्चा का गढ़ नहीं है। वर्तमान में तीन लोकसभा सीट में दो दुमका और गोड्डा भाजपा के पास हैं जबकि एक राजमहल सीट पर पहले भारतीय जनता पार्टी ने कई बार जीत दर्ज की है, ऐसे में इसे झामुमो का गढ़ कहना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि संथाल की दो-तीन विधानसभा सीट को छोड़ दें तो लगभग यहां के सभी विधानसभा सीट पर भी भाजपा जीतती आ रही है। आगामी 2024 के चुनाव में हम लोग काफी मेहनत करेंगे, जिसका बेहतर परिणाम सामने आएगा।बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन की सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र की स्थिति काफी खराब है। हाल ही में जब वहां मलेरिया से पहाड़िया और संथाल समाज के कई लोगों की मौत हुई तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को वहां अपने उड़नखटोले से पहुंचना चाहिए था पर वे नहीं पहुंचे। हम जब वहां गए तो देखा कि विकास का नामोनिशान नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन के पास अपने चार साल के कार्यकाल में कोई भी विकास का कार्य नहीं किया है। जब उनके विधानसभा क्षेत्र की स्थिति खराब है तो पूरे राज्य की स्थिति का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है।

## सांसद वीडी राम ने की पलामू में खाद कारखाना खोलने की मांग

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** जिले में खाद फैक्ट्री खोलने की मांग लोकसभा में उठी है। पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने लोकसभा के शून्य काल में पलामू संसदीय क्षेत्र में खाद फैक्ट्री खोलने की मांग की है। पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने लोकसभा के शून्य काल में बोलते हुए कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में दो जिले हैं, दोनों जिलों की 80 प्रतिशत आबादी कृषि आधारित है। दोनों जिले देश के आकांक्षी जिलों में शामिल हैं। पलामू संसदीय क्षेत्र में वह सुविधा उपलब्ध हैं जो कल कारखानों के लिए होनी चाहिए। सांसद ने लोकसभा में बोलते हुए कहा कि पलामू का इलाका कृषि आधारित है यहां कभी अधिक बारिश और कभी कम बारिश होने से किसान परेशान रहते हैं और बड़ी आबादी पलायन करने को मजबूर होती है। यहां लोगों को रोजगार नहीं मिल पाता है। खाद फैक्ट्री की स्थापना से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा और खेतों को खाद। जिससे किसान और रोजगार दोनों ही समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

## धनबाद जेल में हत्या की घटना गंभीर, उच्च स्तरीय जांच कराए सरकार:कांग्रेस

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**धनबाद मंडल कारा में 02 दिसंबर को कांग्रेसी नेता और पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के आरोपी गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या की घटना के बाद जहां विधि व्यवस्था को लेकर सरकार विपक्ष के निशाने पर है। वहीं सरकार में शामिल कांग्रेस ने भी धनबाद जेल की घटना को गंभीर मामला बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग सरकार से की है। सोमवार को रांची में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव और प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि धनबाद की घटना न सिर्फ दुखदायी है बल्कि गंभीर भी है। कैसे तमाम सुरक्षा व्यवस्था को धत्ता बताकर हथियार जेल के अंदर पहुंचा, इसमें किसकी मिलीभगत थी, इसका खुलासा उच्च स्तरीय जांच से ही संभव है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इसलिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी मांग करती है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। राकेश सिन्हा ने कहा कि इस घटना के बाद जेल प्रशासन भी सवालों के घेरे में आ गया है।

राजनीति

इंडिया महागठबंधन में ऑल इज नॉट वेल

## सीएम हेमंत सोरेन भी रहेंगे महत्वपूर्ण बैठक से दूर !

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम से आहत इंडिया गठबंधन की बैठक बुधवार 06 दिसंबर को दिल्ली में बुलाई गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा बुलाई गई इस बैठक के होने से पहले जिस तरह से गठबंधन दलों के नेताओं के बयान आ रहे हैं, उससे साफ जाहिर हो रहा है कि महागठबंधन के अंदर ऑल इज वेल नहीं है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के बैठक में शामिल नहीं होने की सूचना के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भी बैठक में शामिल नहीं होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जानकारी के मुताबिक झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सरकारी कार्यक्रम पहले से ही बुधवार को सरायकेला-खरसावां का है। जहां सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम को शामिल होना है। झामुमो सीएम हेमंत सोरेन के स्थान पर किसी अन्य को बैठक में भेज सकता है। इन सबके बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इंडिया महागठबंधन में समन्वय का अभाव बताकर नाराजगी जताई है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा है कि कहीं ना कहीं संवादहीनता की स्थिति है। इंडिया महगठबंधन की पिछली बैठक को काफी अंतराल हो गया है। इसके लिए महत्वपूर्ण भूमिका कांग्रेस पार्टी की रही है।इधर, इंडिया महागठबंधन के अंदर बिखराव की स्थिति पर बीजेपी नजर रख रही है। झारखंड बीजेपी का मानना है कि पांच राज्यों के चुनाव परिणाम के बाद सभी दलों के अंदर पुनर्विचार का दौर चल रहा होगा। यही वजह है कि गठबंधन के सभी सहयोगी दल अपने-अपने हिसाब से कार्यक्रम तय कर रहे हैं। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा कहते हैं कि इंडिया महगठबंधन में संवादहीनता चरम पर है। जब समय पर सूचना ही नहीं जाएगी तो बड़े नेता जिनका पहले से कार्यक्रम तय रहता है वो कैसे इसमें शामिल होंगे।बहरहाल, पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम से इंडिया महगठबंधन में निराशा देखी जा रही है। यही वजह है कि जिस तरह से आशंका व्यक्त की जा रही थी कि निजी स्वार्थ और दलीय हित से ऊपर उठकर महागठबंधन की एकजुटता को सर्वोच्च प्राथमिकता देना महागठबंधन के लिए बड़ी चुनौती होगी, आज वही साबित हो रही है।

पेज एक का शेष

### एनपीए कम हो रहा मुनाफा ...

में सरकार की कोई भूमिका नहीं होती क्योंकि यह सब निश्चित प्रक्रिया का हिस्सा है और इसका निर्णय साहुकारों की समिति यानी कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स लेती है।

इस बीच मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जान ब्रिटास ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि देश में संपत्ति का केंद्रीकरण हो रहा है जो संविधान का उल्लंघन है। श्री ब्रिटास ने सदन में यह मामला उठाते हुए एक अध्ययन के हवाले से कहा कि देश की 40 प्रतिशत परिसंपदा एक प्रतिशत लोगों के पास है। इसके अलावा 50 प्रतिशत परिसंपदा 30 प्रतिशत आबादी के पास है। शेष आबादी के पास 10 प्रतिशत परिसंपदा है। उन्होंने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संविधान का उल्लंघन है। संविधान आर्थिक समानता की ओर बढ़ने का निर्देश देता है। उन्होंने कहा कि सरकार को आर्थिक समानता की दिशा की ओर बढ़ना चाहिए और संसद में श्रमिकों तथा किसानों की बात की जानी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने शहरों, छोटा कस्बों और गांवों में रह रहे छोटे कारीगरों सुनार, बढई, लौहार ,मोची आदि के समक्ष कारोबार के संकट का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि छोटे कारीगरों के कारोबार में बड़े उद्योग घराने आ रहे हैं जिसके कारण इनका रोजगार खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसी को भी कोई भी कारोबार करने से नहीं रोका जा सकता लेकिन छोटे कारीगरों को बचाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि छोटे कारीगरों के लिए विशेष व्यवस्था होनी चाहिए। इससे छोटे स्तर पर और स्थानीय स्तर पर रोजगार करने वाले लोगों का संरक्षण हो सकेगा।

### ज्वालामुखी विस्फोट में 11 लोग .. ..

आठ को जली हुई हालत में अस्पतालों में ले जाया गया और एक का अंग भी टूटा हुआ था।

अगस्टियन ने कहा कि सभी पर्वतारोहियों ने चढ़ाई से पहले दो कमांड पोस्ट पर या पश्चिम सुमात्रा की संरक्षण एजेंसी के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराया था। उन्होंने कहा, यह संभव है कि अन्य लोगों ने अवैध सड़कें बनाई हों या स्थानीय निवासी क्षेत्र में सक्रिय हों, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की जा सकी है। रविवार के विस्फोट में मारापी ने 3,000 मीटर तक ऊंची राख के मोटे स्तंभ उगल दिए और गर्म राख के बादल कई मील (किलोमीटर) तक फैल गए। आस-पास के गाँव और कस्बे टनों ज्वालामुखीय मलबे से ढक गए थे। सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो के अनुसार, ज्वालामुखी की धूल और बारिश से निकाले गए पर्वतारोहियों के चेहरे और बाल धुंधले हो गए।

गिरती राख ने कई गांवों को ढक दिया और सूरज की रोशनी अवरुद्ध कर दी, और अधिकारियों ने मास्क वितरित किए और निवासियों से ज्वालामुखी की राख से बचाने के लिए चश्मा पहनने का आग्रह किया। लगभग 1,400 लोग मारापी की ढलानों पर रूबाई और गोबा कमंतियांग में रहते हैं, जो चोटी से लगभग 5 से 6 किलोमीटर दूर निकटतम गांव हैं। गुनावान ने कहा कि रविवार का विस्फोट ज्वालामुखीय भूकंपों में उल्लेखनीय वृद्धि से पहले नहीं हुआ था।

### एथिक्स कमेटी ने लोकसभा .. .. ..

करने की तारीख टाल दी गई है। सूत्र के मुताबिक, संसदीय मानदंडों के मुताबिक इसे स्पीकर को सौंपा जाएगा। यह सीधे तौर पर सजा की सिफारिश नहीं कर सकता। मामला स्पीकर पर छोड़ दिया जाएगा। रिपोर्ट क्यों नहीं सौंपी गई, इसकी जानकारी महुआ को भी नहीं है। उन्होंने सिर्फ इतना कहा, पहले वे रिपोर्ट दें, उसके बाद मैं उन्हें बताऊंगा कि क्या कहना है।

संयोगवश, महुआ सोमवार सुबह संसद पहुंचीं। उन पर आरोप लगाने वालों में से एक भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी संसद में प्रवेश करते समय मीडिया से कहा, उन्होंने पाप किया है, उन्हें सजा मिलेगी। हालांकि, संसद में तृणमूल-भाजपा के बीच जुबानी जंग जारी है। उस वक्त महुआ भी चिरपरिचित मूड में सीट से खड़े होकर भाजपा के खिलाफ लड़ती नजर आई थीं।

लोकसभा में तृणमूल पार्टी के नेता सुदीप बनर्जी ने सोमवार को संसद में भाषण दिया और केंद्रीय परियोजनाओं में बंगाल के कर्ज, अभाव आदि के बारे में बात की। उधर, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आरोप लगाया कि बंगाल में मिड-डे मील योजना में 4000 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। सरकार ने सीबीआई जांच के आदेश दे दिए हैं। जब धर्मेंद्र तृणमूल पर रंगदारी का आरोप लगा रहे हैं तो देखा जा रहा है कि महुआ सबसे आक्रामक मूड में तृणमूल की तरफ से आवाज उठा रही हैं। श्रीरामपुर के तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी भी उनके पास खड़े होकर चिल्लाते नजर आ रहे हैं।

### चेन्नई में इसकी चपेट .. .. ..

तिरुपति, नेल्लोर, प्रकाशम, बापटला, कृष्णा, पश्चिम गोदावरी, कोनसीमा और काकीनाड़ा जिले में रेड अलर्ट जारी किया है। नौ हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित इलाकों में भेजा गया है। इन आठ जिलों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की पांच-पांच टीमें तैनात हैं। कोस्ट गार्ड, आर्मी और नेवी के जहाज और एयरक्राफ्ट स्टैंडबाय पर हैं। तमिलनाडु में मंगलवार को बारिश में कमी आई। चेन्नई शहर हालांकि बारिश की वजह से पूरी तरह डूब गया है। रविवार से अब तक एक बच्चे समेत नौ लोगों की मौत हो चुकी है। सोलह घंटे से बंद चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ऑपरेशन शुरू हो गया है। चार नवंबर को रनवे पर पानी भरने की वजह से करीब 70 उड़ानों को रद्द किया गया था और 30 बेंगलुरु डायवर्ट की गयी थीं।

### मोम जैसी सतह उन्हें सुरक्षा .. ..

एक जटिल हिस्सा है, लेकिन गोंजालेस-विजिल का कहना है कि मुख्य बात यह है कि पौधों में पाए जाने वाले बड़े मोम से दिलचस्प छोटे यौगिक जारी किए जा सकते हैं। वह कहती हैं, इस प्रक्रिया का उपयोग एक दिन पौधों में वांछनीय गुणों को इंजीनियर करने के लिए किया जा सकता है जो सूखे या कीड़ों से उनकी लचीलापन में सुधार कर सकते हैं। एल्डिहाइड मनुष्यों सहित पौधों और जानवरों दोनों में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं।

यही कारण है कि मच्छर दूसरों की तुलना में कुछ लोगों और जानवरों की ओर अधिक आकर्षित होते हैं। पौधों में वे फेरोमोन में मौजूद होते हैं जो कीड़ों को आकर्षित करते हैं और पौधे से पौधे के बीच संचार के लिए भी जिम्मेदार होते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई पौधा सूखे के कारण तनावग्रस्त है, तो यह पड़ोसी पौधों को बताने के लिए यौगिक छोड़ देगा ताकि वे तैयारी कर सकें।

पौधे की पत्तियों पर उनकी युवावस्था से लेकर उनके मरने तक नजर रखी, और पाया कि जैसे-जैसे वे बड़े होते गए उनमें मोम प्रचुर मात्रा में कम होते गए। चेन, जो अब इलिनोइस विश्वविद्यालय में पीएचडी के छात्र हैं, कहते हैं, यह आश्चर्यजनक था क्योंकि आप ऐसी चीज की उम्मीद करेंगे जो पौधे के जीवनकाल तक स्थिर रहेगी।

इस अध्ययन के लिए, शोधकताओं ने गेहूं में मोम को भी देखा और पाया कि फसल में एक अन्य प्रमुख मोम घटक भी छोटे यौगिकों में टूट जाता है। वर्तमान में यह कृत्रिम रूप से किया जाता है, जो महंगा है, इसलिए इससे सस्ते और अधिक प्राकृतिक विकल्प भी मिल सकते हैं।

### मणिपुर में फिर 13 शव .. ..

तेंगनौपाल जिले में लीथु, जहां शव पाए गए, एक ऐसा क्षेत्र है जहां वर्तमान जातीय हिंसा के दौरान संघर्ष का कोई पिछला रिकॉर्ड नहीं रहा है। यह सैबोल से लगभग 10 किमी उत्तर पश्चिम में स्थित है, जहां हाल ही में एक आईईडी हमले के माध्यम से असम राइफल्स के गश्ती दल को निशाना बनाने का प्रयास किया गया था। सुरक्षा सूत्रों ने कहा, जब सुरक्षाकर्मी आज दोपहर (गोलीबारी के इनपुट के बाद) स्थान पर पहुंचे, तो उन्होंने सारे शव बरामद किए। इसकी पहचान अब तक नहीं हो पायी है और शवों के पास से कोई हथियार भी नहीं मिला।

## शहर >> अपडेट

### बच्चों की 50 फीसदी से कम की उपस्थिति पर प्रधानाध्यापक से होगी तलब

**बगहा/पिपरासी :** प्रखंड के जिन विद्यालयों में 50% से कम बच्चों की उपस्थिति होगी। उसके प्रधानाध्यापकों को शाम 6 बजे तक बैठक करने का निर्देश विभाग ने जारी किया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पीपरासी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि 5 दिसंबर से जिन विद्यालयों की बच्चों की संख्या 50 फीसदी से कम होगी। उसके प्रधानाध्यापक के साथ शाम 6 बजे से समीक्षा बैठक किया जाएगा। इस दौरान बच्चों के उपस्थित से संबंधित समीक्षा की जाएगी तथा उपस्थिति बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा करते हुए उसको अमल में लाया जाएगा। बच्चों की उपस्थिति जब तक 75 फिसदी नहीं हो जाती तब तक यह सिलसिला जारी रहेगा।

## राजधानी इवेंट्स >>

### पंचायत उपचुनाव के लिए मतदान 28 को, अधिसूचना जारी

**पटना :** बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत उप चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया है। उपचुनाव के लिए 28 दिसम्बर को मतदान होगा। 9 से 15 दिसम्बर के बीच नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। वहीं, नामांकन पत्रों की जांच 16 से 18 दिसम्बर तक की जाएगी। उम्मीदवार 20 दिसम्बर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिह्न का भी आवंटन कर दिया जाएगा। राज्य में एक हजार छह सौ पचहत्तर अलग-अलग पदों के लिए उप चुनाव हो रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से अधिसूचना जारी होने के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

### चक्रवाती तूफान से कल होगा मौसम में बड़ा बदलाव

**पटना :** मिचौंग तूफान का बिहार के मौसम पर भी असर दिखेगा। राज्य के दक्षिणी-मध्य, दक्षिणी पूर्व और दक्षिणी पश्चिमी क्षेत्रों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश की संभावना है। 7 दिसंबर को अधिकतम बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल, गया, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, जमुई, बांका और मुंगेर जिलों में एक-दो या कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### एसडीएम का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर की 60 हजार की ठगी

**दरभंगा :** जिले के बिरौल अनुमंडल के एसडीएम उमेश कुमार भारती का फेसबुक पर फर्जी सोशल मीडिया एकाउंट बनाकर एक व्यक्ति से 60 हजार रुपये की राशि की ठगी कर लिया है। इस मामले को लेकर एसडीएम ने बिरौल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। फर्जी एकाउंट बनाकर उसमें एसडीएम उमेश कुमार भारतीं का फोटो भी लगा दिया। इसके बाद कई लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने के बाद ठगी की गई। पीड़ित एसडीएम की फोटो देखकर ठग के झांसे में आ गया और ठग की ओर से मांगी गयी राशि दे दी।

### मंत्री जामा खान की एस्कॉर्ट गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, एक जवान की मौत, 4 घायल

**पटना :** बिहार सरकार के मंत्री जामा खान की एस्कॉर्ट गाड़ी रोहतास में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक जवान की मौत हो गई और चार अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में चालक जमालुद्दीन की मौत हो गई। जबकि घायल जवानों में रमेश कुमार, मनोज कुमार, अर्चना कुमारी और रानी कुमारी गंभीर रूप से घायल है। घायल जवानों को इलाज के लिए सासाराम के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना परसथुआ थाना ओपी क्षेत्र के एनएच-30 पर रूपी बांध गांव के निकट हुई।

---

**राजनीति**

## गड़बड़ होता दिख रहा विपक्ष का इंडिया गठबंधन

# हार के बाद रार का बना माहौल, ठीक नहीं लग रहा नीतीश का मिजाज

**खत्म होते दिख रहा विपक्षी दलों का कांग्रेस के प्रति आकर्षण**

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली सफलता पर कांग्रेस ने विपक्षी दलों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। विपक्षी एकता की बुनियाद भी उसी वक्त पड़ी थी। हालांकि इसकी सुगबुगाहट तो 2022 में बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद ही शुरू हो गई थी। बदले हालात में कांग्रेस को हालिया संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली शिकस्त से विपक्षी एकता का सारा खेल गड़बड़ होता दिख रहा है। विपक्षी दलों का कांग्रेस के प्रति बढ़ा आकर्षण एक ही झटके में खत्म होता दिख रहा है।

कांग्रेस ने बाबरी विध्वंस की बरसी के दिन 6 दिसंबर को दिल्ली में विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न के सभी 28 घटक दलों की बैठक बुलाई है। कांग्रेस नेताओं की मानें तो बैठक का न्यौता सभी दलों को भेजा जा चुका है। हालांकि विपक्षी गठबंधन की प्रमुख घटक पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने कहा है कि उसे अभी तक बैठक की कोई जानकारी नहीं मिली है। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का कहना है कि उन्हें अभी तक बैठक के लिए बुलावे की कोई सूचना नहीं है। ममता ने पहले से ही उत्तर बंगाल दौरे का कार्यक्रम बना रखा है। वे अपने किसी नुमाइंदे को बैठक में शिरकत करने की इजाजत दे सकती है। वैसे भी ममता बनर्जी ने जिस तरह कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर बिना इसका श्रेय उसके नेताओं को दिए बगैर कहा था कि यह जनता की जीत है। ठीक उसी तर्ज पर चार राज्यों में कांग्रेस की हार पर ममता ने कहा है कि जनता जीती और कांग्रेस हारी है। टीएमसी नेताओं के बोल भी सीधे नहीं निकल रहे। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा है कि ममता माडल से ही विपक्ष को कामयाबी मिल सकती है।

जब से विपक्षी एकता की कवायद शुरू हुई है, टीएमसी समर्थक ममता बनर्जी को नेतृत्व सौंपने की मांग करते रहे हैं। हालांकि बिहार के सीएम नीतीश कुमार के आग्रह पर ममता विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होती रही हैं। बंगाल विधानसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने के बाद ममता ने भाजपा के खिलाफ विपक्ष को गोलबंद करने की कोशिश भी की थी, लेकिन वे कांग्रेस रहित विपक्षी एकता की बात कर रही थीं। इसके लिए उन्होंने दिल्ली, मुंबई समेत कई जगहों पर जाकर विपक्षी नेताओं से मुलाकात भी की थी। पर, इसके लिए कोई तैयार नहीं हुआ। हार-थक कर ममता खामोश हो गई थीं। नीतीश कुमार के आग्रह पर वे कांग्रेस के साथ बैठक के लिए तैयार तो हुईं, पर कांग्रेस का वर्चस्व खत्म करने के लिए उन्होंने बैठक पटना में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा।

विपक्षी एकता के सूत्रधार नीतीश कुमार हफ्ते भर से बीमार हैं। उन्हें क्या बीमारी है, इस बारे में अभी तक कोई पुख्ता सूचना बाहर नहीं आई है, लेकिन जिस तरह सरकारी कामों से उन्होंने फिलवक्त किनारा कर लिया है। उससे लगता है कि वे शायद ही बैठक में शामिल हो पाएं।

डाक्टरों ने भी उन्हें इलाज और आराम की सलाह दी है। वहीं कांग्रेस के रुख से नीतीश आहत हैं। उनके मन की भंड़ास उस दिन बाहर आ गई थी, जब कहा था कि कांग्रेस को विपक्षी एकता की चिंता नहीं है। बीजेपी को सत्ता से बेदखल करने के लिए विपक्षी एकजुटता का जिस तरह का प्रयास दिखता रहा है, ठीक उसी तरह की कोशिश 2019 में भी हुई थी। तब नीतीश की तरह ही सीएम रहे चंद्रबाबू नायडू ने विपक्षी एकता की अगुआई की थी। चुनाव आते-आते विपक्षी एकता बिखर गई थी। चंद्रबाबू तब से हाशिये पर पड़े हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### हर्ष फायरिंग में होटल संचालक पर होगी कार्रवाई : एसपी



**सासाराम (रोहतास) :** जिला में हर्ष फायरिंग में अब होटल संचालकों पर भी कार्रवाई होगी। इस संबंध में एसपी विनती कुमार ने अपराध गोष्ठी तहत दिशा-निर्देश जारी करते हुए बताया कि जश्न फायरिंग में अब होटल संचालक को चिन्हित कर उनके उपर कार्रवाई की जायेगी। इस पर रोक लगाने के लिए सभी मैरेज हॉल होटल मालिकों को नोटिस निर्गत करने और पार्टी से उनके द्वारा उपक्रम लेने के लिए निर्देश भी दिए गए हैं। जो आर्म्स एक्ट की धारा 25 (9) में सजा के प्रावधान हैं। यदि लाइसेंस वाले आर्म्स का उपयोग भी करते व्यक्ति पकड़े जाते है तो उसकी को लाइसेंस रद्द कर बंदूक जप्त किया जायेगा।

### बिजली चोरी मामले में दो लोगों पर लगा जुमार्ना

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** कनीय विद्युत अभियंता नवदीप गोयल के नेतृत्व में कम खपत वाले उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो लोगो पर अवैध रूप से विद्युत चोरी में प्राथमिकी दर्ज हुई है। इस संबंध में मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर ग्राम-बरना निवासी अमित कुमार के व्यवसायिक परिसर पर उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास कर एक अलग से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। जिस मामलें में 24110 रुपये का विभाग ने जुमार्ना लगाया है। वही बिना कोई कनेक्शन लिए अवैध रूप से बिजली चोरी में बेबी देवी पर 15855 रुपये आर्थिक दंड लगा है। उपरोक्त व्यक्ति के परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था। विद्युत कनेक्शन से संबंधित कागजात भी नही थी। विभाग ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ स्थानीय बिक्रमगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। इस संबंध में सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने बताया कि अवैध बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चला उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान सहित अन्य नियम के खिलाफ सघन जांच जारी रहेगी।

### फरार अपराधियों के विरुद्ध पुलिस सख्त, एक को दबोचा, कई निशाने पर



**आरा (भोजपुर) :** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार एक साथ कई कांडों का खुलासा किया है। अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी प्रमोद कुमार ने इसकी जानकारी दी। जो आरा नवादा थाना के रामनगर में हवलदार पुत्र की हत्या में शामिल एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। जिसकी हत्या दोस्तो ने कर दिया था। वही उदवंतनगर थाना के एकौना में खटाल संचालक की हत्या के मामले में पुलिस ने कारवाई करते हुए घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं बड़हरा थाना के नथमलपुर में भाई की चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में आरोपी छोटे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वही इस संदर्भ में भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि भोजपुर पुलिस का अपराधियो के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### तेज हुई जनसुराज अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की कवायत

**बेतिया, प. च. :** अनुमंडल अध्यक्ष नीतू शाही व जिला सचिव सिकंदर चंद्रा ने जनसुराज अभियान को जनजन तक पहुंचाने के लिए पंचायत के महिलाओ और पुरुषो के साथ जन संवाद किया। तथा जनसुराज के विचार धाराओं से अवगत कराया गया। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती शाही ने पंचायत के महिलाओं को अपने अधिकार के लिए सजग होने एवम सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करने का आह्वान किया। तथा ग्रामीणों को उनके वोट के महत्व को पर प्रकाश डाला। साथ ही जनसुराज के साथ जुड़ने तथा इस अभियान को मजबूत करने के लिए आग्रह किया। इस मौके पर भानवीपुर के जनसुराजी कोदो हवारी, गौरव मिश्रा,प्रखंड उपाध्यक्ष शांति देवी, अंतिमा देवी व अन्य उपस्थित थे।

### मैट्रिक व इंटर परीक्षा का कार्यक्रम जारी

**पटना :** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने वर्ष 2024 में होने वाली मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इंटरमीडिएट की परीक्षा का आयोजन एक फरवरी से जबकि मैट्रिक का 15 फरवरी से होगा। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा एक फरवरी से 12 फरवरी के बीच दो पालियों में होगी। वहीं, व्यावहारिक परीक्षा का आयोजन 10 जनवरी से बीस जनवरी के बीच होगा। मैट्रिक की परीक्षा 15 से 23 फरवरी तक होगी। व्यावहारिक परीक्षा का आयोजन अठारह जनवरी से 20 जनवरी के बीच होगा। श्री किशोर ने इस अवसर पर समिति की ओर से आयोजित विभिन्न परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर भी जारी किया। इसके अनुसार शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन साल में दो बार होगा। पहली परीक्षा एक से 20 मार्च के बीच, जबकि दूसरी परीक्षा 10 से 30 सितम्बर के बीच होगी।

### भेड़िहारी गन्ना क्रय केंद्र बंद होने से बढ़ी किसानों की परेशानी

**बगहा :** वाल्मीकिनगर के भेडिहारी में स्थित गन्ना क्रय केंद्र बंद होने से स्थानीय किसानों की परेशानी काफी बढ़ गई है। स्थानीय किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करना को रहा है। विदित हो कि क्रय केंद्र पर घटतौली का आरोप लगाकर किसानों ने विगत 25 नवंबर को जमकर बवाल काटा था। मौके पर स्थानीय प्रशासन ने पहुंच कर किसानों को समझा-बुझाकर शांत कराया। उसी दिन से भेडिहारी स्थित गन्ना क्रय केंद्र बंद पड़ा है। क्रय केंद्र बंद होने से सेंटर पर खड़े दर्जन भर बैल गाड़ी में लदे गन्ना सुख रहा है। स्थानीय किसानों ने बताया कि लगभग 10 दिनों से गन्ना क्रय केंद्र बंद पड़ा है। जिससे सेंटर पर खड़ा बैल गाड़ी एवम् ट्रैक्टर ट्रेलर पर लदा गन्ना सुखकर आधा हो जाने से हमें काफी नुकसान हो रहा है। हालांकि दो दिसंबर को किसानों के शिकायत पर जिला गन्ना पदाधिकारी रामनगर अंचल श्रीराम सिंह भेडिहारी गन्ना सेंटर पर पहुंच वस्तु स्थिति से अवगत हो सेंटर को जल्द शुरू करने की बात कही थी। मौके पर तिरुपति सुगर मिल के एजीएम नागेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ देवेंद्र सिंह,तौल लिपिक विजय मिश्रा भी मौजूद रहे।

---

## प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जन-जागरूकता आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**नोखा (रोहतास) :** प्रखंड क्षेत्र के हथनी पंचायत में भारत विकसित संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री गारंटी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विस्तृत रूप रेखा ग्रामीण जनता के बीच टीवी स्क्रीन पर प्रस्तुत की गई। जहां योजना से वंचित ग्रामीण जनता को योजना से जोड़ रजिस्ट्रेशन कराया गया। इस कार्यक्रम तहत एलईडी वैन के साथ भारत सरकार के अधीन डाक विभाग, कृषि विभाग, पेट्रोलियम विभाग, बैंक अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं पर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम में नोखा ग्रामीण मंडल भाजपा के उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी सिंह ने कहा कि भारत विकसित संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करेगा। वही सपने को पूरा करने के उद्देश्य को लेकर देश की आम जनता के विकास की प्रतिबद्धता को पूरा करने की लक्ष्य प्राप्ति हेतु यह संकल्प रथ गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला को प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने में सफल होगा। इस मौके पर कार्यक्रम जिला मंत्री संध्या श्रीवास्तव, बिंदेश्वरी सिंह, कौशल श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, दीनानाथ चौबे, बिपिन सिंह, चक्रपाणी सिंह,रणधीर सिंह, शशि भूषण सिंह, संतोष कुमार, मातेश्वरी इंडेन, राम कृपाल सिंह, राकेश सिंह, कामेश्वर सिंह, जय प्रकाश सिंह, जंगबहादुर सिंह, रविशंकर सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## प्रखंड सभागार में स्वच्छता कर्मी व स्वच्छता पर्यवेक्षक की हुई बैठक



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च :** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड समन्वयक अखिलेश्वर प्रसाद ने स्वच्छता कर्मी व स्वच्छता पर्यवेक्षक के साथ की बैठक। बैठक में पर्यवेक्षक व कचहरी सचिव भी रहे शामिल। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य छुटे हुए लाभार्थी जिनका आज तक शौचालय नही बन सका है। वैसे लोग जो दलित और महादलित है और गरीब है उनका जल्द सूची बनाकर कार्यालय को सौंपें। श्री प्रसाद ने कहा कि बैठक में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान में तेजी लाने के लिए उत्प्रेरित किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि कोई गरीब इस योजना के लाभ से वंचित ना हो। चिन्हित कर उनका नाम सूची में तत्काल जोड़े जिससे लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान योजना का उनको लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मी व स्वच्छता पर्यवेक्षक को कई आवश्यक कार्य को लेकर दिशा निर्देश भी दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि काम में लापरवाही हरगिज बर्दाश्त नही की जाएगी। वैसे कर्मियों के विभाग की ओर से किसी भी कीमत में बक्सा नही जाएगा। मौके पर कमलदेव, अखिलेश्वर मिश्र, अकु कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, सुमन कुमार, संदीप कुमार मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नेत्र जांच सेंटर का सीएस ने उद्घाटन किया

राष्ट्रीय खबर



**मझौलिया :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रीकांत दुबे ने आंख जांच केंद्र विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओमप्रकाश उपस्थित रहे। उपर्युक्त आंख जांच केंद्र पर सोमवार से शनिवार तक आंख सम्बंधित रोगियों की समुचित जांच एवं उचित परामर्श दिया जाएगा। डॉ ओम प्रकाश ने बताया कि जांच घर खुलने से मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद का सही समय पर पहचान किया जा सकेगा। जिन रोगियों को आंख की रौशनी की समस्या है, जांच कर चिकित्सार्थ अग्रसर किया जाएगा एवं शीघ्र ही बीपीएल धारकों के लिए चश्मा की व्यवस्था की जाएगी। इस क्रम में बीएचएम शकील अहमद, नेत्र सहायक प्रशांत कुमार, सुशांत कुमार, राहुल कुमार, नसीम अहमद, राकेश कुमार व अभय कुमार उपस्थित रहे।

## मंगला गौरी मंदिर में भैरव अष्टमी पर बटुक भैरव की हुई विशेष पूजा- अर्चना,लगा छप्पन भोग

राष्ट्रीय खबर



**गया :** मंगलवार को भैरवष्टमी का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। शहर के गोदावरी स्थित भैरव स्थान मंदिर में रुद्र कपाल भैरव, दुःखहरणी मंदिर में चंद्र भैरव, गोल पत्थर स्थित में काल भैरव, गोसाई बाग स्थित कौवा स्थान में काल भैरव, शक्तिपीठ माता मंगला गौरी मंदिर में बटुक भैरव के दर्शन- पूजन के लिए श्रद्धालुओं की सुबह से देर रात तक भीड़ जुटी रही। गोदावरी स्थित काशी खंड के कोतवाल भैरव स्थान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर भैरव स्थान में काल भैरव को फूल माला, मिष्ठान, उड़द की दाल की पकौड़ी, सुगंधित द्रव्य आदि अर्पित कर पूरे विधि विधान से पूजा- अर्चना किया। मंदिर समिति की ओर से काल भैरव जी का रंग-बिरंगे फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया।

काल भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में शक्तिपीठ माता मंगला गौरी मंदिर में महंत पुजारी अश्वमेध गिरी के सानिध्य में वैदिक मंत्रोचारण के साथ बटुक भैरव बाबा की विशेष पूजा अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बटुक भैरव प्रभु के दर्शन कर सुखी जीवन की कामना की।मंगलवार को मंदिर में विराजमान काल भैरो बाबा की प्रतिमा को पवित्र गंगाजल से स्नान करवा कर सुंदर गहरे रंग का चोला अर्पित किया। साथ ही 56 प्रकार का भोग लगाकर मिष्ठान, रोली, पुष्प माला का अर्पण कर विधिवत पूजा की।

---

**कार्रवाई** तस्करी के लिए ले जा रहे सैकड़ो पशुओं को पुलिस ने किया बरामद, तस्कर फरार

# पशुओं का रेस्क्यू कर पुलिस ने दिया जीवन दान

**काफी बड़ा है पशु तस्करों का सिंडिकेट, छानबीन जारी**

नवीन कुमार



**पटना :** राजधानी स्थित अगमकुआं थाना क्षेत्र के जीरो माइल के पास मंगलवार की अहले सुबह तस्करी के लिए ले जा रहे सैकड़ो पशुओं से भरे हुए दो कंटेनर को पुलिस ने जब्त किया है। इस मामले में पशु तस्कर भागने में सफल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने सभी पशुओं को गौशाला में रखने की व्यवस्था शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुट गई है कि रेस्क्यू किए गए पशुओं को कहां से लाया जा रहा था और इसे तस्करी के लिए कहां भेजा जा रहा था।बताया जाता हैं कि बिहार से सैकड़ो पशुओं को उत्तर बिहार और पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजी जा रही है। इस मामले को लेकर अगमकुआं थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार की सुबह दो कंटेनर पशुओं को रेस्क्यू किया गया है। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू किए गए पशुओं में , भैंस और उनके बच्चे शामिल हैं, जिन्हें गौशाला में रखने की व्यवस्था की जा रही है। श्री राम सेवा संगठन के सदस्यों को सूचना मिली कि लगभग 8 से 10 कंटेनर पशुओं से भरे हुए गाड़ी जीरो माइल से होते हुए दूसरे राज्यों में भेजी जा रही है। सूचना मिलने के बाद कार्यकर्ताओं ने इसे बाईपास जीरो माइल के नजदीक कंटेनर को रोककर छानबीन शुरू कर दी। दो कंटेनर कार्यकताओं ने पशुओं को रेस्क्यू करने के बाद इसकी सूचना अगमकुआं थाने को दी, जबकि कई कंटेनर पशुओं को लेकर भागने में सफल हो गए। श्री राम सेवा संगठन के अध्यक्ष यशराज ने बताया कि दो कंटेनर गाड़ी में लगभग 200 से अधिक पशुओं को रेस्क्यू किया गया है। आसपास के जिलों में बड़े पैमाने पर पशु तस्कर सक्रिय हैं, जो पशुओं को बड़े पैमाने पर दूसरे राज्यों में ले जाकर बेच रहे हैं।

## शहर >> अपडेट

### श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए हुआ पूजा समिति का गठन

**मधुबनी :** प्रखंड के धनहा में अगले वर्ष 25 फरवरी से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन होगा। जिसको लेकर मंगलवार को यज्ञ पूजा समिति के गठन के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया।

## सिटी

### भवन विहीन चार विद्यालय हुए अन्य निकटवर्ती विद्यालयों में मर्ज

**बगहा :** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत वैसे चार विद्यालय जिनके पास अपना भवन या जमीन नहीं है वैसे विधालयों को पास के मध्य विद्यालय में विलय कर दिया गया है। जिसको लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। इसके अनुसार प्रखंड बगहा दो अंतर्गत तीन विद्यालय तथा रामनगर प्रखंड अंतर्गत एक विद्यालय को पास के दूसरे विद्यालय में मर्ज करने का आदेश जारी किया गया है। चार भूमिहीन एवं भवनहीन प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय को नजदीकी भवनयुक्त प्राथमिक अथवा मध्य विद्यालय से सम्बद्ध होकर संचालित हो रहे है, उनको शिक्षक इकाई सहित भवनयुक्त प्राथमिक अथवा मध्य विद्यालय में मर्ज किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश अनुसार बगहा दो प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय आनंद नगर औसानी को उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगलपुर, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कालीघाट मलकोली को मध्य विद्यालय मलकौली, नव श्रीजीत प्राथमिक विद्यालय पोखरा टोला शास्त्री नगर को बुनियादी विद्यालय शास्त्री नगर तथा रामनगर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रतनपुरवा को प्राथमिक विद्यालय ठाकुरबारी टोला में मर्ज करने का आदेश जारी किया गया है। हालांकि विद्यालयों के मर्ज होने से स्कूल की दूरी बढ़ गई है जिससे बच्चों को आने जाने में अतिरिक्त समय व कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### फर्जी निवास बनाने का अफवाह फैलाना पड़ेगा भारी, होगी कार्रवाई : अंचल प्रसाशन

**भितहा :** फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनाए जाने की झूठी अफवाह फैलाने वालों पर अब कार्यवाई होगी। अंचल प्रशासन द्वारा गहन जांच के बाद वैसे लोगो को चिन्हित किया जा रहा है जो लोग अफवाह में आरोप लगा रहे है। अंचल प्रशासन का कहना है कि अगर कोई भी आवेदक निवास जाति के लिए ऑनलाइन आवेदन करता है तो उसकी जांच हल्का कर्मचारी के द्वारा स्थल निरीक्षण सहित आम जनता से आवेदक के विषय में जानकारी प्राप्त कर ही जांच प्रतिवेदन कार्यालय में जमा किया जाता है। उसके बाद राजस्व अधिकारी के जांच प्रतिवेदन के आधार पर ही निवास प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। सीओ ने बताया कि कुछ लोग राजनीति एवं अपने निजी स्वार्थ के कारण फर्जी निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने की अफवाह गत दिनों फैलाया गया था। गौरतलब हो कि गत दिनों अंचल के भुईधरवा पंचायत अंतर्गत भुईधरवा गाव निवासी अनिल वर्मा एवं जयप्रकाश वर्मा पिता चन्द्रिका वर्मा द्वारा निवास एवं जाती प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा किया गया था। जहां हल्का कर्मचारी दीपक कुमार द्वारा मौके पर जा कर स्थल निरक्षण किया गया और स्थानीय लोगो से जानकारी ली गयी थी। जहां ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि आवेदक का घर पूर्व में भुईधरवा गांव का ही निवासी जो पूर्व में दस्यु गिरोह की डर से आवेदक द्वारा अपना दूसरा घर यूपी के दुदही में बनाया गया है। उसका दास्तवेजी जमीन भी है। लेकिन कुछ लोगो द्वारा स्थानीय राजनीति के कारण झूठा आरोप लगाया जा रहा है। इधर उक्त पंचायत के सरपंच पति हरेंद्र सिंह ने बताया कि आवेदक मूल रूप से भुईधरवा गांव का ही निवासी है। भितहाँ के आधे से अधिक लोगो का घर यूपी में बना है। लेकिन जमीन और घर बिहार में ही है। कहना है कि आवेदक मूल रूप से भुईंधरवा का निवासी है उसका खेती युक्त जमीन भी है। और घर बना है। उन्होंने बताया कि इनके पूर्वज लोगो का घर यहां पर था। उसी घड़ारीं पर ये लोग अपना घर बनाये है।

# कई समर्थकों के साथ डॉ. मंतोष ने जदयू का दामन छोड़ जनसुराज की ली सदस्यता

## जनसुराज के नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है लक्ष्य : डॉ. साहनी

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** राजधानी स्थित जनसुराज कार्यालय में राज्य के बड़े-बड़े हस्तियों के जुड़ने का शिलशिला जारी है। इसी कड़ी में जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ पूवीर्चंपारण के जिलाध्यक्ष डॉ. मंतोष कुमार साहनी ने जदयू के प्राथमिक सदस्यता और पद से इस्तीफा दे कर जनसुराज का दामन थाम लिया। उन्होंने कहा कि जदयू में मेरी अनदेखी की जा रही थी, निस्वार्थ भावना से आठ सालों से पार्टी के विभिन्न पदों पर रहते हुये पार्टी के लिये मैंने काम किया। लेकिन, पार्टी के द्वारा जो मान-सम्मान मिलना चाहिये, वह नहीं मिल रहा था। आगे उन्होंने कहा कि जनसुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर के विचारों से प्रभावित होकर मैं अपने साथियों के साथ जनसुराज का सदस्यता लिया हूँ। जनसुराज के नीतियों



और विचारों को जन-जन तक पहुंचाना व अधिक से अधिक लोगों को जनसुराज से जोड़ कर प्रशांत किशोर के सपनों का बिहार, विकसित बिहार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाउंगा। मेरे साथ भाजपा नेता सह परसौनी कपूर पंचायत के मुखिया पति डॉ. ललन सहनी, जदयू नेता रोहित गिरी, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष संजय मेहता, विनोद सहनी , विनय कुमार सहनी , राजेश गुप्ता व दून बहादुर सिंह ने भी जनसुराज का सदस्यता ग्रहण किया। यह कारवां अब बढ़ते हीं जाएगा।मौके पर जनसुराज जिलाध्यक्ष वीर मेहता, मार्गदर्शन मंडल के राय सुंदरदेव शर्मा, जिला महासचिव जयमंगल कुशवाहा, अभियान प्रभारी राणा रंजीत सिंह उपस्थित थे।

## ऑटो ड्राइवर के हत्यारे को गिरफ्तार करने में चार दिन बाद भी पुलिस नाकाम

राष्ट्रीय खबर

**सीसीटीवी में दिख रहा है वारदात व अपराधी**

**पटना सिटी :** मेहंदी गंज थाना इलाके की है जहां थाना से चंद मिनट की दूरी पर बेखौफ अपराधियों ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया था। ऑटो चालक अजय कुमार उर्फ सोनू को देव पेट्रोल पंप के समीप गोलियों से बुनकर फरार हो गया था चार दिन बीत गए। लेकिन, मेहंदी थाना पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार करने में नाकाम है। गौरतलब हो की शुक्रवार की सुबह देव पेट्रोल पंप पर ऑटो में तेल लेने आए अजय को बाइक सवार अपराधियों ने, गोलियों से छलनी कर दिया था, और हथियार लहराते फरार हो गया। बैक टू बैक गोली मारते अपराधियों की करतूत सीसीटीवी कैमरे



में कैद हो गई। फिर भी पुलिस अपराधियों की सुराग जूटाने में नाकाम है। अपराधियों ने घटना का अंजाम सुबह में दिया था जिससे मेहंदी गंज थाना पुलिस के गश्ती पर भी सवाल उठा है। लेकिन, 4 दिन बीत गए अपराधी पुलिस से कोसों दूर है। जिससे मेहंदी गंजथाना पुलिस की कार्यशैली इलाके में चर्चा का विषय बन गया है।

## आश्चर्य! एक हीं फ्लैट में हंसी-खुशी जिंदगी व्यतीत करते मिले बलात्कार पीड़िता व आरोपी

### युवती परिजनों के हवाले व आरोपी किशोर को भेजा गया बाल सुधार गृह

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** रेप का एक आश्चर्यजनक मामला सामने आया है। पुलिस ने दुष्कर्म की पीड़िता और आरोपी दोनों को पटना में एक ही फ्लैट से पकड़ा है। दरअसल, ये पूरा मामला बक्सर जिले के नगर थाना क्षेत्र का है। इस साल 8 अक्टूबर को नगर थाने में एक किशोरी ने एक युवक पर दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया। दर्ज प्राथमिकी में किशोरी ने रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के रहने वाले एक नाबालिग युवक को नामजद आरोपी बनाया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। जांच के दौरान, जिस लड़के पर लड़की ने रेप का आरोप लगाया, उस लड़के के साथ पटना के एक फ्लैट में मिली। 26 अक्टूबर को आरोपी युवक के परिजनों ने रोहतास जिले के दावथ थाने में नाबालिग युवक को भगाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई। इस प्राथमिकी में बक्सर के नगर थाना की उस किशोरी को ही आरोपी बनाया गया, जिसने युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। दावथ थाने की पुलिस भी इस मामले की जांच कर रही थी। इसी बीच, पटना के बुद्धा कॉलोनी के एक फ्लैट से किशोर और युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार युवती को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया। जबकि, किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया। बक्सर जिले के महिला थाना की प्रभारी कंचन कुमारी ने बताया कि दोनों को कोर्ट में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सेरेब्रल पाल्सी दिव्यांगो के लिए दो दिवसीय चिकित्सा शिविर आयोजित

राष्ट्रीय खबर

**दिव्यांगजनों के बीच किया गया कंबल व आवश्यक सामग्रियों का वितरण**

**सीतामढ़ी :** दिव्यांगों की बेहतरी के लिए कार्य कर रही संस्था आरोग्या फाउंडेशन फॉर हेल्थ प्रमोशन एवं कम्युनिटी बेस्ड रिहैबिलिटेशन व लायंस क्लब यूथ के तत्वावधान में विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर डुमरा रोड स्थित दिव्यांगन केंद्र पर दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन सेरेब्रल पाल्सी दिव्यांगो के लिए किया गया। साथ ही राष्ट्रीय न्यास, भारत सरकार की निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना एवं आरपीडब्लूडी एक्ट 2016 नेशनल ट्रस्ट एक्ट विषयक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरोग्या के सचिव सह फिजियो चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार सुमन ने दिव्यांगो व उनके परिजनों की आरपीडब्लूडी एक्ट एवं निरामया वीमा के बारे में बिस्तृत जानकारी दी। डॉ. राजेश बताया की हमें दिव्यांगो के प्रति



संवेदना का परिचय देते हुए हमारा महत्वपूर्ण लक्ष्य दिव्यांगो की अक्षमता के मुद्दे की और लोगो की जागरूकता और समझ को बढ़ाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वालित कर मुंबई से आये पेडियाट्रिक ओथोर्पेडिक सर्जन डॉ. मुदित कुमार साह, प्रसिद्ध ओथोर्पेडिक सर्जन डॉ. आलोक कुमार सिंह, आरोग्या एवं लायंस क्लब सीतामढ़ी यूथ के अध्यक्ष डॉ एस के वर्मा, डॉ आलोक कुमार, डॉ प्रतिमा आनंद, डॉ विजय सराफ, अमित प्रकाश गोल्डी, एवं आरोग्या के सचिव डॉ राजेश कुमार सुमन के द्वारा किया गया। वहीं बच्चों के बिच गिफ्ट, स्कूल बैग, चॉकलेट ,मिठाईयाँ भी बांटी गयी। दो दर्जन दिव्यांगों को कम्बल भी संस्था द्वारा प्रदान किया गया। मौके पर लायंस क्लब सीतामढ़ी के सदस्य डॉ विजय सराफ, आरोग्या में कार्यरत मधुरिमा रानी, लायंस राइज ट्रस्ट के राहुल रंजन ,दिव्यांगन मे कार्यरत बबन कुमार, डॉ. उत्पला, ममता कुमारी, सुगंधा, शिप्रा, प्रिन्सी पांडे, दर्जन्नो दिव्यांग बच्चे एवं उनके अभिभावक मौजूद थे।

## सारण में राजद नेता की गोली मारकर हत्या




**छपरा:** बिहार में सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने मंगलवार की सुबह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि समस्तपुर गांव निवासी राजद नेता किशोर कुमार महतो उर्फ विधायक जी (31)चाय पीने के बाद अपनी मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

## पहले दिन हीं नहीं पहुंची केन्द्र सरकार की प्रचार वाहन

राष्ट्रीय खबर

**घंटों इंतजार कर वापस हुए ग्रामीण योजनाओं से वंचित हुए लोग**

**सुगौली, पू.च. :** विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर पहले दिन सुगौली प्रखण्ड के उत्तरी छपरा बहास पंचायत में लगे शिविर में जिला से आने वाला प्रचार वाहन नही पहुंचा। हल्की कार्यक्रम के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम समय पर पहुंची और शिविर लगाकर सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। और आवश्यकता अनुसार मुफ्त दवाइयां बाटी गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तेज प्रताप त्यागी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित कारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी जाने वाली थी। यह शिविर दक्षिणी छपरा बहास और उतरीं श्रीपुर पंचायत में लगने वाली थी पर प्रचार वाहन ही नही पहुंची। दक्षिणी छपरा बहास पंचायत के पंचायत भवन पर मुखिया के प्रतिनिधि अनिरुद्ध सिंह, पंचायत सचिव विधासागर प्रसाद, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत सुगौली के भारत गैस एजेंसी के कर्मी मौजूद थे। स्वास्थ्य विभाग के भारत सरकार के सीएमओ एसएजी डॉ आरएन मंडल, कुमार विमलेंदु, बीएचएम आदित्य रंजन, सीएचओ मुस्तजाब आलम, अमित कुमार सिंह, रविरंजन कुमार शिवनंदन कुमार, सरिता राज भर सहित स्वास्थ्य कर्मी की टीम मौजूद रही। घंटों इंतजार कर वापस चलें गये साथ ही चल रही केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी मिलने से वंचित रहें।

## अल्पसंख्यक मंत्री की एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक जवान मौत

राष्ट्रीय खबर

**चार पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल, ईलाज जारी**

**घटना के बाद मृतक पुलिस जवान के घर पसारा मातम**

**सासाराम (रोहतास) :** बिहार सरकार अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खान के एस्कॉर्ट में लगे रोहतास पुलिस गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिस घटना में चालक होमगार्ड जवान की मौत हो गयी। जबकि वहान में सवार अन्य चार पुलिस कर्मी बुरी तरह घायल हो गये। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की रात जिला के कोचस थाना क्षेत्र के एनएच-





30 में परस्थुआं ओपी क्षेत्र के चितौनी गांव समीप अल्पसंख्यक मंत्री जमा खान के एस्कॉर्ट कर रही पुलिस गाड़ी सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें घायल पुलिस कर्मी को लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे देखते हुए मृत घोषित कर दिया। मृतक 50 वर्षीय चालक होमगार्ड जवान जमालुद्दीन खान जो नोखा थाना क्षेत्र के मेंयारी बाजार निवासी ताजुद्दीन खान का पुत्र बताया जाता है। दूसरी तरफ घटना में पुलिस जवान रमेश कुमार, मनोज कुमार, अर्चना कुमारी सहित रानी कुमारी गंभीर रूप से घायल अवस्था में डॉक्टरों ने सीएचसी से सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में रोहतास एसपी विनीत कुमार ने बताया कि कोचस थाना क्षेत्र में रोहतास पुलिस लाइन की एस्कार्ट गाड़ी सोमवार की देर रात दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली है। जिसमें 1 होम गार्ड चालक की मौत सहित 4 पुलिस कर्मी जख्मी है। जो सभी जख्मी पुलिस कर्मी खतरे से बाहर है। जिसका डीआईजी शाहाबाद, एसपी तथा एसडीपीओ अस्पताल पहुंच सभी जख्मी पुलिस कर्मियों के स्थिति का जायजा लिया।

## न्यूज फटाफट

### मधेपुरा में फर्जी नियोजित शिक्षक गिरफ्तार, 17 साल से कर रहा था नौकरी

**मधेपुरा :** जिले के कुमारखंड पुलिस ने थाना क्षेत्र के बिशनपुर कोड़लाही गांव में छापेमारी कर फर्जी सर्टिफिकेट पर नौकरी कर रहे नियोजित शिक्षक को गिरफ्तार किया है। इससे पहले जांच के दौरान शिक्षक का सर्टिफिकेट फर्जी पाया गया था। बता दें कि पटना हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा था, जो भी फर्जी शिक्षक हैं, स्वेच्छा से रिजाइन कर दें। उनपर कोई कार्रवाई नहीं होगी। जो नहीं करेंगे अगर जांच में फर्जी पाए जाएंगे तो सख्ती से कार्रवाई होगी। फिलहाल शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। कोर्ट के आदेश के बावजूद विकास कुमार सिंह ने रिजाइन नहीं किया था। इस मामले को लेकर कुमारखंड थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना के पुलिस निरीक्षक शहनवाज रिजवी के आवेदन पर दर्ज एफआईआर के आधार पर फर्जी अंक पत्र पर शिक्षक बने विकास कुमार सिंह पर कार्रवाई की गई है।

### बीपीएससी उतीर्ण 17 वीं रैंक ला अभियोजन पदाधिकारी बनी शिवानी, मिल रही बधाइयां

#### फूले नहीं समा रहा पूरा चमुआ गांव

राष्ट्रीय खबर

**नरकटियागंज प.च. :** अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली जिले की बेटीयो की कतार में एक के बाद एक नाम जुड़ते जा रहा है। इसी कड़ी में एक और नाम है जो शिकारपुर थाना क्षेत्र के चमुआ गांव निवासी कृष्ण कुमार पाठक की लाडली बेटी शिवानी पाठक की है। वे हाल ही में बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा को क्रैक कर अभियोजन पदाधिकारी बन गई है। परीक्षा में उन्हें 17वां रैंक मिला है। अपने पहले ही प्रयास में



शिवानी ने परीक्षा उतीर्ण कर नरकटियागंज समेत पूरे जिले का मान बढ़ाया है। शिवानी विधि विषय से स्नातकोत्तर कर यूजीसी नेट पास की है। वर्तमान में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग भारत सरकार में कार्यरत हैं। शिवानी के पिता श्री पाठक भारतीय जीवन बीमा निगम दिल्ली में कार्यरत हैं। शिवानी दो बहनों में छोटी हैं। अपनी सफलता का श्रेय उसने माता-पिता और चाचा दी है। जो प्लस टू उच्चतर माध्यमिक स्कूल के शिक्षक लोकेश पाठक के रूप में है। उसने बताया कि मार्गदर्शन व प्रेरणा की बदौलत उसने यह सफलता पाई है। शिवानी की सफलता पर पूरा चमुआ गांव फूले नहीं समा रहा है।

### नगर-प्रशासन नोखा मस्त, जाम से जनता त्रस्त

**जाम के झाम में फंसे रहते है सैकड़ों स्कूली बच्चें**

**सक्षम विभाग बना मूकदर्शक और पूरे दिन जाम से जूझते रहे लोग**

राष्ट्रीय खबर



**नोखा (रोहतास) :** स्थानीय नगर परिषद के मुख्य बाजार में शहर सहित अन्य इलकों की सड़कें महाजाम से अस्त-व्यस्त रहीं। जिसमें यात्री और स्कूली बच्चें फंसकर त्राहिमाम करते रहे। ज्ञात को की विभिन्न सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में छूट्टी होने के बाद उसकी बसें व गाड़ियों में सैकड़ों बच्चे भूख-प्यास से बिलबिलाते नजर आते हैं। जिस महाजाम के चलते मासूम बच्चे कई घंटे बाद अपने घर पहुंचते है। इस बीच नोखा नगर परिषद शहर क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली मुख्य सड़के भी जाम की भेंट चढ़ जाती है। जिस जाम को हटाने में सरकारी सिस्टम भी बिल्कुल फेल हो गया गया। वही नगर परिषद ईओ,सभापति सहित स्थानीय पुलिस भी इस जाम को हटवाने में विफल हो मूकदर्शक बन जाम का प्रतिदिन तमसा देखते रहते है। जो जाम का सबसे बड़ा कारण सड़कों पर अतिक्रमण का लगाना है। जिससे निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन कवायद करता है-योजनाएं भी बनती हैं, लेकिन बाद में सबकुछ टांय-टांय फिस्स साबित नजर आता है। जिसके कारण अब नोखा प्रखंड की बेचारी जनता जाम से जूझने का अपने जीवन एक जीवन का नियति दिनचर्या बना लिया।

### कृषि विज्ञान केंद्र में किया गया विश्व मृदा दिवस का आयोजन

**पराली नही जलाने का किसानों ने लिया संकल्प**

राष्ट्रीय खबर



**बिक्रमगंज (रोहतास) :** रोहतास कृषि विज्ञान केंद्र में विश्व मृदा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ में कृषि विज्ञान के वरीय वैज्ञानिक और प्रधान ने की। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने ने बताया कि मिट्टी से अच्छे उत्पादन एवं गुणवत्तापूर्ण फसल के लिए एक अभिन्न अंग है। जो वर्तमान में यह अत्यंत आवश्यक है की हम मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने हेतु अपने खेतों की मिट्टी जांच अवश्य कराते हुए संतुलित खाद का व्यवहार करें। कृषि विज्ञान केंद्र में मिट्टी जांच की सुविधा भी उपलब्ध है। जिससे किसान जान पायेंगे की उनकी मिट्टी में किन-किन पोषक तत्वों की कमी है। जिसके आधार पर किसान संतुलित खाद का व्यवहार कर सकते हैं। वैज्ञानिक आरके जलज ने बताया की किसान धान कटने के बाद पराली को कभी नहीं जलाये। जिस पराली को जलाने से मिट्टी में उपस्थित कार्बनिक पदार्थ में कमी साथ मिट्टी उपजाऊ मिट्टी खराब होती है। इस कार्यक्रम तहत बीज, जीवाअमृत घनजीवाअमृत, दसपड़नी अर्क बनाने का किसानों ने प्रशिक्षण लेते हुए मृदा नहीं जलाने का शपथ लिया। वही उद्यान वैज्ञानिक डॉ रतन कुमार ने किसानों को मिट्टी के पोषक तत्व अंतर्गत फल फूल एवं सब्जियों की उत्पादन और कुप्रभाव से बचने की जानकारी दी। इस अवसर पर धनंजय सिंह,कौशल कुमार, गुलाब लाल सिंह, प्रियदर्शनी सिंह, अर्जुन सिंह, सत्येंद्र सिंह अमरेश कुमार, सुरेश सिंह, कुंती देवी, मालती देवी, सबीखतूं सहित प्रवीण कुमार पटेल ,हरेंद्र प्रसाद शर्मा, अभिषेक कौशल, राकेश कुमार व सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## संपादकीय

# राजनीतिक सत्ता को अस्वीकार किया मिजोरम ने

मिजोरम में राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त वोट शेयरों पर एक सरसरी नजर - विजयी जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) को 37.9 फीसद, मौजूदा मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को 35.1 फीसद, कांग्रेस को 20.8 फीसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 5.1 फीसद वोट मिले। यह प्रतिशत सुझाव देता है कि खंडित जनादेश के कारण जेडपीएम 40 सीटों में से 27 सीटों पर स्पष्ट बहुमत हासिल करने में कामयाब रही। फिर भी, यह केवल एक सीमित रीडिंग होगी क्योंकि क्षेत्रीय पार्टी ने एमएनएफ और कांग्रेस के बीच सत्ता घूमने के साथ राज्य में 36 साल पुराने एकाधिकार को भी खत्म कर दिया है। एमएनएफ को हराना भी आसान नहीं था, क्योंकि जोरमथांगा के नेतृत्व वाली पार्टी ने मणिपुर में कुकी-जो आदिवासियों और पड़ोसी म्यांमार में चिन लोगों के साथ अपनी एकजुटता दिखाकर जातीय राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने की कोशिश की थी, दोनों अलग-अलग संघर्षों में फंसे हुए हैं। भाजपा की तरफ से प्रचार करने नरेंद्र मोदी एक बार भी इस राज्य में नहीं गये।



इस बीच कांग्रेस ने मुख्य रूप से ईसाई बहुल राज्य में मतदाताओं को लुभाने की कोशिश की, इस तथ्य पर जोर देकर कि क्षेत्रीय दल हिंदुत्व को बढ़ावा देने वाली भाजपा के संभावित सहयोगी हैं, खासकर एमएनएफ जो भाजपा के नेतृत्व वाले उत्तर पूर्व लोकतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा है। मतदाताओं की बहुलता - भारत के दूसरे सबसे कम आबादी वाले राज्य में 8.6 लाख मजबूत मतदाताओं में से एक तिहाई से अधिक - ने जातीय राष्ट्रवाद या सामुदायिक अपील की राजनीति से परे देखने की मांग की और जेडपीएम का समर्थन किया, यह सुझाव देता है कि यह भ्रष्टाचार मुक्त शासन का आह्वान है और युवाओं के हितों को केंद्र में रखते हुए शासन के एजेंडे को निर्णायक संख्या में स्वीकार किया गया। जेडपीएम खुद को बदलाव की ताकत के रूप में पेश करने में सफल रही क्योंकि उसे मिजोरम के नागरिक समाज के लोकप्रिय सदस्यों को पार्टी का समर्थन मिला, यहां तक कि कुछ ने उम्मीदवारों के रूप में इसका प्रतिनिधित्व भी किया। इससे पूर्व आईपीएस अधिकारी और संभावित मुख्यमंत्री लालदुहोमा के नेतृत्व वाली पार्टी को निर्णायक ताकत मिली। जेडपीएम के अपने दम पर सत्ता में आने से, उसके लिए अपने अर्ध-आंदोलन आदर्शों के प्रति सच्चा बने रहना आसान हो जाएगा, लेकिन उसे गठबंधन में भाजपा को समायोजित करने के लिए भाजपा (जिसने दो सीटें जीती थीं) से प्रस्ताव प्राप्त होंगे। जेडपीएम को केंद्र सरकार के साथ राज्य के संबंध बनाने की कोशिश करते हुए भी स्वच्छ और स्वतंत्र शासन के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक नाजुक संतुलन बनाना होगा। छोटे राज्यों, विशेष रूप से उत्तर पूर्व में, के पास संसाधन जुटाने के सीमित रास्ते हैं और वे अपने वित्त के लिए केंद्र सरकार पर बहुत अधिक निर्भर हैं। उदाहरण के लिए, मिजोरम का राजस्व प्राप्तियों का अनुपात देश में सबसे अधिक है - 85.7 फीसद। यदि जेडपीएम अपनी आबादी की उच्च साक्षरता दर और शिक्षा का लाभ उठाते हुए कृषि से परे अर्थव्यवस्था को पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन और मूल्य वर्धित सेवाओं जैसे क्षेत्रों में विविधता लाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित कर सकता है, तो यह राज्य में निर्णायक बदलाव के अपने वादे को पूरा कर सकता है। इसलिए यह समझा जा सकता है कि वहां की शिक्षित आबादी ने खुद फैसला करने के साथ साथ आम जनता को भी राजनीति के फायदे और नुकसान बताने का काम किया है। वरना मतों के प्रतिशत का अंतर कम होने के बाद भी किसी नये दल को इस किस्म की सफलता की उम्मीद कम होती है। कुछ ऐसा ही दिल्ली के चुनाव में भी हुआ था जबकि आम आदमी पार्टी ने एक साथ भाजपा और कांग्रेस को जोरदार पटखनी दे दी थी। उसके बाद की कड़ी में पंजाब का नाम भी आ गया। यह एक ऐसा जनादेश भी है जो बड़ी पार्टियों को जनता के प्रति अपने नजरिए को बदलने का संकेत दे रही है। इसके बीच एक छिपा हुआ संकेत यह भी है कि तमाम जनसमर्थन के बाद भी अब भाजपा या यूं कहें को नरेंद्र मोदी को और कठिन परीक्षा से गुजरना होगा क्योंकि जनता अब सरकार के हर फैसले को अपने नफा नुकसान से जोड़कर देखना सीख रही है। मिजोरम में नये दल के अपनी जीत के साथ साथ पूर्वोत्तर के लिए अलग राजनीतिक संकेत दिया है। भाजपा के प्रस्ताव को नकारकर वह एनडीए का झंडाबरदार बनने से इंकार कर चुकी है। वरना यहां के कई अन्य राज्यों में चंद विधायकों की बदौलत भी भाजपा सरकार में शामिल है, जो राष्ट्रीय स्तर पर उसकी पहचान को मजबूत करता है। अब मिजोरम के बाद दूसरे राज्यों में गैर भाजपा गैर कांग्रेस दल भी अपने अस्तित्व की बात सोच सकते हैं। इन राज्यों में भाजपा के साथ होने का फायदा क्या हुआ, यह गिना जाने लगा है।

# राजस्थान में आपसी कलह से हारी कांग्रेस

राजस्थान विधानसभा चुनाव में लोगों को जैसी अपेक्षा थी उसी के अनुरूप चुनाव परिणाम देखने को मिले हैं। पिछले पांच विधानसभा चुनाव से प्रदेश में हर बार राज बदलने की परंपरा छठी बार भी कायम रही है। अशोक गहलोत के लाख प्रयासों के उपरांत भी कांग्रेस पार्टी प्रदेश में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज नहीं बना बदल पाई और सत्ता गंवा दी। राजस्थान के मतदाताओं ने भाजपा की भारी बहुमत से ताजपोशी की है ताकि अगले पांच साल तक वह बिना किसी बाधा के राज कर सके।

प्रदेश में भाजपा 115 सीटों के पर्याप्त बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। वहीं कांग्रेस का आंकड़ा 108 से घटकर 69 सीटों पर ही सीमट गया है। प्रदेश के मतदाताओं ने तीसरे मोर्चे के नाम पर नेतागिरी कर रहे बड़बोले नेताओं को भी चुनाव में उनकी जगह दिखा दी है। बहुजन समाज पार्टी मात्र दो सीटों पर सीमट गई। वहीं



**रमेश सर्राफ धमोरा**
पत्रकार

सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने का दावा करने वाले नागौर के सांसद व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल अपनी खुद की खींवसर विधानसभा सीट पर मात्र 2059 मतों के अंतर से जीत सके हैं। उनकी पार्टी के सभी प्रत्याशी पराजित हो गए। चुनाव से कुछ महीना पहले ही बांगड़ के आदिवासी क्षेत्र में बनाई गई भारतीय आदिवासी पार्टी के तीन विधायक जीतने में सफल रहे हैं। हालांकि भारतीय आदिवासी पार्टी आदिवासी क्षेत्र में पहले भारतीय ट्राईबल पार्टी के नाम से पिछले विधानसभा चुनाव में उतरी थी और उसके दो विधायक जीते थे। उन्ही दोनों विधायकों ने भारतीय आदिवासी पार्टी के नाम से नई पार्टी का गठन किया था। आठ निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं। जिनमें से एक कांग्रेस का व सात भाजपा के बागी थे।

विधानसभा चुनाव से पहले अशोक गहलोत ने चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए पूरा जोर लगा दिया था। मगर कांग्रेस में चल रही आपसे गुटवाजी के चलते मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी को सिरे से ठुकरा दिया। विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही पार्टी के मुख्य चेहरे बने हुए थे। उन्हीं के चेहरे पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था। पार्टी की सभी प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर, होडिंगों में अशोक गहलोत की छाए हुए थे। अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई प्रचार कंपनी डिजाईन बाक्स व उसके बड़बोले निदेशक नरेश अरोड़ा भी चुनाव जितवाने में नाकाम रहे। सचिन पायलट पूरे चुनाव में ही साइड लाइन रहे। टिकट वितरण के दौरान सचिन पायलट ने जिस तरह से गहलोत के सामने हथियार डाले दिये थे।

उस पर बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषकों को भी आश्चर्य हुआ। चुनाव से पहले सुचिता की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले पायलट ने जिस तरह से गहलोत समर्थक शांति धारीवाल, प्रमोद जैन भाया जैसे विवादित लोगों को टिकट देने पर अपनी सहमति जताई उससे सभी अचंभित रह गए। लोगों का कहना था कि पायलट ने अपने समर्थक कुछ लोगों के टिकट क्लियर करवाने के चक्कर में गहलोत से अंदर खाने अघोषित समझौता कर लिया था। चुनाव में पायलट के कहने पर करीबन 40 लोगों को टिकट मिली जबकि गहलोत समर्थकों की संख्या 150 से भी ऊपर थी। चुनाव से पहले गहलोत बार-बार कहते थे कि प्रदेश की जनता में सरकार के खिलाफ नकारात्मक माहौल नहीं है। जनता प्रदेश सरकार के कामों से खुश है। विधायकों को लेकर जनता में नाराजगी है। इसलिए हम बड़ी संख्या में नए लोगों को मैदान में उतरेंगे। मगर चुनाव आते-आते सारी बातें कागजों में ही रह गई और धड़ाधड़ बूढ़े व मौजूदा विधायकों को मैदान में उतार दिया गया। जिसका नतीजा कांग्रेस को करारी हार के रूप में देखना पड़ा।

अशोक गहलोत ने सबसे बड़ी गलती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने खुद को चेहरा बना कर कर दी। राजस्थान में भाजपा ने किसी को भी चेहरा बनाकर चुनाव नहीं लड़ा था। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे व कमल के फूल के निशान पर चुनाव लड़ा था। वहीं अशोक गहलोत ने सामूहिक नेतृत्व के स्थान पर खुद को ही आगे कर पूरी चुनावी व्यूह रचना की थी जिसमें वह नाकाम रहे। कई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को अपने बागी प्रत्याशियों की नाराजगी के चलते भी हार का सामना करना पड़ा है। समय रहते कांग्रेस पार्टी आंतरिक बगावत पर नियंत्रण नहीं कर पाई।

पार्टी के प्रदेश पर भारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व तीनों सह प्रभारी का तो चुनाव के दौरान पता ही नहीं चला कि वो कहां रहे। राजस्थान में कांग्रेस को रसातल में पहुंचने में प्रभारी सुखजिंद्र रंधावा भी बहुत जिम्मेदार है। रंधावा का पूरा समय गहलोत सरकार की जी हुजूरी करते व लोगों को पदाधिकारी नियुक्त करने मे ही निकल गया और कांग्रेस पार्टी सत्ता से बाहर हो गई। कांग्रेस कार्यकताओं का कहना है कि रंधावा ने जिनको पदाधिकारी बनाया है उसमें खुलकर भ्रष्टाचार हुआ है।

पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से सीट व मत अधिक मिले थे। मगर इस बार कांग्रेस की सीटें घटने के साथ भाजपा की तुलना में मत भी कम हुए हैं। इस बार कांग्रेस को 39.53 प्रतिशत वहीं भाजपा को 41.69 प्रतिशत मत मिले हैं। बहुजन समाज पार्टी को 1.82 प्रतिशत वहीं हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को 2.39 प्रतिशत मत ही मिल पाए हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रति जनता में इतनी अधिक नाराजगी थी की सरकार के 17 मंत्री सहित विधानसभा अध्यक्ष, सरकारी सचेतक तक चुनाव हार गए। यही नहीं अशोक गहलोत व सचिन पायलट के जीत का अंतर भी काफी कम हुआ है। अशोक गहलोत ने चुनाव से पहले लोगों को सात गारंटी देकर वादा किया था कि फिर से सरकार बनने पर जनता को इन सात योजनाओं के तहत लाभ पहुंचाया जाएगा। मगर प्रदेश की जनता ने उनके वादों पर ध्यान ही नहीं दिया। मतदाताओं का कहना था कि पांच साल सत्ता में रहने के दौरान जो करना था कर दिया। अब सब चुनावी वायदे हैं। प्रदेश के किसानों का ना तो ऋण माफ हुआ ना ही बेरोजगारों को नौकरियां मिली। ऊपर से भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने से योग्य उम्मीदवारों का चयन होने से रह गया। अशोक गहलोत का घमंड, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बड़बोले बयान व उनके रिश्तेदारों का प्रशासनिक अधिकारी पदों पर चयन होना, मंत्री सुभाष गर्ग का भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक करवाने में नाम आना, मंत्री धारीवाल का विधानसभा में महिलाओं के प्रति अशोभनीय वक्तव्य, खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के खुलआम भ्रष्टाचार के कारनामे, राजेंद्र गुढ़ा का लाल डायरी प्रकरण, शांति धारीवाल, महेश जोशी, धर्मेंद्र राठौर द्वारा आलाकमान के निर्देशों की अवहेलना करने जैसे मुद्दे कांग्रेस की छवि खराब करने के लिए काफी थे।

# इस तरह पेड़ पौधे करते हैं बातें

प्रकृति से ही पूरा संसार चलता है और प्रकृति से ही पृथ्वी पर जीवन भी है। जिस दिन प्रकृति किसी चीज से नाराज हो जाती है, उस दिन कई तरह की परेशानियां मनुष्य देखता है। महात्मा बुद्ध ने अपने भक्त को बताया कि किस तरह प्रकृति मनुष्य से बात करती है और उसका जीवन में कितना महत्वपूर्ण रोल भी है...एक दिन महात्मा बुद्ध एक वृक्ष को नमन कर रहे थे। दूर खड़े एक भिक्षु ने देखा तो उसे हैरानी हुई। वह बुद्ध के पास गया और पूछा, 'भंते! आपने इस वृक्ष को नमन क्यों किया?' भिक्षु की बातें सुनकर बुद्ध ने जवाब में कहा, 'क्या इस वृक्ष को मेरे नमन करने से कुछ अनहोनी हो गई?' शिष्य बोला, 'नहीं भगवन! ऐसी बात नहीं, पर मुझे यह देखकर थोड़ी हैरानी अवश्य हुई कि आप जैसा ज्ञानी महापुरुष इस वृक्ष को नमस्कार



कर रहा है, जबकि यह न तो आपकी किसी बात का उत्तर दे सकता है और न ही आपके नमन करने पर अपनी प्रसन्नता जाहिर कर सकता है।' बुद्ध मुस्कराए और उन्होंने कहा, 'वत्स! तुम्हारा सोचना गलत है। वृक्ष भले बोलकर उत्तर न दे सकता हो, पर जिस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति की एक भाषा होती है, उसी प्रकार प्रकृति की भी अपनी भाषा होती है। वृक्ष में भी प्राण हैं, उसकी भी अपनी भाषा है। इस वृक्ष के नीचे बैठकर मैंने साधना की है। इसकी घनी पत्तियों ने मुझे शीतलता प्रदान की है। चिलचिलाती धूप, वर्षा से इसने मेरा बचाव किया है। प्रत्येक पल इसने मेरी सुरक्षा की। इसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना मेरा परम कर्तव्य है। और बात सिर्फ इस पेड़ की नहीं है। प्रत्येक जीव को समस्त प्रकृति का कृतज्ञ होना चाहिए।'आगे बुद्ध ने समझाया, 'तुम इस वृक्ष की ओर ध्यान से देखो। इसकी हिलती हुई टहनियों को देखो, इसके हिलते हुए पत्तों को देखो। इससे आने वाली मंद-मंद हवा को महसूस करो। धीरे-धीरे तुम इससे जुड़ने लगोगे। फिर महसूस करोगे कि ये वृक्ष बातें भी करते हैं।' बुद्ध की बात पर शिष्य ने वृक्ष को नए आलोक में देखा तो उसे अनुभव हुआ सचमुच वृक्ष की पत्तियां, शाखाएं, फूल मन को एक अद्भुत शांति प्रदान कर रहे हैं।

## नजरिया

# यूपी में भी आयेगा सियासी बदलाव



**अजय कुमार**
पत्रकार

पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव में से हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश,राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधान सभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के अलावा किसी भी दल की दाल नहीं गल पाई।इन राज्यों में जिस पार्टी की जितनी 'हैसियत'थी,उसे यहां की जनता ने उस हिसाब से सबक सिखाया। कांग्रेस के अलावा समाजवादी पार्टी,बहुजन समाज पार्टी,जनता दल युनाइड जैसी तमाम क्षेत्रीय पार्टियां सियासी मैदान में दम तोड़ते दिखीं,लेकिन सबसे अधिक चर्चा कांग्रेस की हार की हो रही है।गांधी परिवार पर चौतरफा हल्ला बोला जा रहा है।भाजपा हमलावर है यह बात तो समझ में आती है,लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमों मायावती जिनकी भी परफारमेंस इन चुनावों में किसी तरह से अच्छी नहीं थी,उनके तो दोनों हाथों में मानों लड्डू आ गया है। इन दोनों दलों के मुखिया कांग्रेस और गांधी परिवार को आईना दिखा रहे हैं तो भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर ईवीएम पर सवाल उठाकर अपनी हार पर एक तरफ पर्दा डाल रहे हैं तो दूसरी तरफ व्यांग्नात्मक लहजे में बीजेपी की जीत पर तंज भी कस रहे हैं।कांग्रेस की हार से इत्तर यदि समाजवादी पार्टी की हार की बात की जाये तो 1993 में पार्टी के गठन के बाद से सपा को सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ा है।सपा को मध्य प्रदेश से काफी उम्मीद थी,लेकिन उसे यहां मात्र 0।45 फीसदी वोट मिले,इतने कम वोट सपा को कभी नहीं मिले थे। पिछले 25 वर्षों में पहली बार सपा के कुल वोटों का आंकड़ा दो लाख भी नहीं पार कर पाया।सपा ने मध्य प्रदेश में 74 उम्मीदवार उतारे थे।इन उम्मीदरवारों के समर्थन में अखिलेश यादव ने करीब एक दर्जन सभाएं की थीं।अखिलेश के अलावा डिंपल यादव,शिवपाल यादव सहित तमाम नेता चुनाव प्रचार का हिस्सा बने थे।परंतु यहां न सपा का पीडीए कार्ड चला, ना ही जातीय जनगणना वाला दांव सही बैठा।अब अखिलेश ईवीएम पर भी सवाल खड़ा करते हुए कह रहे हैं कि अमेरिका,जापान, जैसे टेक्नालाजी सम्पन्न देश बैलेट पेपर से चुनाव कराते हैं।इसी तरह से बसपा को राजस्थान से काफी उम्मीद थी।मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बसपा ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से गठबंधन किया था।एमपी में बसपा ने 178 और गणतंत्र पार्टी ने 50 उम्मीदवार उतारे थे।छत्तीसगढ़ में बसपा ने 53 और गोंडवाना पार्टी ने क्रमशः 53 और 37 प्रत्याशी खड़े किये थे।लेकिन राजस्थान की दो सीटों के अलावा बसपा का कहीं खाता नहीं खुला, जबकि एमपी और छत्तीसगढ़ में बसपा ने पिछले चुनावों में दो-दो सीटें जीती थीं।बसपा प्रमुख राज्यों के चुनाव परिणाम को विचित्र बता रही हैं।वह अपने कार्यकताओं से कह रही हैं किइस अजूबे परिणाम से निराश न हों और पूरे उत्साह के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जायें। खैर,बेहतर यह होता कि चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करने की बजाये यह दल अपने गिरेबान में झांक कर देखते।अखिलेश यादव को समझना चाहिए कि स्वामी प्रसाद मौर्या जैसे नेताओं से सतानत धर्म को गाली दिलाकर वह चुनाव जीत सकते हैं तो यह उनकी गलतफहमी है।क्योंकि भले ही हिन्दू समाज में अभी भी थोड़ा-बहुत जातपात दिख जाता है,लेकिन हिन्दू देवी-देवताओं को गाली के खिलाफ पूरा हिन्दू समाज एकजुट खड़ा रहता है।

**भाजपा हमलावर है यह बात तो समझ में आती है,लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमों मायावती जिनकी भी परफारमेंस इन चुनावों में किसी तरह से अच्छी नहीं थी,उनके तो दोनों हाथों में मानों लड्डू आ गया है।**

## जानकारी

# बूंदी



राजा देवा के उपरान्त राजा बरसिंह ने पहाडी पर1354 में तारागढ़ नामक दुर्ग का निर्माण करवाया। साथ ही दुर्ग मे महल और कुण्ड-बावडियो को बनवाया। 14 वी से १७वी शताब्दी के बीच तलहटी पर भव्य महल का निर्माण कराया गया। सन 1620 को महल मे प्रवेश के लिए भव्य पोल(दरवाजा) का निर्माण कराया गया। पोल को दो हाथी कि प्रतिमुर्तियों से सजाया गया उसे 'हाथीपोल' कहा जाता है। राजमहल मे अनेक महल साथ ही दिवान- ए - आम और दिवान- ए - खास बनवाये गये। बूँदी अपनी विशिष्ट चित्रकला शैली के लिए विख्यात है, इसे महाराव राजा 'श्रीजी' उम्मेद सिंह ने बनवाया जो अपनी चित्रशैली के लिए विश्वविख्यात है। बूँदी के विषयों में शिकार, सवारी, रामलीला, स्नानरत नायिका, विचरण करते हाथी, शेर, हिरण, गगनचारी पक्षी, पेड़ों पर फुदकते शाखामृग आदि रहे हैं।

बूंदी राज्य की स्थापना हाड़ा राव देवदा ( हाड़ा चौहान वंश के शासक) ने की थी जो वर्तमान में आधुनिक राजस्थान में स्थित है । इस पर हाड़ा चौहान राजपूतों का शासन था ।

# iPhone के बैटरी सेल्स होंगे मेड इन इंडिया

क्या एपल की योजना चीन में अपनी मैन्युफैक्चरिंग को घटाने की है। कंपनी के लिए भारत ग्रोथ का अगला बड़ा जरिया बन सकता है। इसके पास देश में 14 सप्लायर्स हैं। इसे सितंबर में लॉन्च की गई iPhone की नई सीरीज के लिए मजबूत डिमांड मिल रही हैदुनिया भर में बड़ी संख्या में बिकने वाले iPhones के लिए भारत में लिथियम आयन बैटरी सेल्स की मैन्युफैक्चरिंग की जाएगी। अमेरिकी डिवाइसेज Apple ने लगभग छह वर्ष पहले देश में आईफोन का प्रोडक्शन शुरू किया था। जापान की इलेक्ट्रॉनिक्स पार्ट्स मैन्युफैक्चरर TDK Corp ये बैटरी सेल्स बनाएगी। एपल की योजना चीन में अपनी मैन्युफैक्चरिंग को घटाने की है। कंपनी के लिए भारत ग्रोथ का अगला बड़ा जरिया बन सकता है। इसके पास देश में 14 सप्लायर्स हैं। स्टेट मिनिस्टर फॉर इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी Rajeev Chandrasekhar ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक



पोस्ट में बताया है कि हरियाणा में TDK एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाएगी। इससे हजारों रोजगार मिलेंगे। Reuters की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस यूनिट में बनने वाले सेल्स की सप्लाई एपल की लिथियम आयन बैटरी की असेंबलिंग करने वाली Sunwoda Electrnics को की जाएगी। इस बारे में फी४३ी१२ की ओर से एपल और TDK Corp को टिप्पणी के लिए भेजे गए निवेदन का उत्तर नहीं मिला है।

**साइबर दुनिया**

हाल ही में एपल की सप्लायर Foxconn ने बताया था कि उसका अगले वर्ष तक देश में अपना इनवेस्टमेंट और वर्कफोर्स दोगुना करने का टारगेट है। ताइवान की फॉक्सकॉन ने देश में आईफोन का प्रोडक्शन बढ़ाने की योजना बनाई है। इसने अपनी फैक्टरी में वर्कर्स को ट्रेनिंग देने के लिए चाइनीज इंजीनियर्स को भी भेजा था। एपल को सितंबर में लॉन्च की गई iPhone 15 के लिए मजबूत डिमांड मिल रही है।

## टॉप ट्वीट



"अमेरिका और जर्मनी सहित दुनिया के विभिन्न बड़े देशों के बैकों की हालत खस्ता हो रही है वहीं भारत में बैंक फल फूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के अनुसार वाणिज्यिक बैंकों की गैर निष्पादित संपत्ति 0.95 प्रतिशत पर तो सरकारी बैंकों की गैर निष्पादित संपत्ति 1.24 प्रतिशत तक आ गयी है।"

निर्मला सीतारमण
वित्त मंत्री



"मेगा फेस्टिवल में 39 विभिन्न देशों की लगभग 219 फिल्में, 72 फीचर फिल्में और केआईएफएफ की विभिन्न प्रतियोगिता श्रेणियां में 50 लघु फिल्में और वृत्तचित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। इस दौरान, सलमान खान के अलावा, दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर और कमल हसन भी उपस्थित होने वाले हैं और सांसद शत्रुघ्न सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।"

राज चक्रवर्ती
समिति के अध्यक्ष

## संपादक के नाम पत्र

### मुख्यमंत्री के नाम को लेकर चर्चा तेज

तीन राज्यो के चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद राजस्थान में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर चर्चा तेज हो गई है ।गली मोहल्लों में मुख्यमंत्री के नाम के लिए कयास लगाए जा रहे है ।मुख्यमंत्री के नाम को लेकर टाक ऑफ टाउन हो गया है ।चौक चौराहे पर भाजपा के दिग्गजो के नाम पर उनकी योग्यता की बात की जा रही है ।और चर्चा को आगे बढ़ा रहे है ।पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के निवास स्थान पर नवनिर्वाचित विधायको की मुलाकात हुई ।विधायक मिलने पहुंचे ।परन्तु मुख्यमंत्री का चयन और घोषणा प्रधानमंत्री मोदी करेंगे ।राज्य में जिस तरह से कांग्रेस के पांच साल के शासनकाल में कानून व्यवस्था को धत्ता देकर शासन किया गया थ ।इस दौड़ में राज्य में उपद्रवियों और मवालियों पर नकेल कसने के लिए मजबूत मुख्यमंत्री की जरूरत है ।राजस्थान में जिस तरह से बालकनाथ के नाम की चर्चा तेज जो रही है ।वही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ,दीया कुमारी और अश्विन वैष्णव के नाम भी टॉप पर है ।राजस्थान में गुंडाओ की गुंडागर्दी, अवैध कब्जाधारियों और दुष्कर्मियों को पाठ पढ़ाने के लिए उत्तरप्रदेश में योगी जैसे धुरंधर को मुख्यमंत्री बनाए गए थे,उसी तरह के मुख्यमंत्री की राजस्थान में जरूरत है । योगी ने उत्तरप्रदेश की कायाकल्प कर गुंडाओ को अपनी जगह बता दी थी ।उसी तरह के मुख्यमंत्री की राजस्थान में आवश्यकता है और बालकनाथ का नाम जोरशोर से लिया जा रहा है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

शहर >> अपडेट

## लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**काराकाट (रोहतास) :** प्रखंड क्षेत्र के सभागार भवन में मंगलवार को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक में द्वितीय चरण के अंतर्गत ठोस, तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के तहत उपयोगिता शुल्क अपेक्षित प्रगति हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के अध्यक्षता में प्रखंड के सभी डीलरो के साथ बैठक की। जिसमें सभी डीलरो के दिशा निर्देश देते हुए बताया कि जो लोग स्वच्छता शुल्क देंगे उन्हें को राशन वितरण किया जायेगा। जिसमे सबकी भागीदारी जरूरी है। क्योंकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनया जा सके। बैठक में प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक मो.अशरफ अली,डिलर विष्णु दयाल पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सिटी

## भारतीय नौसेना में ऑफिसर सब लेफ्टिनेंट बनने पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया

**दानापुरः** खगोल रोड स्थित विजय यादव पथ भाजपा बिहार पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ कार्यालय मे सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक आशुतोष कुमार शाही एव प्रदेश मीडिया प्रभारी उपेन्द्र सिंह के द्वारा पूर्व सैनिक मनोज कुमार चौधरी के पुत्र आयूश कुमार चौधरी को यहा यह बताते चले आयूश के पिता बिहार रेजिमेंट से नायक के पद से सेवानिवृत्त हुए है वह स्थाई रूप से ग्राम-रामदत्तपटटी,थाना +जिला- सुपौल के रहने वाले है,अभि दानापुर के गोला रोड मंजू वाटिका मे सपरिवार रहते है,आयूश की मॉ लिला देवी ग्रीहनी है।इस अवसर पर पूर्व सैनिक संयोजक आशुतोष कुमार शाही ने मनोज कुमार चौधरी को सम्मानित करते हुए काहा आप अन्य पूर्व सैनिको के लिए उदाहरण पेश किए है की अपने बच्चे को अच्छे से क्षिक्षा देने की जरूरत है हमारे बच्चे बहुत कुछ हासिल कर सकते है हम लोग नही कर पाए। आयूश ने काहा मै अपने देश की आन-बान-शान की रक्षा मे कोई कोर-कसर नही छोडुगा और मै अपने पूर्व सैनिक पापा के साथ-साथ गांव समाज का नाम रोशन करूंगा तथा नौसेना मे ऑफिसर सब लेफ्टिनेंट रैंक से आगे का सफर तय कर जितना हो सके अंतिम पद हासिल करने का कोशिश करूंगा।

## गया जी को स्मार्ट सिटी बनाने एवं रामायण सर्किट से जोड़ने के लिए होगा जनांदोलनः कांग्रेस

प्राचीन नगरी की उपेक्षा कर रही है केंद्र सरकार:मिट्ठू

राष्ट्रीय खबर

**गया।** अति प्राचीन, अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला गया शहर को अभी तक केंद्र की मोदी सरकार न तो देश के स्मार्ट शहरों की सूची में शामिल नहीं किया गया ना ही विश्व प्रसिद्ध सीता कुंड मंदिर होने के बाद भी गया को रामायण सर्किट से नहीं जोड़ा गया, जबकि वर्षो से इसके लिए संघर्ष जारी है। बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, प्रद्युम्न दुबे, विनोद उपाध्याय, उदय शंकर पालित, शिव कुमार चौरसिया, श्रवण पासवान, बबलू राम, राजीव रंजन गया कॉलेज मिथिलेश सिंह, मोहम्मद आफताब आलम खान, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद शमीम आलम आदि ने कहा कि बिहार के पटना, बिहारशरीफ, मुजफ्फरपुर, भागलपुर को स्मार्ट सिटी बनाया गया परंतु गया शहर को स्मार्ट सिटी बनवाने हेतु गया, पटना से लेकर दिल्ली तक आन्दोलन कर केन्द्रीय नगर विकास एवं आवास मंत्री को ज्ञापन भी दिया गया, परंतु अभी तक गया को स्मार्ट सिटी नहीं बनाना पूरी तरह सरकार की अनदेखी है, तो दुसरी ओर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना रामायण सर्किट से भी गया को अभी तक जोड़ा नहीं गया, जबकि भगवान राम , सीता, सहित रामायण से जुड़े बिहार के सीतामढ़ी, दरभंगा, गया एवं बक्सर को रामायण सर्किट से जोड़ने की वर्षो पुरानी

# सोनपुर मेले में पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन पहले दिन ही हुआ लाखों का बिजनेस

### जनहित में संचालित डाक विभाग की सैकड़ों योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करना है उद्देश्य : अनिल कुमार

राष्ट्रीय खबर




**सोनपुर/छपरा :** एशिया महादेश का सबसे बड़ा पशु मेला सोनपुर जो कार्तिक महीने के पूर्णमासी के दिन से शुरू होकर एक महीने तक यह चलता है। जहां देश-विदेश के लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक यहां मेला देखने आते हैं। वहीं इस मेले में बिहार सरकार के सभी विभागों का लगभग कार्यालय स्टॉल देखने को मिलता है। इसी कड़ी में डाक विभाग ने भी अपना कार्यालय का विधिवत उद्घाटन चीफ पोस्टमॉस्टर जनरल बिहार सर्किल पटना, के अनिल कुमार, पोस्टमॉस्टर जनरल उत्तरी प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर, परिमल सिन्हा एवम डाक निदेशक मुख्यालय पटना पवन कुमार, ट्रेनी आईपीएस अंजलि वर्मा डाक निदेशक वीवी शरण एवं सारण के वरीय डाक अधीक्षक रंजय कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां डाक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत कराया गया। बता दें कि पहले ही दिन लगभग 40 लाख का बिजनेस डाक विभाग ने किया मेले में खुले इसे डाक कार्यालय के माध्यम से लोगों का खाता एवं इंश्योरेंस का कार्य भी किया जाएगा। पत्रकारों से कुमार ने बताया कि सोनपुर मेला धार्मिक, पौराणिक व ऐतिहासिक है। यहां डाक कार्यालय खुलने का उद्देश्य डाक विभाग के पास कुल सात सौ प्रोडक्ट है जिन्हें लोगों को समझना एवम उन्हें इससे जोड़ना है। क्योंकि डाक विभाग के पास ऐसा कोई भी कार्य नही है जो डाक विभाग नही कर सकता चाहे खाता खोलने से लेकर इंसोरेंस तक सारे काम अब डाक विभाग के द्वारा हो रहा है,ऐसे में उन्होंने मेले में आये लोगो से ये अपील भी किया की ज्यादा से ज्यादा लोग डाक से जुड़े और लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि डाक विभाग के पास रोजगार के बहुत सारे अवसर है युवा जब चाहे तब डाक से जुड़ कर रोजगार ले सकते है। आयोजन में आये सभी अतिथियो का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर सारण के वरीय डाक अधीक्षक रंजय कुमार सिंह ने स्वागत किया। मौके पर छपरा डाक कार्यालय के विकास पदाधिकारी राजेश कुमार, नरेंद्र कुमार, त्रिलोक प्रकाश, अमन कुमार, विपुल कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## राजद कार्यकर्ताओं ने लालू यादव का बड़हरा व कायम नगर बाजार पर गर्मजोशी से स्वागत

राष्ट्रीय खबर

**आरा/भोजपुर :** बडहरा प्रखंड के मुख्य मार्ग आरा-बक्सर फोरलेन सड़क एनएच 84 पर मंगलवार को राजद प्रदेश महासचिव मनोज सिंह के नेतृत्व में राजद कार्यकताओं ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को बाजे गाजे व फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। मंगलवार को राजद सुप्रीमो ने पटना से बक्सर जिले में एक शादी समारोह में जाने के दौरान बड़ाहरा विधानसभा और कायम नगर बाजार पर आरा बक्सर फोरलेन उक्त स्थल पर जोरदार स्वागत किया गया। गौरतलब हो की बक्सर के ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के सोन हरदेव इंटरनेशनल स्कूल लहना चक्की के प्रांगण में राजद सुप्रीमो लालू यादव के कार्यक्रम को लेकर जोरदार तैयारी है। उस दौरान राजद सुप्रीमो ने कार्यकताओं से बातचीत करते हुए कहा कि सभी लोग मेहनत करे और अभी से ही लग जाए वर्ष 2024 में बीजेपी को देश से भागना है। देश की रक्षा करनी है। मौके पर जिला पार्षद सदस्य रविंद्र रजक, पूर्व युवा राजद जिलाध्यक्ष अरुण कुमार यादव, वरीय नेता अनिल यादव, अति पिछड़ा के प्रखंड अध्यक्ष कोईलवर के प्रिंस ठाकुर, अजय सिंह, सुभाष यादव, सुबोध यादव, शमीम अहमद, पिंटू यादव, मंटू सिंह, शौकत अली, रामविलास यादव, अवधेश, गोलू शाह, शिवम ठाकुर, अंकित पांडे, कमलेश चंद्र चंद्रवंशी समेत सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

लंबित कार्यों में तेजी लाने का दिया गया निर्देश

## समन्वय समिति की बैठक में विकास योजनाओं पर विमर्श

राष्ट्रीय खबर



**जगदीशपुर/भोजपुर :** प्रखंड परिसर स्थित किसान भवन में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम संजीत कुमार की मौजूदगी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के द्वारा निष्पादित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा उपरांत एसडीएम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों के कामकाज में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सदस्य सचिव सह बीडीओ राजेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार और तीसरे मंगलवार को समन्वय समिति की बैठक आयोजित होनी है। बैठक में कल्याणकारी योजनाओं के साथ चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की जाती है व अधिकारियों को तत्परता दिखाते हुए काम करने को कहा जाता है। ताकि संचालित योजनाओं का लाभ आम जनों को मिल सके। उन्होंने बताया कि बैठक में 17 विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। पशुपालन विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रही। बैठक में लिए गए प्रस्ताव और चल रहे कार्यों का रिपोर्ट विभाग को भेजा जाता है। इस मौके पर बीपीआरओ अरुण कुमार, सीओ अजय कुमार, एमओ अमृता कुमारी, रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ. एस किशुन व जीविका के बीपीएम सत्येंद्र कुमार सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डॉ. अंबेडकर जयंती को लेकर आवश्यक बैठक संपन्न




**गड़हनी (भोजपुर) :** डॉ. भीम राव अंबेडकर की बरसी पर बलिगांव में 6 दिसंबर को भाकपा माले द्वारा होने वाले पंचायत सम्मेलन में केंद्रीय कमिटी सदस्य सह अगियांव विधायक मनोज मंजिल के नेतृत्व में महथिनटोला में ग्रामिणो व युवाओं के साथ एक बैठक की। साथ ही भोला राम, पप्पू कुमार, अनु कुमारी, दीपू कुमार, धीरज कुमार सहित कई छात्र युवाओं को सदस्य बनाकर सभी सदस्यों को सामुहिक पार्टी का शपथ दिलाई गई। विधायक ने कहा कि बलिगांव पंचायत सम्मेलन की तैयारी अब अंतिम दौर में है। पंचायत के सभी गांवों में सम्मेलन को ले बैठक की जा रही है। युवाओं को संबोधित करते हुए मनोज मंजिल ने कहा कि डॉ अम्बेडकर की बरसी पर पंचायत सम्मेलन होना है। इसमें व्यापक जनता की भागीदारी होनी चाहिए। भाजपा देश में आफत बनकर आई है। इनको जनसमस्याओं से कोई लेना देना नही है। बल्कि मुद्दे से लोगों भटकने के लिए समाज में लगातार नजरत फैला रही है।इसलिए भाजपा आरएसएस को शिकस्त देने के लिए गांव गांव से युवाओं को आगे आना जरूरी है। बता दे कि सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी के पोलिट ब्यूरो स्वदेश भट्टाचार्य करेंगे। बैठक में प्रखंड सचिव सुनील कुमार, नारायण राम, रामायण सिंह, कृष्ण राम, युवा नेता विकास मल्होत्रा, विकास कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## बक्सर के चक्की गांव पहुंचे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद

15 साल के बाद समर्थकों की उमड़ी भीड़

राष्ट्रीय खबर



चक्की (बक्सर) : राजद राजद लालू प्रसाद यादव ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के चक्की गांव मंगलवार को पहुंचे। जहां उनके समर्थन में कार्यकर्ता सहित आमजन का जन सैलाब उमड़ पड़ा वही अपने लोकप्रिय नेता को एक बार देखने लिए लोग घंटों देर तक इंतजार करते रहें। वह ब्रह्मपुर विधानसभा के विधायक शंभू नाथ सिंह यादव के छोटे बेटे के तिलक में सम्मिलित होने के लिए पहुंचे थे। इस अवसर पर विधायक शंभू नाथ सिंह ने उन्हें चांदी की मुकुट पहना सम्मानित किया। जहां लोगों को संबोधित करते हुए लालू प्रसाद यादव ने कहा कि चक्की प्रखंड गांव से मेरा दिल के रिश्ता है। जो छोटे से घर से निकलकर बड़े मुकाम हासिल करने वाले विधायक शंभू नाथ सिंह यादव के साथ मेरा अटूट प्रेम हैं। इस क्षेत्र का जितना बखान उतना कम है। 15 साल बाद के बाद भी चक्की के धरती पर लोगों से प्यार मिलना मेरे जीवनकाल का सुखद क्षण हैं। जिसको भूलना असंभव है। वही पत्रकारों से मिलते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक मुन्ना तिवारी, विधायक अजीत कुशवाहा, मुखिया अंगद यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म जोरम के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचे मनोज वाजपेयी

8 दिसम्बर को रिलीज होगी सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म जोरम

राष्ट्रीय खबर




**पटना :** नेशनल अवार्ड विनर अभिनेता मनोज वाजपेयी की सर्वाइवल थ्रिलर बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जोरम' आ रही है। जिसके प्रमोशन के लिए फिल्म के निर्देशक देवाशीष मखीजा के साथ पहुंचे मनोज वाजपेयी का भव्य स्वागत हुआ। वहीं उन्होंने फिल्म जोरम को देखने की अपील की। यह फिल्म इसी सप्ताह 8 दिसम्बर को रिलीज हो रही है। फिल्म प्रमोशन के लिए पटना पहुंचे मनोज वाजपेयी ने अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा कि जब हम पटना आते हैं तो यहाँ के लोग हमेशा से हमें खूब प्यार और सम्मान देते हैं। उन्होंने इस भयानक थ्रिलर फिल्म में भागते हुए एक आदमी का किरदार निभाया है। देवाशीष मखीजा द्वारा निर्देशित, लिखित और शारिक पटेल, आशिमा अवस्थी चौधरी, अनुपमा बोस और देवाशीष मखीजा द्वारा निर्मित फिल्म 'जोरम' में मनोज बाजपेयी के साथ जीशान अय्यूब, पीयूष पुटी की सिनेमाई दृष्टि और अभ्रो बनर्जी की संपादन निपुणता के तहत बनी है। रूह कंपा देने वाला संगीत मंगेश धाकड़े द्वारा रचित है।

### फल्गु नदी के किनारे बोधगया से चाकंद तक सड़क निर्माण करने की मांग

विधायक ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय खबर



**गया :** पूर्व कृषि मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार के नेतृत्व में भाजपा का एक शिष्ट मंडल ने मगध प्रमंडल आयुक्त मयंक बरबडे से मिलकर जाम की समस्या से अवगत कराया। प्रतिदिन पूरे शहर में जाम की समस्या से नगर वासी हलकान है जिसका मुख्य कारण अतिक्रमण, अवस्थित पार्किंग, वाहनों का अव्यवस्थित पड़ाव, बेसहारा पशुओं का जमावड़ा के साथ-साथ यातायात कर्मियों की कमी एवं निष्क्रियता मुख्य हैं। समस्या के निवारण हेतु त्वरित करवाई करने की आवश्यकता जताई जिसमें अतिक्रमण, बेसहारा पशु, कचरो का जमावड़ा, शहर में वन वे नियम स्थापित करना, यातायात कर्मियों में बढ़ोतरी, व्यवस्थित पार्किंग एवं पड़ाव है। इसके साथ ही शहर में फ्लाई ओवर का निर्माण भी अति आवश्यक हो गया है। फल्गु नदी के किनारे बोधगया से विष्णुपद होते हुए चाकंद तक, एनएच 82 पर घुघरीटांड़ के निकट, अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज से गया कॉलेज, गांधी मैदान होते हुए गया रेलवे स्टेशन तक, कुजापी से धनिया बगीचा होते हुए रेलवे गुमटी नंबर 1 तक, किरानी घाट से रामशिला होते हुए चाकंद गुमटी तक, मानपुर पुल से मुफस्सिल होते हुए मेहता पेट्रोल पंप तक, बोधगया दो मुहान से मुख्य मंदिर होते हुए तो पच्छट्टी मोड तक। इसके साथ ही आरओबी का निर्माण भी अति आवश्यक हो गया है जिसमें बैरागी मोड़ से बागेश्वरी मंदिर होते हुए रामशिला पहाड़ तक, गया पटना रोड में चाकंद गुमटी पर, गया प्रेतशिला रोड में कॉटन मिल के निकट, गया परैया रोड में एफसीआई के निकट। इसके साथ गया शहर के चारों तरफ रिंग रोड का निर्माण कराया जाए। डॉ कुमार ने बताया कि जटिल जाम की समस्या से शहर वासी त्रस्त है जिसका मुद्दा विधानसभा के साथ साथ, 20 सूत्री की बैठक एवं नगर निगम की बोर्ड की विभिन्न बैठकों में उठा चुके हैं। पितृपक्ष मेले के पहले व्यवस्था समीक्षा के समय उपस्थित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने भी इस मुद्दे को रखते हुए शहर वासियों को जाम से निजात दिलाने के लिए लिखित ज्ञापन दिए, जिस पर माननीय मुख्यमंत्री ने कार्रवाई का आश्वासन दिए थे परंतु अब तक इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। डॉ कुमार ने प्रमंडल आयुक्त को सुझाव देते हुए बताएं कि शहर के विभिन्न सामाजिक, व्यवसायिक, शैक्षणिक, धार्मिक, महिला, छात्र संगठनों को जैसे गया जिला व्यावसायिक संघ चेंबर ऑफ कॉमर्स आई एम ए गया बार काउंसिल विष्णुपद, मंगला गौरी जैसे धार्मिक संगठन शिक्षण संस्थान आदि अन्य संगठनों के साथ अविलंब बैठक कर समस्या का समाधान करें।

### शादी से लौट रहें बुजुर्ग की अपराधियों ने की निर्मम हत्या

**कैमूर (शाहाबाद):** जिला मुख्यालय भभुआ में बीती रात एक बुजुर्ग की धारदार हथियार से गोद गोद कर हत्या कर दी गई। बुजुर्ग रात्री में एक वैवाहिक होटल से भोजन कर अपने घर लौट रहा था।तभी आरपीएस स्कूल के समीप अज्ञात लोगो द्वारा हत्या कर फेंक दिया गया था। परिजनों को इसकी सूचना प्रातः को मिली। मृतक की हत्या की खबर फैलते ही आस पास तथा स्थानीय लोग की भीड़ एकत्रित हो गई। स्थानीय समाज सेवी द्वारा इसकी सूचना फौरन ही भभुआ थाना को दी गई।सूचना पा कर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को देखने के बाद प्रथम दृष्टया में मौत का कारण ब्रेन हेम्ब्रेज बता कर वापस चली गई।परिजनों द्वारा जब शव को अंत्योष्टि हेतु स्नान के लिए ले जाया गया तो शरीर के पिछ्ले हिस्से में काफी चोट का निशाना एवं सर के पिछले हिस्से मे चाकुओं द्वारा गोदे हुए निशान पाए गए।परिजनों द्वारा पुनः इसकी सूचना पुलिस को दी गई तत्काल थाना अध्यक्ष राम कल्याण यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर निरीक्षण के बाद शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भभुआ जिला सदर अस्पताल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना भभुआ थाना से मात्र डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित आखिलासपुर पंचायत स्थित सेमरिया बस्ती में घटित हुई। बताया जाता है कि करीब 60 वर्षीय गणेश जायसवाल पिता स्वर्गीय रूप नारायण जायसवाल बीती रात भभुआ स्थित वैवाहिक लान राजवंती वाटिका से भोजन कर लौट रहे थे। तभी सेमरिया बस्ती स्थित आवास से कुछ दूरी पर आरपीएस स्कूल के समीप चाकुओं से गोद कर हत्या कर शव को फेंक दिया गया।

# कृषि अनुसंधान परिसर में आईएआरआई हब के नए छात्रों के लिए अभिमुख कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ग्लोबल यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली की एक इकाई के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में स्थित आईएआरआई पटना हब में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की पढ़ाई शुरू हुई। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली का एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान होने के नाते इसकी उपलब्धि में एक नया अध्याय जुड़ गया है। क्योंकि 25 स्नातक, 2 स्नातकोत्तर और 2 पीएचडी छात्रों के आईएआरआई हब में शामिल होने की उम्मीद है। आईएआरआई मेगा यूनिवर्सिटी ऑफ कॉन्सेप्ट की एक इकाई के रूप में देश भर में कुल मिलाकर 16 आईएआरआई हब बनाए गए हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर स्थित आईसीएआर के सहयोगी संस्थानों के साथ आईएआरआई -पटना हब के रूप में बनाया गया है। अब तक बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और देश के अन्य हिस्सों से 18 छात्र आईएआरआई हब में शामिल हो चुके हैं। आईसीएआर-पटना हब के नवप्रवेशित छात्रों के लिए आज संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास की अध्यक्षता में एक अभिमुख कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईसीएआर के पटना अवस्थित सहयोगी संस्थान जैसे कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान और केंद्रीय आलू अनुसंधान स्टेशन इस महत्वपूर्ण प्रयास में भागीदार हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए अटारी, पटना के निदेशक डॉ. अंजनी कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राएं लक्ष्य और अध्ययन की समय-सीमा तय करें और परिसर में अनुशासन बनाए रखें। उन्होंने उन्हें बेहतर सीखने के लिए प्रतिदिन पुनः अवलोकन का सुझाव दिया और उन्हें कृषि क्षेत्र में भविष्य के छात्रों के लिए रोल मॉडल बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने संस्थान में अध्ययन अवधि के दौरान निरंतर संवादात्मक सीखने, एक साथ आगे बढ़ने, छात्रों को स्वस्थ रहने और उचित अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया। इससे पूर्व, डॉ. उज्ज्वल कुमार, समन्वयक, आईएआरआई पटना हब ने सभी छात्रों और शिक्षकों का स्वागत किया और आईएआरआई मेगा यूनिवर्सिटी के उद्देश्यों के साथ-साथ इसके शिक्षा के सेटेलाइट मॉडल के बारे में जानकारी दी।

## शहर >> अपडेट

### पुलिस बल के जवान निधन पर जताया शोक



**जयनगर :** प्रखंड के ग्राम गड़गी निवासी गोविंद महतो (वर्तमान झारखंड पुलिस रामगढ़ जिला बल) का आकस्मिक निधन हो गया। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने उनके घर जाकर शोक संतप्त परिवारजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया। मृतक गोविंद महतो को एक पुत्र तथा तीन पुत्री है। पूरा परिवार का भरण पोषण का एकमात्र सहारा गोविंद महतो थे। पूर्व विधायक ने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों, पदाधिकारियों से बात कर पुलिस मैनुअल के तहत अनुकम्पा पर नौकरी तथा बच्चियों के भविष्य, विवाह हेतु उचित राशि की मांग की। मौके पर पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, मुखिया प्रतिनिधि सरफुद्दीन अंसारी, पंसस प्रतिनिधि कृष्णदेव यादव, डेगलाल चौधरी, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा :** जिले के जयनगर थाना अंतर्गत दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान जयनगर निवासी नारायण सिंह (26 वर्ष, पिता महाराज सिंह) और जामू निवासी परमेश्वर साव (64 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार परमेश्वर साव मोटरसाइकिल से जयनगर की तरफ जा रहे थे। जबकि नारायण सिंह जयनगर से कोडरमा की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान दोनों मोटरसाइकिल सवार लोगों की जयनगर पुल के समीप आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद घटना की सूचना मिलने के बाद पीसीआर पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया, जहां दोनों घायलों का इलाज चल रहा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जरूरमंदों के बीच कंबल का वितण

**पीरटांड :** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन स्थित श्वेताम्बर जैन कच्छी भवन के प्रांगण में मातुश्री केसरबेन टोकरशी शिवजी सावला नवावास कच्छ रवि ग्रुप कांदिवली मुम्बई परिवार की ओर से जरूरत मंद लोगों के बीच कम्बल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे अब तक 12 हजार कम्बल का वितरण किया गया। कैम्प का शुभारंभ मधुबन थाना प्रभारी राजू मुंडा,मुम्बई से आए प्रितेष ढेडीया व संस्था के प्रबंधक अशोक कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। वहीं संस्था के प्रबंधक यादव ने बताया कि संस्था के ट्रस्ट मंडली के सदस्यों के अथक प्रयास से कम्बल वितरण दाताओं द्वारा करवाया गया। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अब तक मधुबन के अलावे पीरटांड़ एवं डुमरी प्रखंड के दर्जनों गांवों क्रमशः खपयबेडा,जयनगर, जोभी, पुरनीटांड, चौकिया, मौजपुर,बेडी, पिपराडीह सहित कई गांवों के लोगो के बीच लगभग 12 हजार कम्बल का वितरण किया गया है। मधुबन के सभी छोटे बडे जैन संस्थाओं के करीब 32 से 35 संस्थाओं के सभी कर्मचारियों के बीच भी कम्बल वितरण गया है।मौके पर समाजसेवी रीता देवी, नारायम महतो, संतोष कुमार, मीना देवी, बिजय कुमार सहित कई लोग शामिल थे। यहां यह बता दें कि अगले वर्ष भी इस संस्था की ओर से 15 हजार कंबल वितरण किया गया था ।

**उत्थान** कुछ लोग नहीं चाहते अबरख खदान का निदान

# अबरख व्यवसाय को करेंगे पुर्णजीवित:हेमंत

- केंद्र सरकार के पास करोड़ो बाकी
- बे घरो को मिला घर
- स्वरोजगार के लिये ऋण
- सरकारी पदों पर बहाली



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कोडरमा और गिरिडीह के माइका उद्योग पर चर्चा करते हुए कहा कि हमने माइका पॉलिसी बनाया, काम भी आगे बढ़ा पर कुछ लोगों ने हवा दे दी कि इसमें यूरेनियम का अंश है। अब इसकी जांच चल रही है। विभाग पूरा देश दुनिया में घूम रहा है, रिपोर्ट आ रहा है, जा रहा है। जरूर कुछ शैतानी लोग है जो कोडरमा जिले में जो अभ्रक खदान है उसका निदान नहीं चाहते हैं। दो नंबर के माध्यम से जेब भरने में लगे हैं। पर चिंता नहीं, हम इसका भी रास्ता निकालेंगे। अभ्रक व्यवसाय को अपने पैरों पर सुनियोजित तरीके से खड़ा करने का काम करेंगे। कोडरमा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा तो दूसरी तरफ अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार का तीसरा चरण का कार्यक्रम चल रहा है। शिविरों के माध्यम से गांव और दूर दराज के इलाकों में किस तरह की समस्या है, इसका पता चलता है। पदाधिकारी और कर्मचारियों के माध्यम से इसका पता नहीं लगता है। उन्होंने कहा कि पहले शिविर में 35 लाख और दूसरे में 55 लाख आवेदन मिले।जो शिकायतें देखने को मिली तो हमने सर पकड़ लिया. एक करोड़ आवेदन आए, मतलब पूर्व की सरकार में ना अधिकारी और ना ही कर्मचारी काम करता था. बोरा भर भर के समस्याएं ग्रामीण देते थे पर हल नहीं निकलता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे राज्य में कोई असहाय वृद्ध या विधवा महिला बिना पेंशन के नहीं है। उन्होंने कहा कि रोटी कपड़ा मकान सबको चाहिए. कोरोना महामारी भी देखा और सूखाड़ भी देखा, पर ऐसी स्थिति में भी एक भी व्यक्ति को राज्य में भूख से नहीं मरने दिया। मौसम की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की यही पहचान है- जल, जंगल, जमीन। पर विकास के नाम पर पर्यावरण पर इतने अत्याचार कर रहे हैं कि परिणाम किसानों को झेलना पड़ रहा है। किसान विरोधी काला कानून के खिलाफ दिल्ली में एक साल तक आंदोलन चला। कानून लागू होता तो किसान दिखाई नहीं देता। कुछ षड्यंत्रकारी देश के अन्नदाता को ही मार देना चाहते हैं। केंद्र सरकार की योजना पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि वह दो कमरों का आवास मुर्गी खाना देता था, हम तीन कमरों का आदमी के रहने का आवास दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने 20 सालों तक राज्य को बीमार बना रखा था लेकिन बीते तीन वर्षों में स्थिति सुधरी है। अब झारखंड पिछड़ा राज्य नहीं रहेगा। सीएम श्री सोरेन ने कहा कि विपक्षी अड़ंगा लगाते रहें, हम अपना काम करते रहेंगे। यहां के युवाओं को लगातार नौकरी दे रहे हैं और आगे भी देंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार कई योजनाएं चला रही है। कई योजनाएं शुरू करने वाली है, लेकिन इसमें आर्थिक समस्या आड़े आती हैं। झारखंड का कोयला रायल्टी मद का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये केंद्र के पास बकाया है। अगर इतने पैसे मिल जाते तो यहां के 50 लाख गरीबों को आवास, 15-20 लाख युवाओं को स्वरोजगार के लिए 10-10 लाख रुपये का ऋण मिल जाता, इस पैसे से 10 लाख सरकारी पदों पर बहाली भी करते। उन्होंने कहा कि राज्य के पास डीवीसी का 12 हजार करोड़ बकाया है तो बिजली काटनी शुरू कर दी। लेकिन अब झारखंड सरकार एक-डेढ़ साल में जिलों में खुद बिजली संरचना तैयार करेगी और कोडरमा समेत कई जिलों के गांवों में बिजली नहीं कटेगी।उन्होंने कहा कि राज्य बनने के बाद पदाधिकारी और कर्मी गांव नहीं जाते थे, लेकिन अब समय बदल गया है। अधिकारियों और कर्मियों को योजनाओं की गठरी लेकर आपके दरवाजे तक भेजा जा रहा है। इस गठरी से आप अपनी जरूरत की योजना को ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की 80 प्रतिशत आबादी गांवों में है, गांव मजबूत होंगे तभी राज्य मजबूत होगा। वहीं राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि सरकार ने विकास की लंबी रेखा खींची है। कई योजनाओं के माध्यम से गरीबों असहायों को लाभ मिला है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कोडरमा की शिक्षा मंत्री थी तब विद्यालयों का हाल बेहाल था। न चाहरदिवारी थी, ना शौचालय और ना ही भवन था। पर 4 वर्षों में इसे दूर किया गया है। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने केंद्र पर सौतेलेपन का आरोप लगाते हुए कहा कि जब-जब सुखाड़ आया केंद्र के सामने हाथ फैलाया है। पर केंद्र सरकार की नीति झारखंड के साथ ठीक नहीं रही। अगर झारखंड को उसका हक मिल जाता तो यहां के लोग खुशहाल होते।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन के बाद लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण भी किया. सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मत्स्य विपणन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, कन्यादान योजना के लाभुकों को परिसंपत्ति का वितरण किया गया. कुछ लोगों को नियुक्ति पत्र भी दिया गया. कार्यक्रम में विधायक अमित यादव, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे, सलाहकार अभिषेक श्रीवास्तव के अलावा उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, डीडीसी ऋतुराज समेत कई अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उरवां और योगियाटिलहा और अन्य पंचायत के ग्रामीणों से सीधा संवाद भी किया।

## बच्चों ने प्रतियोगिता में दिखाई अपनी प्रतिभा



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया में कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के बच्चों के बीच अलग - अलग खेलों का आयोजन हुआ। खेलकूद से शरीर स्वस्थ्य और सबल बनता है। खेलकूद से विद्यार्थियों में नेतृत्व की क्षमता, साहस, सहनशीलता जैसे आवश्यक सद्गुणों का विकास होता है।नन्हे - मुन्ने बच्चों ने सभी खेलों में पूरी जोश के साथ भाग लिया। कक्षा एलकेजी के बच्चों ने टॉफी रेस में प्रथम स्थान आदित्य राज दूसरा स्थान आलोक राज तथा तीसरा स्थान खुशी कुमारी तथा आरोही गौरव' ने प्राप्त किया। 'हिट द टारगेट ' खेल में प्रथम स्थान पर आदित्य कश्यप दूसरे स्थान पर देव्यांश केशव एवं तीसरे स्थान पर ऋषभ कुमार रहे। वहीं यूकेजी के बच्चों के लिए ' रैबिट रेस' का आयोजन हुआ जिसमें प्रथम स्थान प्रतीक राज दूसरा स्थान पर पुनीत राज तथा तीसरे स्थान पर कृष्णा प्रसाद एवं उज्ज्वल कुमार रहे। 'बैक-टू-बैक बलून रेस ' में प्रथम स्थान परिणीति दूसरा स्थान रूही तथा श्रावणी एवं तीसरा स्थान सुहासिनी, आरोही ने प्राप्त किया।

## पदाधिकारी ने किया गांवों का दौरा



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़:** प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मरांडी ने मंगलवार को मधुबन पंचायत के विभिन्न गाँवों का दौरा किया और ग्रामीणों के समस्या को सुना। इस दरम्यान ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की मूलभूत असुविधाओं से बीडीओ को अवगत कराया साथ ही कहा कि वे लोग सरकारी योजनाओं से काफी बंचित है। वही जब बीडीओ ने ग्रामीणों से भ्रमण के दौरान लोगों से पूछा की वोटर लिस्ट में आप सबो का नाम है या नही तो उन्होंने बताया कि उनका नाम भोटर लिस्ट में नही है और न हो बीएलओ द्वारा नाम जोड़ा गया है। इस मामले में बीडीओ ने बताया कि ग्रामीणों से बात चित से पता चला कि उनका नाम भोटर लिस्ट में नही जोड़ा गया है और न ही फोम भरवाया गया है।ऐसे में क्षेत्र के बीएलओ पर सख्त कार्रवाई की जाएगी साथ ही संबंधित बीएलओ सुपरवाइजर पर भी जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## 495 छात्र - छात्राओं का भरा गया फॉर्म 6

**पेटरवार :** पेटरवार सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी अशोक राम के निर्देश पर आयोजित दो दिवसीय संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर लगाए गए विशेष शिविर में 495 छात्र - छात्राओं का नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6 भरा गया। बता दे कि गोमिया विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले पेटरवार प्रखंड के सरस्वती शिशु मंदिर, प्लस टू हाई स्कूल पेटरवार, आदिवासी हाई स्कूल छपर गढ़ा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय काटम कुल्ही, उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल ओरादाना, उत्क्रमित हाई स्कूल रांगा माटी, उत्क्रमित हाई स्कूल पतकी, लीला जानकी पब्लिक स्कूल पेटरवार, बिनोद बिहारी महतो इंटर कॉलेज पेटरवार, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल पेटरवार, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल तेनुघाट, जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट, डी ए वी पब्लिक स्कूल तेनुघाट, इंटर महाविधालय तेनुघाट और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पेटरवार में विशेष कैंप का आयोजन किया गया था। दो दिवसीय विशेष कैंप के दौरान प्लस टू हाई स्कूल पेटरवार में 216, प्लस टू हाई स्कूल ओरदाना में 147, बिनोद बिहारी इंटर कॉलेज पेटरवार में 36, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में 36, इंटर कॉलेज तेनुघाट में 60 छात्र - छात्राओं का नाम फॉर्म 6 में बी एल ओ के माध्यम से भरा गया।

## अयोध्या से देवघर लाया गया अक्षत से भरा कलश



**देवघर :** प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर के पूजित पवित्र अक्षत (पीला चावल) कलश को लेकर विहिप के देवघर संगठन मंत्री देवीलाल मुर्मू आज सुबह 5:00 देवघर पहुंचे श्री राम मंदिर अयोध्या से लाय गए पवित्र अक्षत कलश को बाबा बैजनाथ मंदिर में मंत्रोउच्चारण कर पूजित कर अर्पित किया गया। काफी संख्या में विहिप व स्वयंसेवक कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे। पूरे हर्षोल्लास के साथ जयकारा जय श्री राम का लगाते हुए विहिप व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक कार्यकर्ता बंधु कलश को माथे पर लेकर बाबा मंदिर से शिवलोक परिसर पहुंचे बजरंगबली मंदिर प्रांगण में भक्तों के दर्शन एवं पूजन हेतु कलश को रखा गया है। जिला मंत्री विक्रम सिंह ने बताया कि यह अक्षत (पीला चावल) पत्र और राम चित्र देवघर जिले के 10 प्रखंड दो नगर में भेजा जाएगा। जिला मंत्री ने बताया कि 10 तारीख को जिला बैठक देवघर संघ कार्यालय में रखा गया है। 11 दिसंबर से 17 दिसंबर तक प्रत्येक प्रखंड मे प्रखड बैठक एवं 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक प्रत्येक पंचायत में पंचायत बैठक रखा गया है। जिला मंत्री ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित सभी अनुषंगी संगठन के कार्यकर्ता 120000, एक लाख बिस हजार से अधिक सनातनी घरों में निमंत्रण पूजित अक्षत आमंत्रण पत्रक लेकर पहुंचेंगे कार्यकर्ता। विश्व हिंदू परिषद आह्वान करता है कि सभी सनातनी अपने प्रमुख मठ मंदिरों में 21 तारीख से 22 तारीख तक धार्मिक अनुष्ठान हरि कीर्तन एवं भजन करें और 22 तारीख को संध्या अपने अपने घर के आगे कम से कम पांच दीपक अवश्य जलाएं। मौके पर विहिप प्रांत सह मंत्री रामनरेश सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक वीरेंद्र कुमार जिला प्रचारक नीरज कुमार विभाग कार्यवाह अरुण झा जिला व्यवस्था प्रमुख विनय बरनवाल सुनील गुप्ता, नगर संघचालक रोहित बरनवाल, नगर कार्यवाह डॉक्टर आनंद वर्धन बजरंग दल जिला संयोजक अभिषेक मिश्रा जिला गौरक्षा प्रमुख संजय देव सहसंयोजक अंजनी गौरव सिंह, सामाजिक समरसता प्रमुख अशोक चौधरी, प्रभाकर शांडिल्य, भाजपा नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर खवाडे,,सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं श्री राम भक्त उपस्थित थे।

## तीन लाख के अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**चतरा:** सदर पुलिस ने उंटा गांव से तीन लाख के अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करो में ऊंटा गांव निवासी निकू कुमार (पिता स्व० जगदीश दांगी), रोहित कुमार (पिता उमेश कुमार दांगी) व दारियातु गांव निवासी कुलेश्वर दांगी (पिता केदार दांगी) शामिल हैं। तस्करों के पास से दो किलो अफीम के अलावा 92 हजार नकद, एक महिंद्रा एक्सयूवी-300 वाहन (जेएच 13 जे 2604), एक मापतौल डिजिटल मशीन, एक मोबाईल जब्त किया गया। यह जानकारी एसडीपीओ अविनाश कुमार ने सदर थाना परिसर में मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि ऊंटा में दो व्यक्ति एक्सयूवी वाहन से अवैध अफीम का कारोबार कर रहे हैं। सूचना के आलोक में प्रशिक्षु डीएसपी वसीम रजा के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए निकु कुमार के घर के पास खड़े एक्सयूवी वाहन की तलाशी ली गई। जिसमें एक किलो अफीम जब्त किया गया। इसके बाद गिरफ्तार नीकू के निशानदेही पर उसके घर से एक किलो अफीम जब्त किया गया। साथ ही अफीम बेचने वाला कुलेश्वर दांगी के पास से 92 हजार नकद जब्त के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 400/23 के तहत एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर सभी तस्करों को जेल भेज दिया गया। छापामारी टीम में प्रशिक्षु डीएसपी के अलावा सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, पुलिस अवर निरीक्षक नईम अंसारी, एएसआई निर्मल कुमार सिंह, अरुणदत्त शर्मा व कई जिला बल के जवान शामिल थे।

## पंचायत अध्यक्ष बने महावीर यादव

राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के कटिया पंचायत श्री राम जानकी मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता आशुतोष कुमार ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष महावीर यादव, उपाध्यक्ष सज्जन पासवान, मंत्री अजीत पंडित, बजरंग दल संयोजक आशुतोष कुमार, सत्संग प्रमुख संजय ठाकुर, मातृशक्ति प्रमुख कुंती राय, दुर्गा वाहिनी संयोजिका अंजू देवी, सदस्य चंदन पंडित, कुलदीप ठाकुर, चंदन यादव, रितेश राय, सुधांशु कुमार को बनाया गया। वहीं तिलोकरी पंचायत विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष संजय पांडेय, उपाध्यक्ष फुलेश्वर राणा, मंत्री महेंद्र यादव, बजरंग दल संयोजक चंदन कुमार साव, मातृ शक्ति प्रमुख नंदिनी देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका सविता शर्मा, सत्संग प्रमुख झमन पंडित, सदस्य शारदा पांडेय, वासुदेव राणा, रोशन पांडेय, आशीष कुमार, प्यार चंद साव को बनाया गया। वहीं विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार बरनवाल ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होने जा रहा है। इस निमित्त सभी पंचायत एवं गांव के प्रत्येक मंदिरों एवं प्रत्येक घरों को दीपावली की तरह दीप प्रज्वलित कर राम उत्सव का कार्यक्रम करना है। उन्होंने कहा कि क्योंकि 480 वर्ष के पश्चात पुनः राम लला अपने स्थान पर विराजमान होने जा रहे हैं। मौके पर महेंद्र राय,दीपक यादव, सूरज कुमार सोनी, राजा ठाकुर, प्रमोद यादव, सागर कुमार साव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

**बैठक** लोहरदगा भारतीय जनता पार्टी ने की मासिक बैठक

## बांग्ला देशी घुसपैठियों के खिलाफ चलेगा आंदोलन: मनीर उरांव



राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला के पदाधिकारी,मोर्चा जिला अध्यक्ष महामंत्री,मंडल अध्यक्ष महामंत्री की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के अध्यक्षता मे वक्सीडीपा भाजपा कार्यालय मे सोमवार को आयोजित की गई। बैठक मे उपस्थित जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व मंत्री सधनु भगत,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह,पुर्व जिला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद,राजकिशोर महतो एव उपस्थित सभी पार्टी पदाधिकारियों ने महापुरूषो को पुष्प अर्पित कर वन्देमातरम गीत के साथ बैठक की कार्यवाही को शुरू किया। बैठक के संबोधित करते हुये जिला अध्यक्ष ने उपस्थित कार्यकताओं से कहा आगामी 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खूंटी आगमन पर जिले के सभी कार्यकताओं की मेहनत के दम पर कार्यक्रम मे अपेक्षा के अनुरुप उपस्थिति रही इसके लिये सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले के कुछ स्थानो पर अत्यधिक संख्या मे बांग्ला देशी घुसपैठियो की तादात दिन - प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है,ये घुसपैठिये हजार-दो-हजार रुपये खर्च कर अपना राशन कार्ड भी फर्जी तरीके से बनवाकर हमारे 1932 के खतिहानी रैयत, मुलवासियो के हक,हकुक और अधिकार को मारने के लिये तुले हुए हैं,एसे लोगो को सरक्षण सत्ताधारी दल के कुछ छुटभईये को भी प्राप्त है। भारतीय जनता पार्टी एसे बाहरी घुसपैठियो के लिये चरण बद्ध रुप से आंदोलन कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जायेगी। इसके लिये एक विशेष कमिठी का गठन किया जायेगा। बैठक मे सभी मंडल की बैठक तिथि निर्धारित की गई। बैठक का संचालन संचालन जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह व धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री राजकुमार वर्मा ने किया। बैठक मे जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो,समेला भगत,सुरज मोहन साहू ,नवीन कुमार टिंकु,भारती सिन्हा कलावती देवी,अनिल उरांव, सरोज प्रजापति,मनीष शिखर, अशोक साहू,सुरेश बैठा,परमेश्वर भगत,अमित लोहरा, सुदामा प्रसाद,अमरेश भारती, विवेक सोनी, सुरज दशौंधी,मुकेश साहू ,लखन उरांव,मनोज साहू, कृष्णा मोदी,यदुनन्दन तिवारी ,शंकर प्रजापति, नसीर आलम, रजनीश कुमार सिंह, मंगरा उरांव इत्यादि कार्यकर्ता बैठक मे उपस्थित थे।

## मेरिडियन एकेडमी ने डीएवी स्कूल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया

**कोडरमा :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच मंगलवार को सीएच हाई स्कूल मैदान में डीएवी पब्लिक स्कूल और मेरिडियन अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेरिडियन अकादमी ने 30 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 बनाए। मेरिडियन अकादमी की ओर से अंशु 52 रन, सतीश 51 रन और आर्यन ने 28 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल की ओर से पियुष सिंह, आलोक राज ने दो - दो विकेट और आनंद ने एक विकेट चटकाए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी डीएवी पब्लिक स्कूल की पूरी टीम 16 ओवर में 54 रन पर ही ढेर हो गई। डीएवी की ओर से पीयूष सिंह ने सर्वाधिक 12 रन बनाए । गेंदबाजी करते हुए मेरिडियन अकादमी की ओर से पीयूष और आलोक ने तीन-तीन विकेट और सतीश ने दो विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए मेरिडियन अकादमी के सतीश कुमार को मैन कुमार तथा स्कोरर कुमार सुनील कश्यप थे।

## न्यूज फटाफट

### दो दिवसीय रांची जिला स्वर्गीय विश्वामित्र पांडे मेमोरियल बालक बालिका मलखंभ प्रतियोगिता शुरू

**रांची**:सोमवार को वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड एव रांची जिला मलखंभ संघ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय स्व विश्वामित्र पांडेय मेमोरियल मलखंभ प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड मलखंभ एकेडमी, बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेक्टर 02 धुर्वा में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अथिति वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री कौशल कुमार पांडेय , झारखंड राज्य मलखंभ संघ के सचिव श्री अजय झा, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के स्वयं सेवक शुभम चौधरी ,रांची जिला योग संघ कि सचिव रजनी बक्शी आदि संयुक्त रूप से स्व विश्वामित्र पांडेय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर, मलखंभ पोल की पूजा कर एव खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर के किया। इस अवसर पर इस्तियाक अंसारी, दिव्या रानी, संजय कुमार, सौम्या कुमारी, कौशिक कुमार आदि कई लोग उपस्थित थे। आज के प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है...बालक वर्ग में (अंडर 12 )प्रथम स्थान पर सतवीर कुमार दास रहे,वही दूसरे स्थान पर रणवीर कुमार दास रहे एव तृतीय स्थान पर आकाश कुमार रहे।बालक वर्ग (अंडर 14) प्रथम स्थान पर शिवाय कुमार रहे, द्वितीय स्थान पर अनमोल कुमार रहे वही तीसरे स्थान पर अंकित बेथा रहे। बालक वर्ग में ( अंडर 16) प्रथम स्थान पर पिंटू कुमार रहे, दुसरे स्थान पर रोहित कुमार रहे वही तीसरे स्थान पर संजू मिंज रहे। वहीं बालिका वर्ग में (अंडर 12) प्रथम पुरस्कार संस्कृति कुमारी, द्वितीय स्थान हंसिका कुमारी, तृतीय स्थान पर रहे।बालिका वर्ग में (अंडर 14 ) प्रथम स्थान पर आरुषि कुमारी द्वितीय स्थान पर चंदन कुमारी और तीसरे स्थान पर ऋतिका कुमारी रही। बालिका वर्ग (अंडर 16) प्रथम स्थान पर द्वितीय स्थान पर साक्षी कुमारी, तृतीय स्थान पर लवली कुमारी रहे। यह जानकारी रांची जिला मलखंभ संघ के सचिव आशुतोष द्विवेदी ने दी।

### राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन!

**रांची**:भारतीय साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम झारखंड साइकलिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में सिदो कान्हु वेलोड्रम स्टेडियम खेलगांव रांची में 75वां सीनियर महिला एवम पुरुष ,52वा जूनियर ,38वा सब जूनियर बालक एवम बालिका राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के पांचवे दिन समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विजय हांसदा सांसद राजमहल, शब्बीर हुसैन, एशियन साइकिलिंग कन्फेडरेशन के सेक्रेटरी सरदार ओमकार सिंह, विशिष्ट अतिथि मनिंदर पाल सिंह महासचिव साइकलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, अम्लान कुसुम सिंह , उपाध्यक्ष झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन,अम्लान कुसुम सिन्हा उपस्थित थे । ओवरऑल चैंपियनशिप चैंपियन रेलवे 86 पॉइंट के साथ विजेता ,राजस्थान 73 पॉइंट के साथ विजेता ,बेस्ट वुमन साइकिलिस्ट ऑफ द चैंपियनशिप सरिता कुमारी झारखंड 3 गोल्ड के साथ, पुरुष में खेताराम जीगा राजस्थान तीन गोल्ड और एक सिल्वर के साथ और बेस्ट साइकिलिस्ट का चैंपियनशिप बना वूमेन मे सीनियर में रेलवे विजेता, राजस्थान उपविजेता, जूनियर में राजस्थान विजेता ,तमिलनाडु उपविजेता, सब जूनियर और यूथ में राजस्थान विजेता मणिपुर उपविजेता बना। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सांसद विजय हांसदा पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल पारंपरिक अंग वस्त्र एवं चैंपियन की जर्सी प्रदान किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए शब्बीर हुसैन ने भी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया एवं एशियाई साइकलिंग महासंघ के महासचिव ओंकार भी उपस्थित हुए।कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेन्द्र पाठक ,उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा, झारखंड साइकलिंग संघ के उपाध्यक्ष सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, दिवाकर सिंह, दिलीप गुप्ता, जीतेंद्र महतो, नरेश कुमार, चंद्र बहादुर सिंह, राजकुमार मेहता,सोमित्रों बोराल,अनीता कुमारी,मो0 दानिश, आदि का योगदान रहा।

### आईएसएल में ईस्ट बंगाल एफसी ने एनई यूनाइटेड एफसी को 5-0 से हराया

**कोलकाता**: ईस्ट बंगाल एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी को 5-0 से हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। सोमवार की रात यहां विवेकानन्द युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेले गये इस मुकाबले में क्लिटन सिल्वा ने 24वे मिनट, 66वे मिनट में और नंदकुमार सेकर ने 62वे मिनट, 81वे मिनट में ने दो-दो गोल किए। जिसकी बदौलत ईस्ट बंगाल एफसी ने नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी 5-0 से हरा दिया। ससे पहले, उन्होंने 24वें मिनट में मंदार राव देसाई के क्रॉस पर सिर हिलाया था और रात के लिए अपना खाता खोला था।

**टेस्ट सीरीज**

### सात दिसंबर को बीबीएल 2023-24 का पहला मैच खेला जाएगा

# पीसीबी का ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस लेने पर रऊफ को नोटिस

- पाकिस्तान की टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलनी है
- रऊफ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है




**एजेंसियां**

**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हारिस रऊफ, उसामा मीर और जमान खान को बीबीएल में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) देते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से नाम वापस लेने वाले रउफ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पीसीबी की मंजूरी मिलने के बाद तीनों खिलाड़ी 28 दिसंबर तक बीबीएल में खेल सकेंगे। बोर्ड ने कहा है कि 'खिलाड़ियों के कार्यभार और राष्ट्रीय पुरुष टीम के भविष्य के दौरे के कार्यक्रम' को ध्यान में रखते हुए यह मंजूरी दी गई है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद पाकिस्तान की टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलनी है। उल्लेखनीय है कि सात दिसंबर को (बिग बैश लीग) बीबीएल 2023-24 का पहला मैच खेला जाएगा। इन खिलाड़ियों के पास सिर्फ 28 दिसंबर तक बीबीएल में खेलने की अनुमति है। ऐसे में उसामा और रउफ मेलबर्न स्टार्स के लिए केवल पांच ही मैच खेल पाएंगे। वहीं जमान भी सिडनी थंडर्स के लिए इतने ही मैच खेल सकेंगे।

बोर्ड ने कहा, ''पीसीबी समझता है कि कार्यभार प्रबंधन के साथ-साथ इस मसले से जुड़े हुए सभी पक्षों के लिए यह एक संतुलित निर्णय है। इसमें सभी हितधारकों का ध्यान रखा गया है।'' वहीं मेलबर्न स्टार्स की टीम अभी से ही रऊफ के स्थान पर खिलाड़ी ढूंढने कर दिया है। उन्होंने ऑली स्टोन को अभ्यास सत्र के लिए बुलाया था। स्टोन को उनकी टीम में शामिल किया जा सकता है। रऊफ के हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलने के फैसले से नाराज पीसीबी के कई सदस्यों उनकी आलोचना भी की है। इसी संदर्भ में उन्होंने रऊफ को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।

## खेल जगत अपडेट्स

### महिला क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर टी-20 श्रृंखला में बनाई अजेय बढ़त



**डुनेडिन** : पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार को न्यूजीलैंड को दूसरा टी-20 मुकाबला 10 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। पाकिस्तान टीम ने आज यहां टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 137 रन बनाया। पांचवें ओवर की पहली गेंद पर शावाल जुल्फिकार सात रन के रूप में पाकिस्तान को पहला झटका। वहीं मुनीबा अली 35 रन बनाकर आउट हुईं। आलिया रियाज ने नाबाद 32 रन बनाये और पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने 21 रन का योगदान दिया। यह पहली बार था पाकिस्तान की महिला टीम ने देश से बाहर श्रृंखला जीतने के सूखे को खत्म किया है। इससे पहले अक्टूबर 2018 में बंगलादेश को हराकर श्रृंखला जीती थी।

# नागेश ट्रॉफी में उत्तराखंड ने पांडिचेरी को हराया, दिल्ली ने महाराष्ट्र को हराया



**एजेंसियां**

**देहरादून :** पुरुषों के राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर ब्लाइंड 2023-24 (नागेश ट्रॉफी) के छठे संस्करण में उत्तराखंड ने पांडिचेरी को 64 रनों से और दिल्ली ने महाराष्ट्र को 142 रनों से हराया। यहां दून बलूनी क्रिकेट अकादमी में सोमवार को खेले गये दिन के पहले मैच में उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट पर 177 रन का स्कोर बनाया और इसके जवाब में उसने पांडिचेरी को 19 ओवर में 113 रन पर ढेर कर 64 रन से शानदार जीत दर्ज की। उत्तराखंड की ओर से गंभीर सिंह चौहान ने 68 गेंदों में 81 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में संजय कुमार शाह 44 गेंदों में 110 रनों की शतकीय पारी की बदौलत दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 241 रन बनाए। दिल्ली की गेंदबाजी के आगे महाराष्ट्र की टीम 15 ओवर में 99 रन पर ढेर हो गई, कप्तान नीलेश यादव ने तीन विकेट लिए। संजय को उनके शानदार शतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अब देहरादून चरण के दूसरे दिन मंगलवार को कर्नाटक और उत्तराखंड एक-दूसरे से भिड़ेंगे जबकि पांडिचेरी का सामना महाराष्ट्र से होगा।

नागेश ट्रॉफी का छठा संस्करण 23 नवंबर को जम्मू विश्वविद्यालय में ग्रुप ई की चार टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा के साथ शुरू हुआ। टूर्नामेंट दो फरवरी 2024 तक चलेगा और लीग स्टेज 29 दिसंबर 2023 तक खेला जाएगा। जम्मू एवं कश्मीर ने सभी मैच जीते और अब छह अंकों के साथ वह तालिका में शीर्ष पर है। गोवा चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि रेलवे दो अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। पंजाब एक भी मैच नहीं जीत पाई और ग्रुप ई में जम्मू चरण शून्य अंकों के साथ समाप्त हुआ।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने भी नागेश ट्रॉफी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया से हाथ मिलाया है। इस बीच 29 दिसंबर को लीग मैच खत्म होने के बाद क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के सहयोग से जनवरी 2024 में नागपुर, महाराष्ट्र में सुपर आठ स्टेज मैच आयोजित करेगा। नागेश ट्रॉफी के छठे संस्करण के लीग मैच छह स्थानों, जम्मू, देहरादून (उत्तराखंड), कोच्चि (केरल), चंडीगढ़, अगरतला (त्रिपुरा), और कोटा (राजस्थान) में खेले जा रहे हैं। देशभर की कुल 28 टीमें टी-20 प्रारूप टूर्नामेंट हिस्सा ले रही हैं।

### युगांडा ने आईसीसी टी-20 महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम की घोषणा की

**एजेंसियां**



**कंपाला :** युगांडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी-20 महिला विश्वकप क्वालीफायर के लिए 14 खिलाड़ियों वाली टीम की घोषणा की है। युगांडा के कोच लॉरेंस सेसेमातिम्बा ने सोमवार को एंटेबे क्रिकेट ओवल में सात से 17 दिसंबर तक होने वाले क्वालीफायर के लिए टीम का ऐलान किया। सेसमाटिम्बा ने कहा, ''हम इस टीम को तैयार करने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं और आखिरकार हमने उन खिलाड़ियों का चयन कर लिया है जिनके बारे में हमारा मानना है कि वे क्वालीफायर में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।'' युगांडा नामीबिया, नाइजीरिया और रवांडा के साथ ग्रुप बी में है और युगांडा टीम की कप्तानी कॉन्सी अवेको करेंगी। ग्रुप ए में जिम्बाब्वे, तंजानिया, बोत्सवाना और केन्या शामिल हैं। शीर्ष दो टीमें अगले साल दुबई में वैश्विक क्वालीफायर के लिए क्वालीफाई करेंगी। 2024 टी20 महिला विश्व कप की मेजबानी बंगलादेश करेगा। युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन के सीईओ एलन मुगुमे ने कहा, ''हमने यह सुनिश्चित करने के लिए सब कुछ किया है कि हम अच्छे मेजबान हैं और एक मजबूत टीम भी मैदान में उतारेंगे जो क्वालीफायर के अगले चरण के लिए क्वालीफाई कर सके।'' युगांडा 10 दिसंबर को रवांडा के खिलाफ क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। युगांडा की टीम इस प्रकार है:- केविन अविनो, प्रोस्कोविया अलाको, आइरीन अलुमो, जेनेट म्बाबाज़ी, एवलिन एनीपो, कॉन्सी अवेको (कप्तान), पेट्रीसिया मालमेकिया, इमैक्युलेट नकिसुयुई, स्टेफ़नी नैम्पिना, लोर्ना अन्यैत, रीता मुसामाली, एस्तेर इलोकु, मालिसा एरियोकोट, सारा अकीतेंग।

# पवन सिंह की लॉलीपॉप के साथ धमाकेदार वापसी



**एजेंसियां**

**मुंबई :** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह ने अपने सुपरहिट गाना लॉलीपॉप का रैप गाया है। पवन सिंह की लॉलीपॉप ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी और इस गाने को आजतक पूरी दुनियाभर में सुना जाता है । इस गाने ने पवन सिंह को संगीत की दुनिया मे एक ब्रांड बना दिया था और उसके बाद पवन सिंह दुबारा कभी बैक डोर में नहीं गए। आज एक बेहद लम्बे अंतराल के बाद पवन सिंह उसी लॉलीपॉप के साथ दुबारा रैप लेकर लौटे हैं । सुन मेरी लॉलीपॉप में पवन सिंह का एक बेहद अनूठा प्रयोग रैप के रूप में सामने आया है जो कि इस गाने की भव्यता में चार चांद लगा रहा है । पावर स्टार पवन सिंह का यह सॉन्ग पार्टी मूड के लायक भी है। छोटू यादव के लिखे रैप सॉन्ग सुन मेरी लॉलीपॉप को संगीतकार रजनीश मिश्रा ने संगीतबद्ध किया है, जिसे अपनी दमदार आवाज़ के साथ पावर स्टार पवन सिंह और शिवानी सिंह ने गाया है । यशी फिल्म्स के यूट्यूब चैनल पर इस गाने को रिलीज किया गया है।

### रितेश पांडेय का नया गाना तोहरा से माल हई पची ना रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई :** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने गायक-अभिनेता रितेश पांडेय का नया गाना तोहरा से माल हई पची ना रिलीज हो गया है। तोहरा से माल हई पची ना गाने को रितेश पांडेय ने शिवानी सिंह के साथ मिलकर गाया है। इस गाने को मून म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है।रितेश पांडेय ने अपने इस गाने को लेकर कहा कि यह एक मस्ती भरा गाना है। इस गाने में मनोरंजन का पूरा मसाला है। गाना हर वर्ग के दर्शकों को पसंद आयेगा। यह गाना मेरे लिए भी ×खास है। हमने इस गाने को दर्शकों के सामने लाने के लिए बेहद मेहनत की है, इसलिए उम्मीद करता हू कि यह गाना भोजपुरी के संगीत प्रेमियों को बेहद पसंद भी आये। उन्होंने कहा कि गाने गीत- संगीत जितना खूबसूरत है, उतना ही लाजवाब इसका म्यूजिक वीडियो है। यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि अपने दर्शकों का प्यार और आशीर्वाद ही मेरे कर्म का फल है, इसलिए उनको मेरा गाना भाये, यही मेरी चाहत है। तोहरा से माल हई पची ना के म्यूजिक वीडियो में संजना मिश्रा है। गीतकार ढाका धड़कन हैं। संगीतकार ए डी आर आनंद और निर्देशक गोल्डी जयसवाल हैं। संपादक पप्पू वर्मा, संकल्पना छोटन पांडे और डिजिटल हेड विक्की यादव हैं।

# 08 दिसंबर को मास्क टीवी पर प्रसारित होगी वेबसीरीज नुक्कड़




**एजेंसियां**

**मुंबई :** वेबसीरीज नुक्कड़ ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर 08 दिसंबर को रिलीज होगी। 06 एपिसोड की वेबसीरिज नुक्कड़ मास्क टीवी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आगामी 08 दिसम्बर से प्रसारित होने के लिए तैयार है ।निर्माताद्वय चिरंजीवी भट्ट और अंजू भट्ट ने नुक्कड़ का निर्माण किया है। मास्क ओटीटी प्लेट×फॉर्म की चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट ने बताया कि नुक्कड़ वेबसीरिज में दर्शकों को अभिक बेनजीर और सनम जिया के साथ वेद प्रकाश भी बेहद महत्वपूर्ण चरित्र में दिखने वाले हैं । इन तीनो ने अब तक डार्क या ग्रे शेड्स और कॉमेडी प्रधान फिल्में की थी लेकिन नुक्कड़ में इनलोगों ने कुछ लीक से हटकर काम किया है। मास्क टीवी ओटीटी का हाल फिलहाल में एक साल का सफर भी पूरा होने वाला है लेकिन इस वर्षगांठ से पहले ही नुक्कड़ की सौगात देना भी इस प्लेटफॉर्म की एक शानदार उपलब्धि ही है । नुक्कड़ के मुख्य किरदार तृप्ति साहू, अपाला बिष्ट, इमरान हुसैन , रोहित बनर्जी ,सागर सैनी , वीणा ,पूजा,सौरभ,प्रीति शर्मा ,सुनील सैनी ,सतीश,रूबीना खान,प्रियंका कशप्प ,विशाल सिंह,करण मेहरा हैं। नुक्कड़ का निर्देशन अभिक बेनजीर ने किया है, वहीं छायांकन अशोक पांडा ने किया है,संगीतकार जॉय दत्ता और रुद्र मजूमदार के बनाये हुए संगीत को सुरों से सौगत डे पिरोया है,जिन्हें कलमबद्ध वशकर घोष ने किया है।

## प्रदेश >> अपडेट

### मध्यप्रदेश में नेशनल लोक अदालत 9 दिसंबर को

**भोपाल** ; मध्यप्रदेश के सभी जिलों में 9 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत आयोजन किया जाएंगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस नेशनल लोक अदालत में चिन्हित किये गये मुकदमे और न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को निराकरण के लिये रखा जायेगा। इसके साथ ही राशि वसूली, श्रम और रोजगार संबंधी विवाद, बिजली, पानी के बिलों सहित अन्य बिल भुगतान, मेंटेनेंस सहित अन्य प्रकरणों को भी लोक अदालत में रखा जायेगा।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### रायबरेली में सड़क हादसे में दो मरे, दो घायल

**रायबरेली** : उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के भदोखर इलाके में रोडवेज की बस की चपेट में आकर दो मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मनेहरु गांव के पास देर रात करीब डेढ़ बजे यह हादसा उस समय हुआ जब किसी समारोह में शिरकत कर लौट रहे भदोखर थाना क्षेत्र निवासी अनिल कुमार (26) और जगतपुर क्षेत्र निवासी अभिषेक (25) मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे कि रायबरेली डिपो की बस ने बाइक को टक्कर मार दी।

### कश्मीर में रात के तापमान में गिरावट, ठंड बढ़ी

**श्रीनगर** : मौसम विभाग ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर घाटी में रात के तापमान में गिरावट के कारण ठंड बढ़ गई है और पहलगाम में तापमान -4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और यह इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही। मौसम विभाग के अनुसार, पहलगाम में न्यूनतम तापमान मंगलवार को गिरकर -4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सोमवार को यह -3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 'असम में अपराध दर में काफी कमी आई है'

**गुवाहाटी** : असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट ने असम में कुल अपराध में 2021 के बाद से करीब 50 प्रतिशत की कमी दिखाई है। श्री सरमा ने कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, असम में प्रति लाख लोगों पर अपराध दर 2021 में 341 और 2022 में 194 थी। उन्होंने एक्स पर लिखा, नवीनतम एनसीआरबी रिपोर्ट से पता चलता है कि 2021 के बाद से असम में कुल अपराध लगभग 50 प्रतिशत कम हो गया है। पारदर्शी भर्ती और स्मार्ट पुलिसिंग में निवेश में हमारे प्रयास सफल हो रहे हैं। हम तब तक आराम नहीं करेंगे जब तक असम अपराध मुक्त नहीं हो जाता।

### फिर लिया 2 हजार करोड़ का बाजार से कर्ज

**भोपाल** :राज्य सरकार रिजर्व बैंक के मुम्बई कार्यालय के माध्यम से अपनी सिक्युरिटीज का विक्रय कर 2 हजार करोड़ रुपयों का नया कर्ज बाजार से उठाया है। इस कर्ज का भुगतान 14 साल बाद किया जायेगा तथा इस बीच साल में दो बार कूपन रेट पर ब्याज का भुगतान किया जायेगा। वर्तमान वित्त वर्ष में राज्य सरकार 19 हजार करोड़ रुपयों का बाजार से कर्ज ले चुकी है तथा नया कर्ज 2 हजार करोड़ रुपयों को मिलाकर यह राशि 21 हजार करोड़ रुपये हो जायेगी। राज्य सरकार पर कर्ज का कुल भार 3 लाख 31 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा है।

---

युद्ध

### इजरायली वायुसेना का दो सौ ठिकानों पर बड़ा हमला

# पूरे गाजा क्षेत्र में अब फैल गया है युद्ध

- इजरायली हमलों में 15,800 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं
- आईडीएफ की जमीनी सेना अब दक्षिणी गाजा में काम कर रही है



**एजेंसियां**

**जेरूशलम:** इजरायली हवाई हमलों ने गाजा में हमास के लगभग 200 ठिकानों को निशाना बनाया। इस बारे में इजरायली रक्षा बलों ने सोमवार को कहा, आईडीएफ की घोषणा के एक दिन बाद कि वह हमास के साथ संघर्ष विराम के टूटने के बाद पूरे क्षेत्र में अपने जमीनी अभियानों का विस्तार कर रहा है। सत्यापित वीडियो से पता चलता है कि आईडीएफ की जमीनी सेना अब दक्षिणी गाजा में काम कर रही है, जिसमें कम से कम एक इजरायली टैंक काम कर रहा है। यह चल रहे युद्ध में गाजा के दक्षिण में आईडीएफ के ऑपरेशन की पहली स्पष्ट पुष्टि है। सप्ताहांत में, इजराइल ने कहा कि उसने हवाई हमले में हमास की शाती बटालियन के कमांडर को मार डाला। आईडीएफ के एक प्रवक्ता ने कहा, हैथम खुवाजारी 7 अक्टूबर के हमले के दौरान इजरायली क्षेत्र में छापेमारी करने के लिए जिम्मेदार था।

कतर के प्रधान मंत्री, जिन्होंने प्रमुख इजराइल-हमास मध्यस्थ के रूप में काम किया है, ने अमेरिकी विदेश सचिव के साथ एक कॉल में गाजा में युद्धविराम की आवश्यकता पर जोर दिया। यह तब हुआ है जब अमेरिका ने इजरायल पर नागरिकों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास करने का दबाव बढ़ाया है। एन्क्लेव में हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 7 अक्टूबर से गाजा में इजरायली हमलों में 15,800 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। वीडियो के अनुसार, इजरायली जमीनी सेना अब दक्षिणी गाजा में काम कर रही है, जिसमें कम से कम एक इजरायली टैंक कार्रवाई में है। यह इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध में वाडी गाजा के दक्षिण में इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के ऑपरेशन की पहली स्पष्ट पुष्टि है। रविवार को साझा किए गए वीडियो में एक इजरायली टैंक को गाजा के मुख्य उत्तर-दक्षिण मार्ग, सलाह एल-दीन स्ट्रीट पर काम करते हुए दिखाया गया है, जो मध्य खान यूनिस के उत्तर में पांच किलोमीटर (लगभग तीन मील) से भी कम दूरी पर है। आईडीएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि इजराइल पूरे गाजा पट्टी में अपने जमीनी अभियान का विस्तार कर रहा है। एक अलग वीडियो में, दक्षिणी गजान शहर दीर अल बलाह के ठीक बाहर गोलियों की आवाज सुनी जा सकती है।

आईडीएफ ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि खान यूनिस क्षेत्र में सलाह ए-दीन धुरी एक युद्धक्षेत्र का गठन करती है और खान यूनिस क्षेत्र में आईडीएफ की लड़ाई और सैन्य प्रगति सलाह के माध्यम से नागरिकों की आवाजाही की अनुमति नहीं देती है खान यूनिस शहर के उत्तर और पूर्व के हिस्सों में अल-दीन धुरी।

आईडीएफ ने कहा कि यह खान यूनिस के पश्चिम में स्थित बाईपास धुरी के माध्यम से नागरिकों की मानवीय आवाजाही की अनुमति देगा और नागरिकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले अतिरिक्त मार्गों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

कुछ संदर्भः युद्ध की शुरूआत में, इजराइल की सेना ने उत्तरी गाजा में 1.1 मिलियन लोगों को तुरंत दक्षिणी गाजा के लिए अपने घर खाली करने के लिए कहा, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र ने आदेश को असंभव कहा था।पिछले हफ्ते, बिडेन प्रशासन के अधिकारियों ने इजरायली समकक्षों से मुलाकात की और चर्चा की कि दक्षिणी गाजा में भाग गए हजारों नागरिकों की सुरक्षा कैसे की जाए। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी और इजरायली अधिकारियों ने जिन कई विकल्पों पर चर्चा की, उनमें युद्ध की शुरूआत में दक्षिण की ओर गए नागरिकों को वहां सैन्य अभियान समाप्त होने के बाद वापस उत्तर की ओर ले जाना भी शामिल था। जबकि उत्तरी गाजा का अधिकांश भाग पहले ही लड़ाई और हवाई हमलों से नष्ट हो चुका है, इजराइल ने स्पष्ट कर दिया है कि वह वहां अपने सैन्य अभियान समाप्त करने पर तुला हुआ है। अब तक आईडीएफ ने विस्थापित फिलिस्तीनियों को दक्षिण से लौटने के खिलाफ चेतावनी दी है।

स्वतंत्र शोधकताओं के उपग्रह विश्लेषण के अनुसार, नागरिकों को उत्तर की ओर वापस ले जाना एक महत्वपूर्ण मानवीय चुनौती का प्रतिनिधित्व करेगा, क्योंकि उत्तरी गाजा में अनुमानित आधी संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इसके बीच इजरायल का यह आरोप भी सच साबित हो रहा है कि दक्षिण गाजा में भी हमास के आतंकवादी मौजूद हैं।

---

### हार के बाद ईवीएम पर बोले दिग्विजय,

# चिप वाली कोई भी मशीन की जा सकती है हैक

**एजेंसियां**

**भोपाल:** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राज्य की बहुत सी सीटों पर पार्टी को मिले डाक मतपत्रों की संख्या सार्वजनिक करते हुए कहा कि वे 2003 से ईवीएम का विरोध करते आ रहे हैं और उनका मानना है कि चिप वाली कोई भी मशीन हैक की जा सकती है। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ये आंकड़े पोस्ट किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा , डाक मतपत्रों के ज़रिए कांग्रेस को वोट देनेवाले और हम पर भरोसा जतानेवाले सभी मतदाताओं का धन्यवाद! तस्वीरों के आँकड़ों में एक प्रमाण है जो यह बताता है कि पोस्टल बैलेट के ज़रिए हमें यानी कांग्रेस को 199 सीटों पर बढ़त है। जबकि इनमें से अधिकांश सीटों पर ईवीएम काउंटिंग में हमें मतदाताओं का पूर्ण विश्वास न मिल सका। यह भी कहा जा सकता है कि जब तंत्र जीतता है तो जनता (यानी लोक) हार जाती है। हमें गर्व है कि हमारे ज़मीनी कार्यकर्ताओं ने जी जान से कांग्रेस के लिए काम किया ।

---

# एमएसपी पर समिति 30-35 बार बैठ चुकी है: तोमर



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली** :कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने मंगलवार को कहा कि कृषि उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने को कानूनी अधिकार का दर्जा दिये की संस्तुतियां देने संबंधी समिति की कार्यवाही चल रही है पर अभी इसकी रिपोर्ट नहीं मिली हैं। तोमर ने लोकसभा में प्रश्न काल में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी के प्रश्न के उत्तर में बताया कि इसके लिये समिति बनायी गयी थी जिसकी 30-35 बैठकें हो चुकी हैं और रिर्पोर्ट की प्रतीक्षा है। उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार किसानों को उनकी उपज का सरकारी मूल्य कृषि लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत का मुनाफा जोड़कर निर्धारित किया जा रहा है। कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि किसान सम्मान योजना के तहत सभी पात्र किसानों को आर्थिक सहायता देने का सरकार की योजना है। इसके लिये आवेदन करना आसान कर दिया गया है और एक मोबाइल एप के जरिये किसान अपना आवेदनपत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। किसान सम्मान योजना कृषकों के लिये बहुत हितकारी है और विदेशों में भी इसकी तारीफ हो रही है।

---

# सरकारी अभिलेख नष्ट करने में जुटे मंत्रालय के विभाग

**डॉ. नवीन जोशी**

**भोपाल:**राजधानी के वल्लभ भवन एवं उसकी दो एनेक्सियों में स्थित मंत्रालय के सभी विभाग अपने सरकारी अभिलेख नष्ट करने में जुट गये हैं। यह कार्यवाही सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश पर हो रही है। सामान्य प्रशासन विभाग ने मंत्रालय में स्थित सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं सचिव को निर्देश भेजकर कहा है कि सभी विभाग अपने अनुपयोगी अभिलेख का विनष्टीकरण करें और शेष उपयोगी अभिलेख समीपस्थ सतपुड़ा भवन स्थित नवनिर्मित शासकीय अभिलेखागार में भेजें ताकि वहां इन उपयोगी अभिलेखों का डिजीटाईजेशन हो सके। यह सब कार्यवाही, विधानसभा आम चुनाव के परिणाम आने के पूर्व से तेजी से विभागों द्वारा की जा रही है।

**लोक अदालतों का रिकार्ड भी नष्ट होगा** :इधर राज्य के विधि विभाग अंतर्गत कार्यरत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी पुराने अभिलेखों को नष्ट करने के निर्देश जारी किये हैं जिसमें तीन साल पुराने लोक अदालत के दस्तावेज भी नष्ट करने के लिये कहा गया है। प्राधिकरण ने विधानसभा और लोकसभा के प्रश्नों से संबंधित पांच वर्ष पुरानी नस्तियां भी नष्ट करने के लिये कहा है।

---

# शर्मा ने की नड्डा से मुलाकात



**एजेंसियां**

**भोपाल** : मध्यप्रदेश में नई सरकार के गठन को लेकर चल रही कवायद के बीच भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज नयी दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। शर्मा ने नड्डा से भेंट कर विधानसभा चुनाव में 48.55 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भाजपा की प्रचंड विजय पर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल को भी श्री शर्मा ने बधाई दी।

---

लड़ाकू विमान

### तावरिया समूह के कमांडर जनरल ऑलेक्जेडर टार्नावस्की ने 3 दिसंबर कहा

# दक्षिणपूर्वी सीमा पर रूसी सेना की गतिविधि बढ़ रही है

- दक्षिण-पूर्वी सीमा पर 55 झड़पें दर्ज की गई
- अवदीवका पर हमले, मास्को के लिए बहुत महंगे रहे हैं



**एजेंसियां**

**कियेब:** तावरिया समूह के कमांडर जनरल ऑलेक्जेडर टार्नावस्की ने 3 दिसंबर को रिपोर्ट दी, रूसी सेनाओं ने यूक्रेन के खिलाफ हवाई हमलों की संख्या कम कर दी है, लेकिन दक्षिणपूर्वी सीमा रेखा पर पैदल सेना की गतिविधि तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच पिछले दिनों दक्षिण-पूर्वी सीमा पर 55 झड़पें दर्ज की गईं। रूस ने 440 सैनिक और नौ सैन्य हार्डवेयर खो दिए हैं, जबकि लगभग 10 रूसी सैनिकों ने पिछले दिन क्षेत्र में आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने यह निर्दिष्ट नहीं किया कि कार्रवाई में रूसी सैनिक मारे गए या घायल हुए, या दोनों। इस बीच, कमांडर ने कहा कि क्षेत्र में रूसी लड़ाकू विमानों की गतिविधि कम है। यूक्रेनी सेना ने पिछले दिन क्षेत्र में पांच हवाई हमले दर्ज किए, जिसमें डोनेट्स्क ओब्लास्ट में अज्ञात स्थानों पर कई केएबी-निर्देशित बम हमले किए गए।

यूक्रेनी सेनाएं मेलिटोपोल की ओर आक्रामक अभियान चलाते हुए अवदिव्का और मरिंका अक्षों में रक्षा पंक्तियां संभाल रही हैं।

टार्नवस्की ने अवदिव्का अक्ष में 25 रूसी हमलों को विफल करने की सूचना दी, मरिंका के पास 11 और हमले, वुहलेदार और शख्तरस्क दिशाओं के पास तीन रूसी हमले, और जापोरिज़िया दिशा में रोबोटिन और वबोर्वे के पास 12 हमले किए। डोनबास के एक प्रमुख शहर, कब्जे वाले डोनेट्स्क के प्रवेश द्वार, अवदीवका पर हमले, मास्को के लिए बहुत महंगे रहे हैं। यूक्रेनी सेना के अनुसार, फ्रंट-लाइन शहर के पास लड़ाई के महीने में रूसी सेना ने लगभग 10,000 सैनिक, 100 से अधिक टैंक, 250 से अधिक अन्य बख्तरबंद वाहन और सात एस यू -25 विमान खो दिए हैं। दूसरी तरफ यह माना जा रहा है कि रूसी सेना डोनेट्स्क के उत्तर में स्थित छोटे से शहर पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेन में चल रही सैन्य स्थिति के आकलन में, सेंटर ऑफ मिलिट्री-लॉ स्टडीज के प्रमुख ऑलेक्जेडर मुसिएन्को, सर्दियों के दौरान यूक्रेनी सेना द्वारा खेरसॉन ओब्लास्ट में डीनिप्रो नदी को पार करने की संभावना के बारे में आशावादी हैं।

30 नवंबर को रेडियो एनवी पर बोलते हुए, मुसिएन्को ने डीनिप्रो के बाएं किनारे पर पैर जमाने को आशा का आधार बताया और कहा कि यूक्रेनी बलों के लिए इस साल जवाबी हमले में महत्वपूर्ण लाभ हासिल करने की अभी भी संभावना है। मुसिएन्को ने कहा, इस प्रयास में सफलता यूक्रेन के सहयोगियों के समर्थन और डीनिप्रो नदी क्रॉसिंग ऑपरेशन के कार्यान्वयन पर निर्भर करती है। सर्दियों में इन स्थितियों की व्यवहार्यता के बारे में पूछताछ का जवाब देते हुए, उन्होंने कहा, यह ध्यान में रखते हुए कि युद्ध अभियान जारी हैं, हमारी सेनाओं के पास सुदृढीकरण, हथियार और उपकरण स्थानांतरित करने का अवसर है। फिलहाल, यह संभव है।

---

## न्यूज फटाफट

### फिलीपींस सेना के हेलीकॉप्टर ने लापता छोटे विमान का पता लगाया

**मनीला** ; फिलीपींस सेना के एक हेलीकॉप्टर ने मंगलवार को इसाबेला प्रांत में एक छोटे लापता विमान के मलबे का पता लगाया लिया है। छोटे विमान में पायलट सहित दो लोग सवार थे। यह जानकारी शिन्हुआ ने एक प्रांतीय प्रवक्ता के हवाले से मंगलवार को दी। इसाबेला हादसा प्रबंधन टीम अधिकारी जोशुआ हापिनाट ने कहा कि फिलीपींस वायु सेना के हेलीकॉप्टर ने छोटे विमान के पायलट और यात्री की स्थिति का पता लगाने के लिए पहाड़ के जंगल में गहरे मलबे तक नहीं पहुंच सका। इसाबेला हादसा प्रबंधन टीम के जोशुआ हापिनाट ने कहा कि फिलीपीन वायु सेना का हेलीकॉप्टर लापता छोटे विमान के मलबे के काफी करीब नहीं पहुंच सका। क्योंकि लापता विमान और उसका पायलट तथा यात्री पर्वतीय इलाके के घने जंगलों में गिर गये थे। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन टीम पायलट और यात्री का पता लगाने के लिए दुर्घटनास्थल पर एक टीम भेजेगा। फिलीपींस के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कहा कि एकल इंजन वाला हल्का विमान ने 30 नवंबर को स्थानीय समयानुसार सुबह 9:39 बजे इसाबेला के कौयान सिटी हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी, जो कि तटीय शहर पलानन की ओर जा रहा था और कुछ ही समय बाद लापता हो गया था।

### अमेरिकी राज्य वर्जीनिया में एक घर में विस्फोट, पुलिसकर्मी घायल

**वाशिंगटन** : अमेरिकी राज्य वर्जीनिया में सोमवार को एक आवासीय इमारत में विस्फोट होने से पुलिस अधिकारियों को मामूली चोटें आई। यह जानकारी सिन्हुआ ने मंगलवार को स्थानीय मीडिया के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट अमेरिकी राज्य वर्जीनिया के एक काउंटी आर्लिंगटन में एक घर में हुआ, जहां पुलिस जांच कर रही थी। स्थानीय मीडिया ने कहा कि स्थानीय समयानुसार रात 08:20 बजे इलाके में एक जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी गई और आसपास की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

### नासा के मार्स हेलीकॉप्टर ने मंगल ग्रह पर 67 उड़ानें पूरी कीं

**लॉस एंजिल्स** :नासा के मंगल हेलीकॉप्टर ने सप्ताहांत में लाल ग्रह पर अपनी 67वीं उड़ान पूरी की। यह जानकारी नासा के हवाले से सिन्हुआ ने मंगलवार को दी। नासा के अनुसार, हेलीकॉप्टर 12 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचा और शनिवार को दो मिनट से ज्यादा समय तक 393 मीटर की यात्रा की। इनजेन्यूटी नाम का हेलीकॉप्टर 18 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर पर पहुंचा, जो नासा के पर्सिवरेंस रोवर से जुड़ा हुआ है। हेलीकॉप्टर पहली बार किसी अन्य ग्रह पर संचालित उड़ान का परीक्षण करने के लिए एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन है। नासा के अनुसार, हेलीकॉप्टर को एक बार में लगभग 300 मीटर की दूरी और जमीन से लगभग 3 से 4.5 मीटर की दूरी तक 90 सेकंड के लिए उड़ान भरने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

### थाईलैंड में बस दुर्घटना में 14 लोगों की मौत, 35 घायल

**बैंकॉक** :दक्षिण थाईलैंड के प्रचुआप खीरी खान प्रांत में एक यात्री बस के सड़क से उतरकर एक पेड़ से टकरा जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी सिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से मंगलवार को दी। बस राष्ट्रीय राजधानी बैंकॉक से सोंगखला प्रांत के नथावी जिले जा रही थी। दुर्घटना के कारणों की आधिकारिक जांच की जा रही है।

### रूस ने गाजा में 288 टन से अधिक मानवीय सहायता भेजी

**मॉस्को**: रूस ने 07 अक्टूबर को इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी के निवासियों के लिए 288 टन से अधिक मानवीय सहायता पहुंचाई है। यह जानकारी आपातकालीन मंत्रालय के सूचना नीति विभाग के निदेशक रोमन ओखोटेंको ने सोमवार को दी। श्री ओखोटेंको ने कहा कि कुल मिलाकर, रूसी आपात मंत्रालय की 12 उड़ानों ने पहले ही गाजा के निवासियों के लिए अरीश शहर में 288 टन से अधिक मानवीय सहायता पहुंचाई है। 07 अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। इजरायल ने जवाबी हमला शुरू किया और गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, जिससे पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई। 27 अक्टूबर को, इजरायल ने हमास के लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ गाजा पट्टी में एक जमीनी घुसपैठ शुरू की। 24 नवंबर को, कतर ने इजरायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम और कुछ कैदियों और बंधकों के आदान-प्रदान के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते की मध्यस्थता की। संघर्ष विराम को कई बार बढ़ाया गया, जो कि पिछले शुक्रवार को समाप्त हो गया, जब इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ लड़ाई फिर से शुरू की, यह कहते हुए कि हमास ने मानवीय विराम का उल्लंघन किया है।

### डब्ल्यूएचओ ने कहा कि गाजा में स्वास्थ्य क्षेत्र पर 200 से ज्यादा हमले दर्ज किए गए

**गाजा** : विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मंगलवार को कहा कि गाजा पट्टी में 07 अक्टूबर से 28 नवंबर तक चिकित्सा सुविधाओं और स्वास्थ्य कर्मियों पर हमलों की संख्या 203 हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ ने एक्स पर लिखा कि 07 अक्टूबर से 28 नवंबर तक, स्वास्थ्य देखभाल पर हमलों की एक अभूतपूर्व संख्या दर्ज की गई, अस्पतालों, एम्बुलेंस, चिकित्सा आपूर्ति पर 203 हमले, और स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ताओं को हिरासत में रखना। यह अस्वीकार्य है, एकमात्र समाधान सतत युद्धविराम है। 07 अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। इजरायल ने जवाबी हमला शुरू किया और गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, जिससे पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई। 27 अक्टूबर को, इजरायल ने हमास के लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ गाजा पट्टी में एक जमीनी घुसपैठ शुरू की। 24 नवंबर को, कतर ने इजरायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम और कुछ कैदियों और बंधकों के आदान-प्रदान के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते की मध्यस्थता की। संघर्ष विराम को कई बार बढ़ाया गया, जो कि पिछले शुक्रवार को समाप्त हो गया, जब इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ लड़ाई फिर से शुरू की, यह कहते हुए कि हमास ने मानवीय विराम का उल्लंघन किया है।

## आज का इतिहास

- 1060 : बेला कचैंपियन को हंगरी का राजा घोषित किया गया था।
- 1723 : सम्राट कैरेल ने छठी व्यावहारिक संविधान घोषित किया।
- 1724 : लंदन में कॉली सिब्बेर का नाटक सीज़र इन मिस्र का प्रीमियर शुरू हुआ।
- 1768 : एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ।
- 1774 : ऑस्ट्रिया राजकीय शिक्षा व्यवस्था लागू करने वाला पहला देश बना।
- 1848 : फ्रांज श्लिक के नेतृत्व में ऑस्ट्रियाई शाही सेना ने हंगरी पर हमला किया।
- 1865 : अमेरिका में दासता को आधिकारिक रूप से समाप्त कर दिया गया।
- 1897 : लंदन दुनिया का पहला लाइसेंस प्राप्त टैक्सीकैब की मेजबानी का शहर बना।
- 1907 : अमेरिका के मोनोंगह शहर में एक कोयला खदान के विस्फोट में 362 कर्मचारी मारे गए।
- 1909 : रूसी शहर में सेराटोव स्टेट यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई।

## साइबर मामलों में अगली सुनवाई 18 दिसंबर को

रांचीः हाई कोर्ट में साइबर अपराध से संबंधित मामलों की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने एसएलबीसी को प्रतिवादी बनाते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश है। अदालत अब इस मामले में अगली सुनवाई 18 दिसंबर को करेगा। हाई कोर्ट ने इस बात को लेकर संज्ञान लिया है कि जब साइबर अपराध के बाद पीड़ित का पैसा जब्त होता है, तो उसे लौटने की क्या प्रक्रिया है।

**पड़ताल** गैंगस्टर अमन सिंह हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट सख्त

# सरकार से मांगी तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट, एसआईटी जांच को लेकर भी मांगा मंतव्य

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** धनबाद मंडल कारा में कुख्यात शूटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। इस दौरान आईजी जेल उमाशंकर सिंह कोर्ट के समक्ष वर्चुअल रूप से उपस्थित हुए और कोर्ट के सवालों का जवाब दिया। सुनवाई के दौरान उनकी ओर से बताया गया की एडीएम लॉ एंड ऑर्डर एवं अपर समाहर्ता एवं सिटी एसपी धनबाद द्वारा जेल में सुरक्षा की चूक की जांच की जा रही है। तीन सदस्यीय कमेटी जांच कर रही है। इसके अलावा सीआईडी आईजी भी जांच पड़ताल कर रहे हैं।




### कोर्ट को दी गई यह जानकारी

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट को जानकारी दी गई कि अब हुई जांच में जेल से दो पिस्टल, 6 मोबाइल फोन बरामद किया है। गोली चलाने वाले की पहचान कर ली गई है। मामले में चार प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मुख्य आरोपी सुंदर महतो को रिमांड पर लिया गया है। घटना को लेकर धनबाद के जेलर समेत 7 कक्षापालों को निलंबित कर दिया गया है। 23 कैदियों को राज्य के दूसरे जेल में शिफ्ट किया जाएगा। इसके अलावा जेलर को निलंबित कर दिया गया है।

### महाधिवक्ता से पूछा, एसआईटी जांच को लेकर सरकार कितनी गंभीर

कोर्ट ने महाधिवक्ता राजीव रंजन से जानना चाहा कि क्या इस मामले में वृहत षड्यंत्र और पॉलिटिकल एंगल को देखते हुए राज्य सरकार मुख्यालय स्तर पर एसआईटी बनाने पर विचार कर सकती है या नहीं, अगली सुनवाई में कोर्ट को बताएं। साथ ही कोर्ट ने मामले में तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर निर्धारित की है। मामले की सुनवाई हाइब्रिड मोड में मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने सरकार की ओर से पक्ष रखा।बता दें कि रविवार को धनबाद जेल के अंदर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद कोर्ट ने मामले को सोमवार को संज्ञान लेते हुए आईजी प्रिजन को तलब किया था। कुख्यात शूटर अमन सिंह धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर और कांग्रेस नेता नीरज सिंह की हत्या मामले में लंबे समय से जेल में बंद था।

## कुख्यात अपराधी देवा फिर दबोचा गया, बीवी गोद में उठा कर रिम्स से हुई थी फरार

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** कुख्यात अपराधी शाकिब उर्फ देवा को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद एक बार फिर से गिरफ्तार कर लिया है। इस बार देवा की पत्नी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रविवार को टांग टूटा रहने के बावजूद देवा रिम्स से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। फरार होने में देवा की पत्नी ने उसकी मदद की थी।अपनी पत्नी नेहा के साथ रिम्स से फरार होने के बाद देवा लगातार पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था। रांची के लगभग सभी थाने की पुलिस उसे खोज रही थी। इसी दौरान रांची के पुंदाग में उसके छुपे होने की सूचना पुलिस को मिली थी। बिना वक्त गवाएं पुंदाग थाना प्रभारी विवेक ने उस घर को घेर लिया, जहां देवा अपनी पत्नी के साथ छुपा हुआ था। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद पुलिस घर के अंदर दाखिल हुई तो एक कमरे में नग्न अवस्था में देवा पड़ा मिला। उसकी पत्नी भी पलंग के



नीचे छुपी मिली। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। राजधानी रांची में 200 से अधिक चेन स्नैचिंग करने वाला कुख्यात अपराधी शाकिब उर्फ देवा रविवार को रिम्स से फरार हो गया था। 26 नवंबर 2023 को अरगोड़ा पुलिस ने देवा को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान धर-पकड़ में गिरने की वजह से देवा घायल हो गया था। जिसके बाद उसका इलाज रिम्स में चल रहा था। रविवार की शाम देवा की पत्नी ने पुलिस को चकमा देकर एक अन्य व्यक्ति की सहायता से देवा को गोद में उठाया और उसे साथ लेकर फरार हो गई थी। रिम्स में मौजूद लोगों ने यह देखा था। उस समय उन्हें यह लगा कि देवा का एक्स-रे करवाने के लिए ले जाया जा रहा है, लेकिन पूरी योजना फरार होने की थी। बताते चलें कि देवा की पत्नी नेहा भी कुख्यात अपराधी है। वह पहले भी कई बार जेल जा चुकी है। अपराधी देवा के रिम्स से फरार होने के बाद रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए सुरक्षा में तैनात दोनों जवानों को सस्पेंड कर दिया था।

## रांची से गहने चोरी कर भाग रहे तीन मुलजिमों को यूपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** रांची के डोरंडा स्थित एक फ्लैट से 43 लाख के गहने चोरी कर भाग रहे गाजियाबाद के गैंग को यूपी पुलिस ने मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, पाकबड़ा थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक कार की तलाशी ली तो उनके कार से करीब 43 लाख की कीमत के जेवरात बरामद हुए। इनमें 42 लाख की कीमत (600 ग्राम) के सोने के जेवर, 80 हजार की कीमत के एक किलो चांदी के जेवर और 35 हजार 380 रुपये नकद शामिल हैं। जिसके बाद पुलिस ने तीनों को गिर?तार कर लिया। इनमें गाजियाबाद कोतवाली क्षेत्र के कैलाभट्ठा निवासी नदीम,



गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र के गरिमा गार्डन निवासी जावेद और साहिबाबाद थाना क्षेत्र के पसौंडा निवासी ताहिर उर्फ तहूर उर्फ तोमर शामिल हैं। अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वो 29 नवंबर को रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित सरस्वती वेला सोसायटी के फ्लैट में चोरी की थी। बताया कि वह कार से दूसरे राज्यों के शहरों में घूमते हैं और रेकी करते हैं। खाली मकान और फ्लैट को देखकर वारदात को अंजाम देने की योजना बनाते हैं। बताया कि वह गाजियाबाद और दिल्ली के कई शहरों में भी इस तरह की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। इसके अलावा कोलकता, झारखंड के रांची, जमशेदपुर, आदित्यपुर में भी चोरी की है।

## गिरिडीह रेलवे स्टेशन के समीप बनेगा आरओबी

**रांची:** गिरिडीह रेलवे स्टेशन के समीप रेल ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जायेगा। पथ निर्माण विभाग में इसके निर्माण का निर्णय लिया है और डीपीआर तैयार करने के लिए इंजीनियरों को निर्देश दिया है। विभाग ने डीपीआर निर्माण के लिए कंसल्टेंसी के चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। यह आरओबी गिरिडीह रेलवे स्टेशन के पास झरिया गड़ी में बनाया जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने 3 माह में इसके निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर मांगा है। डीपीआर तैयार होने के बाद अभियंता प्रमुख के स्तर पर इसकी समीक्षा की जायेगी, इसके बाद सरकार से मंजूरी ली जायेगी। काफी व्यस्त इलाका होने की वजह से यह आरओबी काफी महत्वपूर्ण होगा। पथ निर्माण विभाग ने इसके अलावा गिरिडीह बाईपास में टुंडी की ओर जाने वाली सड़क को भी बनाने का फैसला लिया है।

## झारखंड शराब घोटालाः उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह नहीं पहुंचे ईडी के दफ्तर




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** ईडी के दोबारा समन के बावजूद उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह सोमवार को ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। शराब घोटाले मामले में ईडी की तरफ से उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को अभियुक्त बनाया गया है और पूछताछ के लिए उन्हें लगातार ईडी कार्यालय बुलाया जा रहा है।ईडी ने उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त को 29 नवंबर 2023 को ईडी दफ्तर पहुंचने के लिए समन भेजा गया था, लेकिन उस दिन वो ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। इसके बाद उन्हें फिर से 4 दिसंबर 2023 की सुबह 11:00 बजे तक ईडी कार्यालय पहुंचने के लिए कहा गया था, लेकिन 11:00 तक वह ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। ईडी के अधिकारी उनका इंतजार करते रहे।बताते चलें कि ईडी की तरफ से उत्पाद विभाग के गजेंद्र सिंह को भेजे गए समन के साथ एक फॉर्मेट भी भेजा गया था। जिसमें शराब के कारोबार से होने वाले राजस्व और टेंडर प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। जानकारी के अनुसार संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह ने ईडी को सारे कागजात सौंपने के लिए राज्य सरकार से अनुमति मांगी थी, लेकिन राज्य सरकार ने इस पर कुछ भी निर्णय नहीं लिया।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को ईडी गिरफ्तार कर सकती थी। इसीलिए वो कार्यालय नहीं पहुंचे। अब देखने वाली बात होगी कि शराब घोटाले मामले में ईडी के तरफ से आगे क्या कार्रवाई की जाती है।

## जेठा कच्छप को बेल देने से हाईकोर्ट का इनकार

रांची :कमांडर जेठा कच्छप को जमानत देने से झारखंड हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। जेठा कच्छप ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। उसकी याचिका पर चीफ जस्टिस की बेंच में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष और सरकार का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने उसे जमानत देने से इनकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ता भोला नाथ ओझा ने दलील दी कि जेठा कच्छप के खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, और यह प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन ढछत्र्क का प्रमुख सदस्य है। इसलिए इसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए। उनकी दलील सुनने के बाद अदालत ने जेठा कच्छप की याचिका खारिज कर दी।

## ईडी टीम पहुंची बरियातू के बर्लिन डायग्नोस्टिक सेंटर, जमीन भी मापी

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम मंगलवार को राजधानी के बरियातू रोड स्थित बर्लिन डायग्नोस्टिक सेंटर एंड डे केयर पहुंची। ईडी की टीम यहां पहुंची और फिर यहां पर जमीन की मापी की। गौरतलब है कि बीते महीने ईडी ने इस जमीन का संबंधित ब्योरा मांगा था। बरियातू स्थित इस जमीन पर वर्तमान में बर्लिन डायग्नोस्टिक सेंटर भी चल रहा है। ईडी ने इस सिलसिले में बड़गाईं अंचल के अंचलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी थी। अंचल कार्यालय में हुई जालसाजी के मद्देनजर इस जमीन से संबंधित दस्तावेज और खतियान में दर्ज ब्योरों के अनुसार, मालिकों का पूरा डीटेल भी मांगा था।यहां बता दें कि यह जमीन अलग-अलग



तारीखों पर खरीदी गई है। इसमें अलग-अलग डीड का जिक्र है। जमीन मालिक के रुप में प्रीती कुमार के नाम दर्ज है। दस्तावेज के अनुसार अक्टूबर 2004 में 84,254 रुपए, वर्ष 2005 में 5.50 लाख, वर्ष 2010 में 3.71 लाख वर्ष 2014 में 1.04 करोड़ और दिसंबर 2021 मे 1.71 करोड़ रुपए में जमीन खरीदी गई है। ईडी इस जमीन को खरीदने के लिए दिए गए रुपये के बारे में जानकारी जुटा रही है। इसे बारे में ईडी ने जमीन के मालिक प्रीती कुमार से उनकी आय के बारे में जानकारी मांगी है।ईडी की टीम ने मंगलवार को बर्लिन डायग्नोस्टिक सेंटर की जमीन से जुड़े कागजात के आधार पर उसकी मापी करायी है। साथ ही नक्शा के बारे में भी जानकारी ली। ईडी की टीम अमीन भी अपने साथ ले गयी थी। अमीन की निगरानी में जमीन की मापी करवाई जा रही है।इस साल 13 अप्रैल को ईडी ने बड़गाईं अंचल के तत्कालीन उप राजस्व निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद के यहां छापेमारी की थी। तब उसके घर से अंचल के कई दस्तावेज बरामद किए गए थे। उसके मोबाइल से भी कई जमीनों की जानकारी मिली थी। इस छापामारी के बाद रांची डीसी के आदेश पर बड़गाईं अंचल के सीओ मनोज कुमार ने सदर थाना में एफआईआर दर्ज करवाई थी। ईडी ईसीआईआर दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

**सतर्कता** गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद जेलों में बढ़ी सुरक्षा

# धारदार चाभी भी हो रहा जमा, चार जेलों में विशेष सतर्कता

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** धनबाद जेल में कुख्यात गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद झारखंड के सभी जेलों की सुरक्षा बेहद कड़ी कर दी गई है। स्थिति यह है कि अब कोई जेलकर्मी अपनी बाइक की चाबी तक लेकर अंदर नहीं जा सकता है। वहीं झारखंड के वैसे जेल जिसमे डॉन अखिलेश सिंह और अमन साहू जैसे अपराधी बंद हैं, उनमें विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जेल आईजी के द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।जेल प्रशासन ने यह निर्देश दिया है कि जेल का सीसीटीवी कैमरा किसी भी हाल में बंद नहीं होना चाहिए। पूर्व में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जब जेल प्रशासन के द्वारा महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज डिलीट कर दिए गए थे। रांची जेल से जुड़े ऐसे मामले की



जांच ईडी भी कर रही है।जेल प्रशासन की तरफ से सभी जिलों की पुलिस को यह भी लिखा गया है कि वह किसी भी समय किसी भी जेल में औचक निरीक्षण जरूर करें।कुख्यात गैंगस्टर अमन सिंह की जेल में हुई हत्या के बाद रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार सहित राज्य के सभी केंद्रीय कारा और उप कारा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जेल में तैनात कर्मियों को भी किसी तरह का सामान अंदर ले जाने पर रोक लगा दी गई है। जेल कर्मियों को भी अपने लंच के अलावा कोई भी सामान अंदर लेकर जाने पर ब्रेक लगा दिया गया है। जेल कर्मियों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपनी बाइक और दूसरे वाहनों की चाभी तक गेट पर जमा करें। मोबाइल अगर किसी भी कर्मी का अंदर पाया गया तो उस पर कार्रवाई होगी। आदेश के बाद जेल गेट में प्रवेश करते ही सभी कर्मियों की तलाशी ली जा रही है। घर की चाभी से लेकर किसी तरह का सामान तलाशी के दौरान मिलता है तो उसे प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। सामान को गाड़ी या फिर अन्य जगह पर रखवाने के बाद ही कर्मियों को जेल के भीतर जाने की इजाजत दी जा रही है। जेल में बंद कैदियों का सामान भी तीन स्थानों पर चेक किया जा रहा है। कंबल, चादर, थैला आदि की गहनता से तलाशी लेने के बाद कैदियों को दिया जा रहा है। यह देखा जा रहा है कि झोले में कोई आपत्तिजनक सामान तो नहीं है। झारखंड के चार जेल बेहद सेंसेटिव माने जाते हैं। रांची, पलामू, हजारीबाग और जमशेदपुर जेल में कई बड़े गैंगस्टर और बड़े नक्सली नेता बंद हैं। जमशेदपुर में पूर्व में जेलर तक की हत्या की जा चुकी है। ऐसे में इन चार जेलों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। रांची जेल में कुख्यात अपराधी अमन श्रीवास्तव, विपिन शर्मा, पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप, माओवादी नेता प्रशांत बोस, जयनाथ साहु जैसे कुख्यात बंद है। पलामू जेल में कुख्यात अमन साहू बंद है।


